

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 25 नवंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –206 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00



भाजपा सांसद दुबे ने फिर किया महुआ मोइत्रा पर हमला, दाउद इब्राहिम से की तुलना — पृष्ठ 3

अभिमत
■ इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश — पृष्ठ 4

■ हमास-इज़राइल के बीच 4 दिवसीय युद्ध विराम से लागू
■ भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने युद्धविराम का किया स्वागत — पृष्ठ 9

कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन — पृष्ठ 10

### अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसे सत्य बयान के तौर पर नहीं मान सकते हैं। इसकी सच्चाई को परखने और जांचने का कोई साधन नहीं है। इसीलिए हमने सेबी को इस मामले की जांच करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्य के तौर पर सही मानने की जरूरत नहीं है। सेबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बेंच के सामने से पढ़ने से रोक दिया।

**कोर्ट की एक्सपर्ट कमिटी पहले ही दे चुकी है क्लीन चिट**

वहीं इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित एक्सपर्ट कमेटी को ग्रुप के खिलाफ जांच में कोई सबूत नहीं मिले थे। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अडानी ग्रुप द्वारा शेयर की कीमत में मैनिपुलेशन के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच कमेटी ने सेबी की 4 रिपोर्टस का हवाला दिया गया था।

■ याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा



अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है सेबी : **सुप्रीम कोर्ट**

**सेबी को निवेशकों के नुकसान को रोकने के कदम उठाने चाहिए**

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार और सेबी को भविष्य में निवेशकों के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य कारणों में से एक जिसके कारण हमें हस्तक्षेप करना पड़ा। वह शेयर बाजार की अत्यधिक अस्थिरता है जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मेहता से पूछा, अब, शॉर्ट सेलिंग के कारण इस तरह की अस्थिरता से बचाने के लिए सेबी क्या करना चाहती है, जिससे निवेशकों का नुकसान होता है। मेहता ने कहा कि शॉर्ट-सेलिंग से जुड़े मामलों में कानून के मुताबिक सेबी कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जहां भी हमें शॉर्ट सेलिंग दिखेगी, हम कार्रवाई करेंगे और हम कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी कड़ी टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा कि आप अदालत से बिना किसी सबूत के एसबीआई और एलआईसी की जांच का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं। क्या आपको इस तरह के निर्देश के प्रभाव का एहसास है। क्या यह कॉलेज में होने वाली कोई बहस है। पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

**याचिकाकर्ता ने सेबी पर भी उठाए सवाल**

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सेबी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पास 2014 से ही इस मामले की पूरी जानकारी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि खुफिया निदेशालय ने साल 2014 में ही सेबी के साथ पूरी जानकारी साझा की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए साक्ष्य कहां हैं? इस पर वकीलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

**अब तक कुल छह याचिका दायर**

मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले में मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी, आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी। एक और याचिका दायर की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने नई कमेटी बनाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि कमेटी में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाए, जिनकी छवि बेदाग हो और इस केस से कोई लेना-देना न हो। विशाल तिवारी ने सेबी की रिपोर्ट में देरी के कारण एक और याचिका दायर की थी।

# मुख्यमंत्री को अयोग्य घोषित करने विजय बघेल पहुंचे निर्वाचन आयोग

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने पाटन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 16 नवंबर को चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत कर निर्वाचन के अयोग्य घोषित करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस आशय का मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम एक स्मरण पत्र शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा गया है।



भाजपा सांसद, चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व पाटन विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, पूर्व मंत्री व बीजापुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा, मतदान समिति के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजेश पांडेय और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को स्मरण पत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा क्षेत्र पाटन, जहाँ से मुख्यमंत्री बघेल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, मतदान 17 नवंबर को निर्धारित था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 15 नवंबर से चुनाव प्रचार सभा, रैली इत्यादि के आयोजन पर रोक लग गयी थी। इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने दिनांक 16 नवंबर को एक रैली/रोड शो का आयोजन किया, जिसके छाया-चित्र तथा कई वीडियो उपलब्ध हैं। इन छाया-चित्रों तथा कई वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है तथा कई शासकीय कर्मचारी तथा पुलिस अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। कांग्रेस तथा भूपेश बघेल के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नारा लगाकर उद्घोष किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा मतदान की नियत तिथि के विहित शान्ति-काल में रैली का आयोजन कर धारा 126 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उल्लंघन किया गया है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत दो वर्षों के कारावास तथा अर्थदंड से दंडनीय अपराध है। भाजपा नेताओं ने पत्र सौंपकर मांग की कि पाटन से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 16 नवंबर को चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर निर्वाचन के अयोग्य घोषित करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

## सार संक्षेप

### बॉलीवुड फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार कोहली शुक्रवार सुबह नहाने केलिए बाथरूम गए थे, लेकिन बहुत देर तक वह बाहर नहीं निकले। इसके बाद उनके बेटे अरमान कोहली ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया और फिर पिता को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राजकुमार कोहली का जन्म वर्ष 193 में लाहौर में हुआ था। राजकुमार कोहली ने अपने सिने करियर की शुरुआत बतौर निर्माता वर्ष 1963 में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म सपनी से की।

### भारत-नेपाल के बीच सूर्य किरण सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** नेपाल के 334 सैन्यकर्मियों की एक टुकड़ी 17 वें संयुक्त सैन्यभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को भारत पहुंची। अभ्यास सात दिसंबर तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होगा। यह सैन्यभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है और दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली 354 सैन्य कर्मियों की भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व तारा दल बटालियन कर रही है।

### मुंबई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा-टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 1 लाख डॉलर दिए जाने की मांग की गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया। हवाई अड्डे के फीडबैक इनबॉक्स में गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें प्रेषक ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट को रोकने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 1 लाख डॉलर की मांग की।

# स्ट्रांग रुम के बाहर पहरेदारी कर रहे कांग्रेसी

### हर जिले में बना कंट्रोल रुम

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश की 90 विधानसभा के प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद है। 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव का परिणाम सामने आएगा। स्ट्रांग रूम के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तैनाती पर कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा, स्थानीय स्तर पर और प्रदेश स्तरीय समिति भी बनाई गई है। मतगणना को लेकर संगठनों को निर्देशित किया गया है। जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित की गई है।कांग्रेस मतगणना को लेकर तैयार करके बैठी है और कांग्रेस कार्यकर्ता उसकी निगरानी कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा, 33 जिला मुख्यालयों में कांग्रेस कार्यकर्ता ईवीएम की सुरक्षा कर रहे।ईवीएम की निगरानी के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया है। शिफ्ट में दो पदाधिकारी बने हुए पंडाल से ईवीएम की निगरानी कर रहे। पहरेदारी में लगे लोगों की मॉनिटरिंग के लिए तीन टीमों को जिम्मेदारी दी गई है।कंट्रोल रूम से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपडेट ले रहे।प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा स्ट्रांग रूम में किसी को जाने की अनुमति नहीं है।

नए चहरों वाले विधानसभा में वोटिंग प्रतिशत बढ़ने को लेकर धनंजय ठाकुर ने कहा, पूरे प्रदेश में वोटिंग प्रतिशत संतोषजनक है। सरकार के पांच साल के काम पर मतदाताओं का रुझान है। पिछली बार की तुलना में मतदान ज्यादा ही हुआ है।नए चहरों वाले विधानसभा में ज्यादा वोटिंग हुई है। वहां मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। दोनों उसका कारण है और कांग्रेस का घोषणा पत्र और सरकार के काम इसका मूल कारण है।

# मोदी की गारंटी' है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए : भूपेश

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महंगाई के मुद्दे पर कटाक्ष करते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है।श्री बघेल ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री तो पूरे देश का होता है, फिर वह राज्यों की जनता के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है? खैर, मोदी जी की गलत नीतियों के कारण देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं। यह तो उन्होंने स्वयं ही स्वीकार कर लिया है। भूपेश बघेल ने कहा, अगर मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए, जनता को केंद्र सरकार के प्रकोप से कुछ तो राहत मिलेगी।



■ महंगाई के मुद्दे पर भाजपा पर साधा निशाना

# राजस्थान में प्रत्याशियों की परीक्षा आज

**जयपुर**, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में राज्य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। वोटिंग के लिए विधानसभा क्षेत्रों में 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 10,501 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 26,393 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्ट की जाएगी।



- राज्य की 2 विस सीटों में 199 सीटों पर डाले जाएंगे वोट
- पांच करोड़ 26 लाख 9 हजार 146 मतदाता करेंगे मतदान
- 186 से अधिक उम्मीदवार आजमा रहे चुनावी भाग्य

**65 हजार से ज्यादा ईवीएम मशीनें**

प्रदेश में मतदान के लिए इस बार 65,277 ईवीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इन ईवीएम मशीनों के साथ 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें भी हैं। चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 41,224 वाहनों का अधिग्रहण भी किया है।

**अब तक डाले जा चुके हैं इतने वोट**

विधानसभा चुनाव में इस बार निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा भी दी थी। जिसके तहत 80 साल से अधिक आयु के मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देन की सुविधा दी गई थी। प्रदेश के 61021 मतदाताओं ने घर से वोट दिया है। जबकि 3,01,875 डाक मतपत्र से भी डाले गए हैं। 3 लाख 62 हजार 896 वोट पड़ चुके हैं।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 4 दिसम्बर तक जेल में ही रहेंगे। स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, संजय के वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि संजय की जमानत के लिए याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हो सकती है। इससे पहले संजय को 10 नवम्बर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ाई गई थी।

# उत्तरकाशी में कम नहीं हो रहीं बाधाएं

**उत्तरकाशी**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन के सामने फिर बाधा आ गई। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे मशीन से करीब 24 घंटे बाद फिर ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन फिर ऑगर के आगे सरिया व लोहे के पाइप आ गए हैं। सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों के बाहर निकलने का सभी को इंतजार है। काम लगातार जारी है, यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। एक छोटी सी बाधा ने इंतजार का समय और बढ़ाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि 800 एमएम व्यास के ह्यूम पाइप्स मजदूरों तक पहुंचने के बेहद करीब थे, लेकिन मलबे में मोटी सरिया के ऑगर मशीन कटर पर अटकने से पुर्जे ही टूट गए। ऐसे में अंदर टेक्निकल दिक्कतों को दूर करने के लिए रातों रात दिल्ली से हेली की मदद लेकर एक्सपर्ट बुलाने पड़े और एनडीआरएफ, एसडीआरडीएफ सहित टीएचडीसी के इंजीनियरों की भी मदद ली गई। गुरुवार को दोपहर में रेस्क्यू कार्य फिर शुरु हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि देर शाम या शुक्रवार तक सभी बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिलहाल सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कार्य को लेकर कोई खुशखबरी सामने अब तक नहीं आई है। हालांकि, अधिकारियों और विशेषज्ञों का दावा है कि फिर से छोटी बाधाएं नहीं आती आती है, तो मजदूरों की निकासी किसी भी पल संभव है।

**ऑगर मशीन के रास्ते में आया स्टील पाइप, काटकर बाहर निकाला**



इसी पल के इंतजार में सीएम पुष्कर सिंह धामी मातली में कैंप बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी बीते रोज से इसी क्षेत्र में जमे हैं। आखिरी वक्त पत्रकारों को जानकारी देते हुए रेस्क्यू नोडल अफसर व उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ नीरज खैरवाल ने बताया कि 45 मीटर तक ह्यूम पाइप पुश किए जाने के बाद बाधा उत्पन्न हो गई थी और रेस्क्यू निरंतर जारी है।

### देशभर में अगले हफ्ते तक बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर समेत 7 राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। बीते 5 दिनों में पहली बार गुरुवार को कश्मीर का पारा 0.9 डिग्री से ऊपर रहा। पहलगाम और अंनतनाग में माइनस 3.3 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा ठंड रिकार्ड की गई। आईएमडी ने अगले हफ्ते से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं गुलमार्ग में तापमान माइनस 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। बांदीपुरा, बारामूला, गांदरबल, कोकरनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा जैसे इलाकों में तापमान जीरो से 1.7 ड़िग्री के बीच रहा। स्काइमेट के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है। दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में रहेगा। आईएमडी साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से जम्मू-

# डीपफेक को लेकर केंद्र के तेवर सख्त

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। साफ कहा गया है कि इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को दो-टूक कहा कि शुक्रवार से इस संबंध में सरकार की नीति जीरो टालरेंस की रहेगी। इस मामले में मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे सात दिनों के भीतर उपयोग करने की अपनी शर्तों को आईटी नियमों के अनुसार बदल लें। साथ ही डीपफेक का गलत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की तैयारी भी कर ली गई है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार की तैयारी एक वेबसाइट बनाने की है। इसके माध्यम से लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराने में सहूलियत होगी। इसके अलावा सरकार लोगों को मामला दर्ज करने में सहयोग देने के लिए एक अधिकारी की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2022 से ही भारत सरकार गलत सूचना और डीपफेक के खतरे को लेकर सभी अलर्ट करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स मंत्रालय ने सभी प्लेटफॉर्म्स को इस महीने की शुरुआत में एक एडवाइजरी जारी किया था, जिसमें ऐसे कानूनी प्रावधानों को बताया गया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी प्लेटफॉर्म्स का गलत सूचना के प्रसार को रोकना कानूनी दायित्व है।

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सात दिन का समय
- प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद करेगा केंद्र

**आतंकवाद** | जम्मू-कश्मीर में सेना के वरिष्ठ अधिकारी का दावा

# आतंकी बन घुसपैठ कर रहे पाकिस्तान के रिटायर्ड फौजी

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में सेना को आतंकवाद का सफाया करने में अब फिर से कड़ी मेहनत करनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान ने अब अपने रिटायर्ड फौजियों को आतंकी बना प्रदेश में भेजना आरंभ किया है। सेना मानती है कि ऐसा होने से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग एक नए मोड़ पर पहुंच गई है।**

*सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र दिवेद्वी ने माना है कि प्रदेश में मारे गए कई विदेशी आतंकियों की पृष्ठभूमि की जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि वे पाक सेना में काम कर चुके हैं। उनका कहना था कि इसलिए ऐसे आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान उन्हें कड़ा मुकाबला सहन करने के अतिरिक्त अपने जवानों व अफसरों को खोना पड़ा है। द्विवेदी ने कहा कि ऐसा लगाता है कि राजौरी मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था और उनका मारा जाना राजौरी-पुंछ इलाके में 'आतंकवाद और उसके ईको-सिस्टम' के लिए एक बड़ा झटका है। सेना कमांडर शुक्रवार सुबह जम्मू में राजौरी के कालाकोट में शहीद हुए सेना के जवानों व अफसरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में सक्रिय सभी विदेशी आतंकियों को मार गिराएंगे। वे कहते थे कि आईएसआई पहले कई बार अपने फौजियों को भी इस ओर भेज चुकी है और अब उसने इस नए पैंतरे को चला कर कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अहम मोड़ पर ला खड़ा किया है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि हमने मुठभेड़ में अपने पांच बहादुर सैनिकों को खो दिया, लेकिन दो खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया है। हमारे जवानों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। वे दावा करते थे कि दो खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने से आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है। दोनों आतंकवादी ढांगरी, कंडी और राजौरी में निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे।*

# कलेक्टर व एसएसपी ने मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

## मतगणना एजेंटों की बैठक, सुरक्षा, मतगणना टेबल की व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

■ स्ट्रॉग रूम से मतगणना कक्ष तक कॉरिडोर में सीसीटीवी फूटेज के प्रसारण हेतु दिए निर्देश





**रायगढ़,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना हेतु गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज में विधान सभावार मतगणना कक्ष बनाया गया है। जिसका आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, रिटर्निंग ऑफिसर खरसिया रोहित सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने विधान सभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में बेहतर तरीके से तार की जालियां लगाने एवं बाहर से बेरिकेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने सभी विधान सभाओं के लिए स्ट्रॉन्ग रूम से मत गणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट हेतु आवश्यक बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम से निकलने वाला व्यक्ति गणना कक्ष में पहुंचते तक सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहें, इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में सीसीटीवी के डिस्प्ले लगाने संबंधी निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के आवाजाही को सहज बनाने सुरक्षा बलों के साथ विधान सभाओं के गणना कक्ष के अलग प्रवेश द्वार तथा अन्य विधान सभाओं के कॉरीडोर में बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने प्रवेश द्वार, चेकिंग पॉइंट्स के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर गोयल ने स्ट्रॉग रूम की आवाजाही का निरीक्षण करते स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से चर्चा करते हुए विधान सभा के रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने निरीक्षण पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मीडिया सेंटर स्थान की जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने बताया कि सभी अभ्यर्थी प्रत्येक मतगणना टेबल पर मतगणना एजेंट नियुक्त कर सकते हैं, इसके लिए दिनांक 29 नवम्बर 2023 शाम 05 बजे तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। केआईटी कॉलेज के बाहर मीडिया सेंटर के साथ उद्घोषक कक्ष बनाया जा रहा हैं, जहाँ पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया को मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर गोयल ने मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम मूवमेंट की सीसीटीवी अवलोकन हेतु राजनीतिक पार्टी के निर्वाचन अभिकर्ता से कलेक्टर श्री गोयल ने चर्चा भी किए।

# बिना मान्यता के राजधानी में संचालित स्कूल पर कार्रवाई

## शिक्षा विभाग ने लगाया एक-एक लाख का जुर्माना आदेश जारी



**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर में बगैर मान्यता के संचालित दो.दो स्कूल पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है चैतन्य टेक्नो स्कूल के संचालित दोनों ब्रांच पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है जिसपर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि बगैर मान्यता के स्कूल संचालन के लिए एक.एक लाख का जुर्माना लगाया गया है और तीन दिन का समय दिया गया है जुर्माना के साथ चैतन्य टेक्नो स्कूल को जवाब भी देना होगा अगर समय पर जुर्माना नहीं दिया तो तीन दिन के बाद प्रतिदिन 10.10 हजार रुपये का जुर्माना लगते जाएगा जानकारी के मुताबिक राजधानी सहित पांच अलग.अलग जिलों में ये स्कूल संचालित है यही नहीं राजधानी में नए सत्र से चैतन्य टेक्नो स्कूल खोलने की तैयारी है जबकि जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि इस नाम से किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं दी गई है चैतन्य टेक्नो स्कूल का फ़ीस की तो कक्षा चौथी में प्रवेश लेने वाले छात्र से ट्यूशन फ़ीस के नाम से 55 हज़ार रुपए लिया जाता है वहीं एक सेमेस्टर ;6 माह के लिए पुस्तक मटेरियल 6555 रुपए में दिया जाता है यूनिफार्म का रेट साइज़ के अनुसार लिया जाता है वहीं कक्षा 6 की बात करें तो 60 हजार रुपए ट्यूशन फ़ीस और एक सेमेस्टर की पुस्तक के लिए 6545 रुपए चार्ज किया जाता है कक्षा नौवीं में 75 हजार ट्यूशन फ़ीस लिया जा रहा है वहीं बुक मटेरियल के नाम पर 7910 रुपया एक सेमेस्टर के लिए लिया जा रहा है इस तरह एक साल में पुस्तक का ही लगभग 16ए000 रुपए लिया जा रहा है इसके साथ ही ऑनलाइन क्लासेस के लिए रजिस्ट्रेशन फ़ीस छह हज़ार रुपया है ।

# सार-संक्षेप

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन सवार को ठोकर मारा

**तखतपुर** 24 नवंबर (देशबन्धु)। दूपहिया वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन सवार को ठोकर मार दिया। जिसमें चालक घायल हो गए रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेला निवासी शिवराम धुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्स 7510 में बिलासपुर से वापस घर बरेला आ रहा था और जब मक्कड़ प्यूल्स के पास पहुंचा तो सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 28 एन 8203 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## चरित्र पर शंका पत्नि के साथ गाली गलौज व मारपीट

**तखतपुर** 24 नवंबर (देशबन्धु)। चरित्र शंका करते हुए पति ने पत्नि के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगीपुर निवासी प्रार्थीयां श्रीमती देवी बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसका पति बल्दाऊ आए दिन शराब पीकर पत्नि की चरित्र पर शंका करते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करता था। 23 नवम्बर को सुबह वह फिर से शराब पीकर आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**रायगढ़,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। परिवार नियोजन में पुरूष की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी तरीको व उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और सुनिश्चित पुरूष परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण मोबालाइजेशन एवं द्वितीय चरण सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जायेगा। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के महिला पुरूष कार्यकर्ता के द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। बिना चीरा, टाँका के आपरेशन किया जाता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है। पुरूष नसबंदी के पष्चात हितग्राही के खाते मे प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपये दिये जाते है एवं प्रेरक को 300 रूपये दिये जाते है पुरूष नसबंदी सरल, सुरक्षित आसान विधि है। इसलिए योग्य इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव कर लाभ उठाये।

## मतगणना हेतु प्रशिक्षण 25 एवं 26 नवम्बर को

**रायगढ़,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज मतगणना हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलेट की गणना हेतु नियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 25 नवम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। इसी प्रकार ईवीएम से मतगणना हेतु सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 26 नवम्बर को दो पालियों में शास.नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से प्रारंभ होगी।

# नौनिहालों से फीता कटवाकर कराया बाल मेले का उद्घाटन

**शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला में बाल मेले का आयोजन**

**छात्राओं ने स्वयं अपने हाथ से बनाकर लगाए पकवानों के स्टॉल**



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिले का उत्कृष्ट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला में छात्राओं ने बाल मेले का आयोजन किया जिसमें उन्होंने स्वयं अपने हाथों से विभिन्न व्यंजन तैयार कर स्टॉल लगाए जिसे लोगों ने खूब सराहा। छात्राओं ने छोले भटूरे, समोसा, आलू गुंडा, भेल मिक्सर एवं ब्रेड पकौड़ा जैसे पकवान बनाकर लोगों का दिल जीत लिया।

अक्सर होता यह है कि स्कूलों एवं विभिन्न संस्थाओं में आयोजित होने वाले बाल मेले का उद्घाटन संस्था प्रमुख या विशिष्ट जन फीता काटकर करते हैं परंतु गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के तहसील सकोला में स्थित उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला में लीक से हटकर विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव ने विद्यालय में आयोजित बाल मेले का उद्घाटन परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के हाथ से फीता काटकर बाल मेले का उद्घाटन कराया। प्राचार्य द्वारा प्रारंभ की गई इस नई परंपरा से नौनिहाल भी बड़े प्रसन्नचित दिखाई दिए और उनका उत्साह दुगना हो गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा आयोजित बाल मेले में छात्राओं ने स्वयं अपने हाथ से विभिन्न व्यंजन तैयार किया और उन व्यंजनों का स्टॉल लगाया। छात्राओं ने जो व्यंजन तैयार किए थे उसमें प्रमुख छोले भटूरे आलू गुंडा समोसा ब्रेड पकौड़ा भेल मिक्सर चना भजिया एवं कुछ छात्राओं ने बिही, गन्ना इत्यादि का स्टॉल लगाया जिसे मेले में आने वाले लोगों ने खूब सराहा। बाल मेले में उमड़ी भीड़ के कारण छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

बाल मेले के आयोजन को देखते हुए छात्राओं ने पूरे विद्यालय परिसर को बैलून एवं झालरों से सजाया था। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा सरस्वती पूजन करके किया गया तत्पश्चात नौलिहलो ने फीता काटकर बाल मेले का उद्घाटन किया। बाल मेले के प्रबंधन में शाला नायक सुधा प्रजापति उप शाला नायक आंचल प्रधान, आंचल पेंद्रो सहित विद्यालय की अन्य छात्राओं ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला मिडिल स्कूल सकोला प्राथमिक विद्यालय सकोला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं संस्था प्रमुख जिसमें प्राचार्य अक्षय नामदेव, अंजना खलखो राखी राय रीता सोलंकी प्रीति केसरी खुशबू बघेल पुष्पा रात्रे, प्रियंका साहू, खेमराज सिंह, निशा पांडे वंदना सिंह राणा जय श्री सिंह दीपाली श्रीवास श्रीमती नामदेव संतोषी देवी कमला देवी शीतल प्रसाद कौशिक संकुल समन्वयक मोहन कुशराम राजकुमार यादव चंद्रकांत उइके रूपेश गुप्ता गोवर्धन यादव गुरु चरण रत्नाकर लोकेंद्र जायसवाल जागेश्वर ओट्टी, अभिषेक पैकरा, हरिहर प्रजापति राजकुमार साहू सहित अन्य ने उपस्थित रहकर छात्राओं का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

## बॉलीवुड सिंगर ऋतु गुप्ता पहुंची बाल मेले में

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला में 24 नवंबर को आयोजित छात्रों द्वारा आयोजित बाल मेले में बॉलीवुड सिंगर ऋतु गुप्ता ने पहुंचकर बाल में लेकर आनंद लिया एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि ऋतु गुप्ता ग्राम सकोला कोटमी की ही रहने वाली है तथा वे इस विद्यालय की पूर्व छात्रा रही है। वर्तमान में मुंबई बॉलीवुड में सिंगर के रूप में अपनी पहचान बना रही ऋतु गुप्ता कुछ दिनों के लिए अपने गांव आई है और जब उन्हें यह जानकारी मिली कि उसके पूर्व विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया है तब वह वहां आने से अपने को रोक नहीं सकी। ऋतु गुप्ता ने बाल मेले आयोजन की प्रशंसा करते हुए अपने विद्यालय जीवन के पुराने दिनों को याद किया तथा अपने पूर्व शिक्षक शिक्षिकाओं से मुलाकात भी की।

### *मेला जीवन में उत्साह भरता है*

बाल मेले के आयोजन के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य अक्षर नामदेव ने बताया कि 14 नवंबर बाल दिवस को दीपावली अवकाश रहने के कारण विद्यालय में बाल मेले का आयोजन नहीं किया जा सका था इसलिए छात्राओं की मांग पर 24 नवंबर को बाल मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के तनाव से बचाने के लिए विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं जो उनके लिए जरूरी है खासकर बाल मेले से बच्चों में उत्साह का संचार होता है तथा नई-नई ऊर्जा के साथ छात्राएं पढ़ाई के लिए तैयार होती हैं।

# धान तस्करी रोकने प्रशासन सख्त



**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा से होने वाले धान के अवैध परिवहन को रोकने अब प्रशासन और सख्त हो गया है. गुरुवार को राजस्व विभाग ने 3 तो पुलिस ने 2 पिकअप समेत अवैध परिवहन में लगे 5 गाड़ियों को 300 बोरा धान के साथ जब्त किया है. एसडीएम अर्पिता पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी परिवहन के दौरान किसी भी पिकअप में चालक ने लोड धान से संबधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाया है।

एसडीएम ने कार्रवाई में भेदभाव के आरोपों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि गड़बड़ी रोकने की जिम्मेदारी सभी की है. छोटे हो या बड़े कारोबारी, जो भी अवैध कारोबार करते पकड़े जाएंगे उन पर कार्रवाई होगी, जो आगे भी जारी रहेगी. एसडीएम ने उन किसानों से भी ओड़िशा के धान नहीं खरीदी करने की अपील की है जो मात्रा की भरपाई के लिए बिचौलियो को बढ़ावा दे रहे हैं।

**15 चेक पोस्ट के 120 कर्मियों को शो काज नोटिस थमाया**

दो दिन पहले एसडीएम पाठक ने ओडिशा सीमा पर लगे सभी 15 चेक पोस्ट का निरीक्षण किया था. ड्यूटी और टाइमिंग तय कर सभी पोस्ट में 8-8 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी.लेकिन इनमें एक भी कर्मी दो दिन पहले तक ड्यूटी करते नहीं दिखे थे. सभी को शो कॉज नोटिस जारी करने के बाद टीम ड्यूटी में नजर आए. उपस्थिति प्रमाणित करने एसडीएम ने उपस्थिति की फोटो अपने बनाए प्रशासनिक ग्रुप में शेयर करने कहा है।

**तस्करी रोकने पुलिस की एंट्री**

बुधवार से धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए अभियान में पुलिस की भी एंट्री हो गई है. 13 चेक पोस्ट में 24 घंटे की तैनाती करने एक एक पुलिस के जवान लगाए गए हैं. इतना ही नही क्राइम ब्रांच की टीम भी अब सीमाओं पर हो रही आवाजाही पर नजर रखी हुई है.

**सरेंडर कराया गया रकबा**

एसडीएम को धौराकोट में निरीक्षण के दरम्यान किसान लोकपाल का टोकन परीक्षण कराया. जांच पाया गया कि किसान के पट्टे में कूल धारित रकबा 1.22 हेक्टेयर का जिक्र है. ऑपरेटर ने गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी का मात्रा जारी किया था. पर पटवारी जांच में फसल उत्पादन का रकबा .25 हेक्टेयर कम पाया गया. अतरिक्त रकबे को सरेंडर कराया गया. एसडीएम पाठक ने कहा कि आगे अब इसी तरह रकबे की जांच के लिए निर्देश दिया गया है. अतरिक्त रकबे को सरेंडर कराने का काम तेजी से किया जाएगा।

**खरीदी का दायरा बढ़ाया, इसलिए मांग बढ़ गई**

शासन ने इस वर्ष धान खरीदी रकबे का दायरा बढ़ा दिया है. प्रति एकड़ 20 चिंटल कर दिया है. जबकि औसत उत्पादन 10 से 12 चिंटल है. ज्यादातर इलाका अल्प वर्षा से प्रभावित है. वहां की उत्पादन 7 चिंटल से भी कम है. हालांकि प्रभावित इलाके में अब तक किसानों ने धान बेचना शुरू नहीं किया है. लेकिन बिचौलिए से खरीदी कर धान डंप कराना शुरू कर दिया है. एसडीएम ने टीम बना कर डंप धान पर भी जल्द कार्रवाई करने की बात कही है।

# आनलाइन गेमिंग के चक्कर में परिवार टूट रहे



**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। आनलाइन गेमिंग के चक्कर में परिवार टूटने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हिंसा, प्रताड़ना विवाद आदि से युवतियों और महिलाओं को बचाने के लिए बनाए गए सखी सेंटर में अब इस तरह की शिकायतें भी पहुंचने लगी हैं। यहां एक डाक्टर का मामला आया है।उनकी पत्नी पति की आनलाइन गेमिंग की आदत से तंग आकर मायके चली गई। डाक्टर इसमें लगभग चार लाख रुपये गंवा चुके हैं। डाक्टर चाहते हैं कि पत्नी घर लौट आए वहीं पत्नी ने सखी सेंटर में स्पष्ट कह दिया है कि पति जब तक आनलाइन गेमिंग की लत नहीं छोड़ेंगे वे घर नहीं लौटेंगी। इस तरह के कई और मामले सखी सेंटर में पहुंचे हुए हैं।

**हर माह 60 से 70 केस आते हैं सामने:** सखी सेंटर की काउंसर प्रीति पांडेय ने बताया कि सबसे ज्यादा मामला घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, संपत्ति विवाद, धोखाधड़ी, छेड़छाड़, प्रेम.प्रसंग, नशे की हालत जैसे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर माह 60 से 70 केस सामने आते हैं। अभी 16 जुलाई, 2015 से 30 सितंबरए 2023 तक कुल 25 समस्याओं में 6,923 केस आए हैं। इनमें 6,143 मामलों का समाधान हुआ है और 780 केस लंबित हैं। उन्होंने बताया कि हमारा पूरा प्रयास रहता है कि हर मामला शांति से निपटे। इस दिशा में भी सफल भी हो रहे हैं। सेंटर में रायपुर के अलावा अन्य शहर हो गांव से भी मामले आते हैं।

**बहू करती थी फोन से किसी और से बात:** गुढ़ियारी क्षेत्र में बहू ने खुद गलती करके मिट्टी तेल छिड़कर आत्महत्या की कोशिश की। मामला इस तरह है कि बहू किसी और से फोन पर बात करती थी। इससे उसका पति घर में किसी से बात नहीं करता था। तब उसकी मां को लगा कि बेटे को अचानक क्या हो गया है। उसके बाद मां ने अपनी बहू को समझाने की कोशिश की लेकिन बहू नहीं मानी। उल्टा बहू परिवार के सदस्यों को धमकी देते हुए मिट्टी तेल डालकर खुद को जलाने का प्रयास किया जिससे परिवार के सभी सदस्य डर गए। इसके बाद सखी सेंटर में मां और बेटा ने संपर्क किया। तुरंत सखी सेंटर के काउंसलरों ने सभी को समझाया। काउंसिलिंग तीन बार हुई है। जहां बहू मान गई।

**खाना नहीं बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद:** भाठागांव इलाके में एक अजीब केस सामने आया है। पत्नी के खाना न बनाने का विवाद इतना बढ़ा कि वह सखी सेंटर तक पहुंच गया। खाना बनाने से नाराज पत्नी ने अपने मायके चली गई। पति ने अपनी पत्नी को बार.बार समझायाए लेकिन वह नहीं मानी। अंत में पति ने अपनी मां के साथ सखी सेंटर का दरवाजा खटकाया। फिर चार बार भी काउंसिलिंग में नाराज पत्नी ससुराल जाने के लिए तैयार हुई।

**एक फोन में सहायता:** सखी सेंटर से मदद के लिए 181 या 0771.4061215 पर केवल एक काल करना पड़ता है। जरूरत के हिसाब से पुलिस और दूसरी एजेंसियों की मदद लेकर पीड़िता की मदद के लिए टीम पहुंचती है। इसके अलावा रेस्क्यू भी किया जाता है।

# आयुष्मान कार्ड की आड़ में बड़ा खेल का आरोप



**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा के रायपुर रोड पर स्थित गतिमान अस्पताल में शासन.प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर आयुष्मान कार्ड के जरिए लूट.खसोट का प्यापार चलने का आरोप लगा है एक मरीज के परिजन ने आरोप लगाया है कि आयुष्मान कार्ड से लंबी राशि निकालने के लिए अस्पताल प्रशासन मामूली बीमारी के उपचार के लिए भी मरीजों को आईसीयू में भर्ती करने के नाम पर कुछ देर के लिए आईसीयू रूम में ले जाकर मरीज के शरीर में तमाम उपकरण लगाकर फेटो खींचा जाता है और फिर उसे जनरल वार्ड में ले जाकर इलाज का दिखावा किया जाता है वहीं अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया है कि जो मरीज आरोप लगा रहा है उसका इलाज हमने आयुष्मान कार्ड से किया ही नहीं है आरोप ये भी है कि अस्पताल प्रशासन मरीज को भर्ती करने से पहले आयुष्मान कार्ड सहित अन्य तमाम औपचारिक दस्तावेज ले लेता है उसके बाद मरीज का भारी.भरकम इलाज दिखाकर मनचाही राशि निकाल लेते है वहीं जब इलाज न होने पर मरीज के परिजन अस्पताल प्रशासन से सवाल करते हैं तो कोई जवाब नहीं दिया जाता प्रबंधन का पक्ष लिया तो अस्पताल के मालिक ने रसूख दिखाते हुए कहा जो करना है कर लीजिए हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा हमने उक्त मरीज का इलाज आयुष्मान कार्ड से किया ही नहीं है मामले की शिकायत सीएमचओ से की गई है जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै घनश्याम शुक्ला पिता स्व. श्री डी.डी. शुक्ला निवासी हंसा विहार बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि अपने पुत्र के पुराने नाम SHRESHTH शुक्ला को त्याग कर नया नाम SHRESHTHA शुक्ला रख लिया है। अत: आज से उसे समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसे उसके नये नाम SHRESHTHA शुक्ला पिता घनश्याम शुक्ला से ही जाना पहचाना जावे।

**घनश्याम शुक्ला**
**हंसा विहार,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच

'राज्यपाल की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल पंजाब के राज्यपाल, बल्कि सभी राज्यपालों के लिए कड़ी फटकार है।' 'तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को फैसले की हर पंक्ति पढ़नी चाहिए और अगर उन्हें यह जरूरी लगता है, तो फैसले को समझने के लिए एक सक्षम वरिष्ठ वकील को बुलाना चाहिए:-
**पी.चिदंबरम, वरिष्ठ नेता कांग्रेस**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.7 | `9.3 |
| मुंबई | 35.6 | 21.6 |
| कोलकाता | 28.5 | 18.2 |
| चेन्नई | 29.3 | 22.2 |

# राजस्थान में आज 199 सीटों पर मतदान

**जयपुर,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को विधानसभा आम चुनाव में प्रदेश की कुल दो सौ विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान होगा। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित हो गया। 199 सीटों पर हो रहे चुनाव में करीब डेढ सौ सीटों पर सत्तारुढ़ एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं जबकि चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय एवं कुछ स्थानों पर चतुष्कोणीय मुकाबला माना जा रहा है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोधपुर की सरदारपुरा सीट पर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ जिले की झालरापाटन, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी राजसमंद की नाथद्वारा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट टोंक, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ चुरु जिले की तारानगर, उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां जयपुर की आमेर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर फिर से अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इनके अलावा सत्तारुढ कांग्रेस के कई मंत्री एवं विधायक फिर चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

इस चुनाव में इस बार दल बदल कर भी एक दूसरे दल से चुनाव लड़ रहे है ,उनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया कांग्रेस छोड़कर फिर भाजपा प्रत्याशी के रुप में श्री डोटासरा के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह नागौर से पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा कांग्रेस छोड़कर भाजपा उम्मीदवार के रुप में नागौर से ही चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस



विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भी भाजपा में शामिल होकर बाड़ी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाह कांग्रेस का दामन थाम कर फिर चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह किशनगढ़ से भाजपा के बागी हुए विकास चौधरी कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह अन्य कई उम्मीदवार है जो एक दूसरे की पार्टी में चुनाव लड़ रहे।

जिन 199 सीटें पर शनिवार को मतदान होना हैं उनमें सादुलशहर, गंगानगर, सूरतगढ़, रायिसंहनगर (अजा) , अनूपगढ (अजा) , संगरिया, हनुमानगढ, पीलीबंगा (अजा), नोहर, भादरा, खाजूवाला (अजा) , बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व, कोलायत, लूणकरणसर, डूंगरगढ, नोखा, सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर, चुरु, रतनगढ़, सुजानगढ़ (अजा), पिलानी (अजा), सूजरजगढ, झुंझुनूं, ,मंडावा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, धोद (अजा), सीकर, दांतारामगढ, खण्डेला, श्रीमाधोपुर, कोटपुतली, विराटनगर, शाहपुरा, चौमू, फुलेरा, दूदू, झोंटवाड़ा, आमेर , जमवारामगढ़ (अजजा), हवामहल, विद्याधरनगर, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्शनगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरु (अजा) , बस्सी (अजजा) , चाकसू (अजा) तिजारा, किशनगढबास, मुण्डावर, बहरोड़ , बानसूर, थानागाजी, अलवर ग्रामीण (अजा) अलवर शहर, रामगढ़, राजगढ़ लक्ष्मणगढ, एवं कठूमर (अजा) शामिल हैं।

इसी तरह कामां, नगर, डीग-कुम्हेर, भरतपुर, नदबई, वैर, (अजा) बयाना, (अजा) बसेड़ी (अजा), बाडी, धौलपुर, राजाखेड़ा, टोडाभीम (अजजा) हिण्डौन (अजा) करौली, सपोटरा (अजजा) बांदीकुई, महुवा, सिकराय (अजा) दौसा, लालसोट (अजजा) गंगापुर, बामनवास (अजजा) , सवाईमाधोपुर, खण्डार (अजा) मालपुरा, निवाई (अजा) , टोंक, देवली उनियारा, किशनगढ़, पुष्कर, अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, नसीराबाद, ब्यावर, मसूदा, केकड़ी, लाडनूं, डीडवाना, जायल (अजा) नागौर, खींवसर, मेड़ता (अजा) डेगाना, मकराना, परबतसर, नावां, जैतारण, सोजत (अजा), पाली, मारवाड़ जक्शन, बाली, सुमेरपुर, फलौदीख् लोहावट, शेरगढ़, ओंसिया, भोपालगढ़ (अजा) सरदारपुरा, जोधपुर, सूरसागर, लूणी, बिलाड़ा (अजा) जैसलमेर, पोकरण, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदरा, सिवाना, गुढ़ामालानाी, चौहटन (अजा) आहोर, जालोर (अजा) भीनमाल, सांचौर, एवं रानीवाड़ा शामिल है।

## गहलोत ने की पायलट की वोट अपील साझा, कहा, 'सब ठीक है'




**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान के लिए एक दिन शेष रहने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सचिन पायलट की वोट की अपील साझा की और कहा कि पार्टी में सब ठीक है। 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार शाम को थम गया। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पायलट का वीडियो पोस्ट किया, जहां पूर्व राज्य इकाई प्रमुख राज्य में मतदाताओं से कांग्रेस को चुनने और हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकारों की परंपरा को बदलने का आग्रह कर रहे हैं और राज्य के कार्यों पर भी प्रकाश डाल रहे हैं। पायलट की वीडियो अपील में गहलोत और पायलट के साथ पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी नजर आ रहे हैं। विधानसभा चुनावों से पहले, गहलोत और पायलट ने एकजुट चेहरा पेश किया है और रेगिस्तानी राज्य में संयुक्त रूप से एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित किया है। वीडियो में पायलट ने यह भी कहा कि उन्होंने सैकड़ों सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया है और अभी भी कई क्षेत्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। पायलट ने अपील की, 'इस प्रकार वीडियो के माध्यम से मैं राज्य के अपने सभी लोगों से कांग्रेस को वोट देने और राजस्थान में वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा को बदलने की अपील कर रहा हूं।'

## अजमेर की आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी

**अजमेर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 के लिए 25 नवम्बर को होने जा रहे मतदान के लिए आज अजमेर की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी की गई। अजमेर जिला एकीकृत के तहत आठों विधानसभा क्षेत्र के लिए अजमेर के नसीराबाद रोड के माखुपुरा स्थित राजकीय पोलोटैक्निक महाविद्यालय से मतदान दलों को जिलानिर्वाचन अधिकारी डा. भारती दीक्षित के निर्देशन में रवाना किया गया। अजमेर एकीकृत के किशनगंढ़, ब्यावर, मसूदा, केकड़ी के दलों को पहले राऊंड में तथा पुष्कर, नसीराबाद , अजमेर उत्तर व अजमेर दक्षिण के मतदान दलों को अन्तिम प्रशिक्षण के बाद रवाना किया गया ।

## राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र शेरगांव के लिए मतदान दल रवाना

जयपुर। राजस्थान में शनिवार को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में सिरोही जिले में आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शेरगांव में स्थित प्रदेश का सबसे ऊंचा मतदान केन्द्र के लिए सबसे पहले मतदान दल को रवाना किया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान दल राज्य की सबसे ऊंची चोटी गुरुशिखर से करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर शेरगांव स्थित इस मतदान केन्द्र पर पहुंचेगा। निर्वाचन विभाग की और से पहली बार शेरगांव में मतदान केन्द्र बनाया गया हैं जहां पर केवल 118 मतदाता है जो पहली बार अपने गांव में मतदान कर सकेंगे। इससे पहले ये मतदाता दस किलोमीटर पैदल चलकर उतरज में मतदान करने जाते थे। आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 210 मतदान केंद्र बनाये गये हैं जहां दो लाख 27 हजार 856 मतदाता अपने मतों का उपयोग कर सकेंगे।

## सार संक्षेप

### लालू यादव एकदम अशुभ है इंडी गठबंधन के लिए: सम्राट चौधरी

पटना। कोई कहीं चले जाए उसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लालू यादव ने जिस तरह कल बोला कि पीएम अशुभ है। ठीक उसी तरह लालू यादव एकदम अशुभ है इंडी गठबंधन के लिए। जब तक मोदी जी हैं तब तक उनके लिए राजनीतिक तौर पर काल के रूप में खड़े रहेंगे। यह बातें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कही है। दरअसल, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमों लालू यादव वर्तमान में दिल्ली में मौजूद हैं। वहीं, इन दोनों नेताओं के एक साथ दिल्ली में होने को लेकर कई तरह के राजनीतिक समीकरण तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में जब इसको लेकर आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि - जब तक मोदी जी हैं तब तक उनके लिए राजनीतिक तौर पर काल के रूप में खड़े रहेंगे। दोनों कहीं रहे उससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लालू इंडी गठबंधन के लिए अशुभ है। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जसवाल ने कहा कि- लालू - नीतीश ने इतना घोटाला किया है की इनकी तबीयत तो खराब होनी है। ये लोग खुद मान कर चलते हैं कि जब हमसे कोई सवाल पूछेगा तो तबीयत तो खराब होगी ही न। जबकि हकीकत तो ये हैं की नीतीश कुमार को नाइलाज बीमारी हुआ है। उनको जिस तरह से भूलने की बीमारी और रात में जो सपना देखते हैं उसको दिन में कहने की बीमारी हुई है उसको कोई इलाज अब कहीं नहीं है।

### मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला शख्स केरल से पकड़ा गया

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की साइबर सेल ने शुक्रवार को केरल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, जिसने कथित तौर पर मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी दी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुरुवार को, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) को एक गुमनाम ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें बिटकॉइन में 1 मिलियन डॉलर की राशि का भुगतान नहीं करने पर '48 घंटों के भीतर टर्मिनल 2 को उड़ाने' की धमकी दी गई थी। अल्टीमेटम के बाद, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने सहार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जो कार्रवाई में जुट गई। आईडी कैदकैसरोल@जीमेल डॉट कॉम से और फीडबैक इनबॉक्स में ईमेल सुबह 11 बजे के आसपास प्राप्त हुआ, जिसमें लिखा था। 'विषय विस्फोट। यह आपके हवाई अड्डे के लिए अंतिम चेतावनी है। यदि बिटकॉइन में दस लाख डॉलर पते पर स्थानांतरित नहीं किए गए तो हम 48 घंटों के भीतर टर्मिनल 2 को विस्फोट से उड़ा देंगे। एक और अलर्ट 24 घंटे बाद आएगा।

## भाजपा सांसद दुबे ने फिर किया महुआ मोइत्रा पर हमला, दाउद इब्राहिम से की तुलना



**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा का बचाव किया था। तो आज भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार करते हुए महुआ की तुलना अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम से कर दी। दुबे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि दाउद भी उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ से चुनाव लडता है तो 99 फीसदी संभावना है कि वह जीत जाएगा। तब अगर ममता बनर्जी की थ्योरी सही है तो इसका मतलब यह है कि दाउद इब्राहिम गद्दार नहीं है। दुबे ने आरोप लगाया कि टीएमसी सांसद ने सिर्फ दर्शन हीरानंदानी को ही अपना लॉगिन पासवर्ड नही दिया था। बल्कि इसे कई स्थानों दिल्ली, बेंगलुरू, सैनफ्रासिस्को से भी लॉगिन किया गया था। यह एक बडी साजिश है। इतना ही नहीं उन्होंनें महुआ द्वारा पूर्व में देवी काली को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों को लेकर भी ममता को आडे हाथों लिया। भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहाकि जिस कांग्रेस पार्टी ने साल 2005 में राजाराम पाल को पैसा लेकर प्रश्न पूछने के आरोप में संसद से बर्खास्त किया था। 2009 में उसी को टिकट थमाकर लोकसभा चुनाव भी लडवाती है।यह इंडिया गठबंधन का इतिहास है कि उन्हें दाउद इब्राहिम जैसे भ्रष्ट, देशद्रोही व्यक्ति पसंद हैं। बतादें कि कल ममता बनर्जी ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अपनी सांसद का बचाव करते हुए कहा था कि भाजपा महुआ को संसद से बाहर निकालने की योजना बना रही है।

## केसीआर सरकार अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी है : प्रियंका गांधी

वारंगल (तेलंगाना), 24 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना में केसीआर सरकार अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार, जिसे लोगों ने 10 साल पहले नए राज्य में बहुत उम्मीदों के साथ चुना था, ने लोगों को धोखा दिया है। प्रियंका गांधी कांग्रेस के चुनाव अभियान के तहत वारंगल जिले के पालकुर्थी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं।



> 'इस सरकार ने हर स्तर पर आपके साथ अन्याय किया है। इसकी एक्सपायरी डेट बीत चुकी है, राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है:-प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव कांग्रेस

उन्होंने कहा, 'इस सरकार ने हर स्तर पर आपके साथ अन्याय किया है। इसकी एक्सपायरी डेट बीत चुकी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है। प्रियंका गांधी ने लोगों से उस सरकार को हटाने का आग्रह किया जो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार जनता से किए वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों ने जनता के हजारों करोड़ रुपए लूट लिए। उन्होंने कहा कि जब नया राज्य बना तो युवाओं को नौकरी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने धोखा दिया। उन्होंने कहा, युवाओं ने नौकरी पाने के लिए परीक्षाओं में कड़ी मेहनत की लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने से उनका भविष्य बर्बाद हो गया और उनमें से कई ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो तेलंगाना में युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी जैसा कि उसने राजस्थान में किया है। तेलंगाना देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर वाले राज्यों में से एक है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नौकरी कैलेंडर जारी करेगी, जिसमें परीक्षाओं की तारीखें, परिणाम और नौकरी नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमारा दृष्टिकोण तेलंगाना के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करना है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस छात्रों को उनकी शिक्षा के लिए 5 लाख रुपए देगी। हर जिले में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला एक स्कूल स्थापित किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस द्वारा दी गई छह गारंटी के बारे में भी लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं महंगाई से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं।

कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद उन्हें प्रति माह 2,500 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी, जबकि रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक में मेरी बहनों की तरह, आप सभी आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे।'

## आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट और मजबूत है : खड़गे

**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट और मजबूत है। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के रजौरी इलाके में आतंकवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले दो कैप्टन और सेना के तीन जवानों सहित पांच सैन्य कर्मियों की शहादत से बेहद दुखी हूं।' उन्होंने कहा, 'आतंकवादियों से लड़ने में अदम्य साहस और वीरता दिखाने के लिए कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, लांस नायक संजय बिष्ट और पैराट्रूपर सचिन लौर को सलाम। दुख की इस घड़ी में, उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। कांग्रेस नेता, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने कहा, 'भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट और मजबूत है।'



उनकी यह टिप्पणी बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बाजीमल इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन में दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों के शहीद होने के बाद आई है। बुधवार और गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए।

## मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा जल्दबाजी में वोट न डालें, सोच समझकर वोट करें

**मंचेरियल,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को मंचेरियल में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस से बहुत सावधान रहें। कांग्रेस ने एक नया तरीका शुरू किया है। कांग्रेस उम्मीदवार कहते हैं कि मुझे जीतने दें, मैं बीआरएस में शामिल होऊंगा। आप इस पर विश्वास नहीं करें। अगर आपने कांग्रेस को वोट दिया तो दस साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। बीआरएस उम्मीदवार दिवाकर राव सौम्य हैं, वह एक अच्छे इंसान हैं, आप उन्हें वोट देकर भारी मतों से जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि अगर दिवाकर राव जीतते हैं तो यह आपके लिए हर तरह से अच्छा होगा। अगर सभी इलाकों तक पानी नहीं पहुंचता है तो उसे रोकने के लिए गोदावरी पर बैरियर बनाया जाना चाहिए। मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि आप दिवाकर राव को जिताएं, मैं इस कार्य को पूरा करूंगा। कल राज्य



की बेहतरी किसके हाथों में होगी यह आपका वोट तय करेगा।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आप जल्दबाजी में वोट न डालें, सोच समझकर वोट करें। आपका वोट लोकतंत्र में लोगों के पास एकमात्र अनमोल और मूल्यवान हथियार है। यदि आप उस वोट का सही उपयोग करते हैं तो तेलंगाना का भविष्य अगले पांच वर्षों तक अच्छा होगा। यहां जो भी विधायक जीतेगा, हैदराबाद में उसी की सरकार बनेगी।अगर अच्छा विधायक जीतेगा तो अच्छी सरकार आएगी। आपको यहां खड़े उम्मीदवारों के बारे में जरूर सोचना चाहिए। यह महत्वपूर्ण बात यह है कि उम्मीदवारों के पीछे कौन सी पार्टी है। आपको उन पार्टियों का इतिहास भी देखना चाहिए, आपको पार्टियों के आचरण, इतिहास और जनता के प्रति रवैये पर भी विचार करना चाहिए।

बीआरएस पार्टी तो आप सभी जानते हैं। बीआरएस का जन्म आपकी आंखों के सामने तेलंगाना के अधिकारों के लिए हुआ है। हमने पंद्रह वर्षों तक कड़ा संघर्ष किया और अंतत: तेलंगाना राज्य हासिल किया। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी है जिसने तेलंगाना को नष्ट कर दिया। हमारा तेलंगाना हमारे लिए था। 1956 में उनकी गलती का खामियाजा हमें 58 साल तक भुगतना पड़ा। यहां गोदावरी मौजूद है लेकिन उसका पानी कभी हमारे खेतों तक नहीं पहुंचा। यहाँ तक कि गोदावरी के जलग्रहण क्षेत्र में भी उचित ताज़ा पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद अफसरों की बढ़ेगी मुसीबत

**भोपाल,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुके हैं और मतगणना होने से पहले कई नौकरशाहों पर गंभीर आरोप लगने लगे हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद इन अफसरों को सबक सिखाए जाने तक की बयानबाजी हो रही है। दरअसल, राज्य में मतदान के दौरान कई स्थानों पर गड़बड़ी की शिकायतें आई और उसमें प्रशासनिक अधिकारियों पर भी पक्षपात करने के आरोप लगे। सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से खुलकर आरोप लगाए गए। इतना ही नहीं दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव आयोग में शिकायत की।

राज्य में लगभग एक दर्जन ऐसे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हैं, जिनके खिलाफ दोनों राजनीतिक दलों की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं और शिकायतें की गई है। कांग्रेस ने तो अपने कार्यकर्ताओं से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सूची मंगाई है, जिन्होंने चुनाव के दौरान सत्ताधारी दल का कथित साथ दिया है। भाजपा की ओर से भी ऐसे अफसरों को सबक सिखाए जाने की बात की जा रही है, जिन्होंने मतदान के दौरान मनमानी की है। जानकारों का कहना है कि दोनों ही राजनीतिक दल यह मानकर चल रहे हैं कि चुनाव नतीजे काफी कशमकश भरे रहने वाले हैं। इन स्थितियों में प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव बनाने का एक ही तरीका है और वह है उन पर पक्षपात के आरोप लगाना। इसी के चलते दोनों ही राजनीतिक दल दबाव बनाने और बढ़ाने के लिए नौकरशाहों पर आरोप लगा रहे हैं। हां, यह बात भी सही है कि कुछ अफसरों ने मनमानी तो की ही है।

संबोधित | *तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई*

## सोशल मीडिया के दौर में अपडेटेड उपकरणों और उन्नत तकनीक की आवश्यकता: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया के दौर में नागरिकों तक सर्विसेज पहुंचाने के लिए अपडेटेड उपकरणों और उन्नत तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह बात कही।**

राष्ट्रपति ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में जब लोग अपनी शिकायतें तुरंत पोस्ट कर सकते हैं, लोगों तक सेवाओं की आपूर्ति के लिए अपडेटेड शासन संबंधी उपकरणों और उन्नत तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं पर तत्काल प्रतिक्रिया देना सिविल सेवकों का कर्तव्य है। राष्ट्रपति के मुताबिक युवा अधिकारियों को ऐसे नवोन्वेषी कदम उठाने चाहिए



> सोशल मीडिया के दौर में जब लोग अपनी शिकायतें तुरंत पोस्ट कर सकते हैं, लोगों तक सेवाओं की आपूर्ति के लिए अपडेटेड शासन संबंधी उपकरणों और उन्नत तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई है:-द्रौपदी मुर्मू , राष्ट्रपति

जो लघु एवं दीर्घावधि में नागरिकों और देश के लिए लाभदायक हों।

शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित हिपा में 98वें विशेष फाउंडेशन कोर्स में भाग ले रहे प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने उनसे यह बातें कहीं। इस अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सिविल सेवकों ने देश के बहुमुखी विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। वे देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आज देश जिस परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, वह हमारे सिविल सेवकों के दृढ़ संकल्प के बिना संभव नहीं हो सकता था। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करना सिविल सेवकों का कर्तव्य है। भारत के नागरिक देश की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार हैं। उन्होंने उनसे विभिन्न कार्यक्रमों के उद्देश्यों को हासिल करने हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि काल और परिस्थिति के अनुसार सुशासन के मायने बदल जाते हैं। नवीनतम तकनीकों के आगमन के साथ, नागरिकों को त्वरित एवं कुशल सेवा आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने हेतु इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस, स्मार्ट गवर्नेंस, प्रभावी गवर्नेंस तथा अन्य शब्दावली उभरे हैं।

# अभिमत

*भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे।*

## इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश



लेखा रत्तनानी

**नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रेमिलर पार्क में किया गया था।**

पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के बाक निन्ह प्रांत में अंतरराष्ट्रीय मैत्री पार्क में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वियतनाम ने टैगोर के साथ अपने संबंधों को संजोया है और 1929 में हो ची मिन्ह शहर की उनकी तीन दिवसीय यात्रा को कई मायनों में पुनर्जीवित किया है जिसमें उनकी 'गीतांजलि' का अनुवाद शामिल है जिसे वियतनामी में 'लोई डांग' कहा जाता है। वियतनामी सरकार ने टैगोर के सम्मान में 80 के दशक में एक स्मारक डाक टिकट भी निकाला है। यूनेस्को ने सितंबर में शांति निकेतन में टैगोर द्वारा स्थापित आध्यात्मिक केंद्र और इसके भीतर विश्व भारती विश्वविद्यालय को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में विश्व भारती विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिकाओं पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है लेकिन संस्थापक और पहले एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का कोई उल्लेख नहीं है।

जब सवाल उठे तो विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पट्टिकाएं अस्थायी हैं जिन्हें बदल दिया जाएगा। यह ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब विश्व भारती एक और विवाद में फंसा है क्योंकि यह शांति निकेतन से नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि अमर्त्य सेन का घर विश्वविद्यालय से संबंधित भूमि पर बनाया गया है। पीठ ने कहा, 'रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण/सीमांकन से यह पाया गया है कि आपने विश्व भारती की 13 डिसिमिल जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है।' एक डिसिमिल मतलब 435.6 वर्ग फुट। नोटिस मिलने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने स्पष्ट किया कि उनके पिता आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वविद्यालय से 125 डिसिमिल जमीन लीज़ पर ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमर्त्य सेन को भाजपा की नीतियों की आलोचना करने की वजह से परेशान किया जा रहा है। ऐसा हो या न हो, लेकिन इस विवाद ने मई में टैगोर की 162वीं जयंती के समारोह और शांति निकेतन के उत्सव, इसकी ऐतिहासिक इमारतों, परिदृश्यों, उद्यानों, मंडपों, शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने की गरिमा को कम कर दिया है। कच्छ के हड़प्पाकालीन शहर धोलावीरा के बाद यह 41वां भारतीय स्थल है जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की चूक को आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह विवाद अपने आप में लोगों, आवाजों, विचारों, विचारधाराओं और दृष्टिकोणों की आलोचना करने, अवहेलना करने या अनदेखा करने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जो 'उनके सांचे' में फिट नहीं होते हैं। थोड़ा इतिहास गायब है, एक संस्थापक का नाम एक स्मारक स्तंभ या पट्टिका पर छोड़ दिया गया है, पाठ्य पुस्तकों से नाम और युग छूट गए हैं। इस साल की शुरुआत में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा-12 के इतिहास के पाठ्यक्रम से मुगल काल से संबंधित कुछ हिस्सों को हटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। इस कदम की काफी आलोचना हुई थी और जवाब में एनसीईआरटी ने कहा था कि 'पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने' के लिए ऐसा किया तथा 'अतिव्यापी' और 'अप्रासंगिक' हिस्सों को हटा दिया गया।

हालांकि इनमें से कुछ उदाहरणों को जल्दबाजी या निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है उनमें से ज्यादातर 'जान-बूझकर' चयनात्मक भूलने की बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। खास तौर पर जब लोगों, विचारों और तर्कों की बात आती है जो वर्तमान सोच और मानसिकता के साथ फिट नहीं होते हैं। यह विशेष रूप से गुरुदेव टैगोर और महात्मा गांधी के साथ लगता है जिनके विचार और जीवन जीने का तरीका आज की धारणाओं के विपरीत है। विश्व भारती टैगोर की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व भारती की स्थापना दिसंबर 1921 में की गई थी और 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और संस्थान घोषित किया गया। यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र है जो उस समय प्रचलित ब्रिटिश औपनिवेशिक शैक्षिक प्रणाली से अलग और उससे असहमत था। इसके बजाय विश्व भारती पूरे क्षेत्र के प्राचीन, मध्ययुगीन और लोक परंपराओं को चित्रित करते हुए एक एशियाई आधुनिकता को अधिक स्पष्ट देखता था।

भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर बाद में साहित्य सृजन करने के लिए यहां बस गए।

आज टैगोर और गांधी की दृष्टि तथा जीवन शैली एवं वर्तमान दृष्टिकोण के बीच की दूरी बढ़ रही है। हालांकि उनके नाम पर उत्साह के साथ किए गए प्रयास और कार्य जारी हैं लेकिन उस ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा भारत के बाहर है। उदाहरण के लिए, 1920 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद द्वारा पेश किए गए 'गांधीवादी अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम: सिद्धांत और अनुप्रयोग' पढ़ाने वाले प्रोफेसरों ने पाया है कि पाठ्यक्रम ने यूरोप, उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और एशिया के देशों के छात्रों को आकर्षित किया है। इसी तरह ब्रुकिंग्स, एस डकोटा स्थित सत्याग्रह संस्थान द्वारा मेक्सिको और नाइजीरिया, घाना, गाम्बिया, सेनेगल जैसे अफ्रीकी देशों में आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या उल्लेखनीय है। कई प्रतिभागी ऐसे थे जिनके देशों में आन्तरिक संघर्ष और गृह युद्ध जैसे हालात हैं और वे अपने स्वयं के समाजों में बढ़ती हिंसा के बारे में एक आम चिंता साझा करते थे और महसूस करते थे कि इस समस्या को सुलझाना उनका कर्तव्य है। इनमें से अधिकांश लोग पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण से गहराई से प्रभावित हुए और अधिकतर लोग अब गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं या अपने स्वयं के संगठन स्थापित कर चुके हैं। वे गांधीवादी परंपरा के अनुरूप रचनात्मक कार्य, अन्याय का प्रतिरोध और सभी प्रकार की हिंसा के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

यहां भारत के नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए, टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रेमिलर पार्क में किया गया था। उत्साह और जोश से भरी भीड़, जिनमें ज्यादातर प्रवासी थे, वैदिक मंत्र, टैगोर की संगीत रचनाओं का पाठ कर रहे थे। ये लोग उम्मीद जगाते हैं कि टैगोर की स्मृति और वे जिस चीज के लिए खड़े थे, वह ऐसे समय में जीवित रहेगी जब सीमाओं को मजबूत किया जा रहा है और बड़े संघर्ष चल रहे हैं। टैगोर और गांधी को पट्टिकाओं पर वापस लाने और इन दोनों को हमारे जीवन में वापस लाने का यह एक अच्छा समय हो सकता है।

*(लेखिका दी बिलियन प्रेस की मैनेजिंग एडिटर हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

## बीता सप्ताह

**18 नवंबर**
- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया गया।
- जम्मू-कश्मीर कुलगाम में आतंकी और सेना के बीच हुए मुठभेड़ में 9 आतंकी मारे गए।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान मिधिली को लेकर बंगाल ओडिशा सहित आठ राज्यों को अलर्ट जारी किया गया।
- केरल के एर्नाकुलम में ईसाई प्रार्थना सभा में हुए ब्लास्ट में मृतकों की संख्या छः हो गई।

**19 नवंबर**
- लोकसभा में बहस के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक।
- मोहम्मद मुइडजू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- फिलीपींस ने रूसी सीमा पर 4 क्रासिंग प्वाइंट बंद किए।
- डीफेक मामले में प्रधानमंत्री की चिंता के बाद सरकार ने सोशल मीडिया को चेताया।

**20 नवंबर**
- गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना।
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुए।
- पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई में पश्चिमी कबायली जिले में 4 आतंकी मारे गए।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप का दूसरा परीक्षण विफल हो गया।

**21 नवंबर**
- एक याचिका की सुनावई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंग ठीक नहीं।
- चुनाव आयोग ने चुनाव वाले राज्यों में 1760 करोड़ की शराब व नकदी जब्त की गई।
- गोवा में देश का 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया।

**22 नवंबर**
- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त की।
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है इसके साथ मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।

**23 नवंबर**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीशचंद्र मुर्मू का वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालकू में 6.6 तीव्रता का भूकम्प आया।
- इजरायल ने चार दिवसीय युद्ध विराम पर सहमति दी।
- टीडीपी की पूर्व नेता एवं अभिनेत्री दिव्यवांगी कांग्रेस में शामिल हुईं।

**24 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीबी का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री पर एक विवादित बयान के मामले में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस दिया।
- जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना और आतंकी के बीच हुए मुठभेड़ में पांच सैनिक शहीद हुए एवं दो आतंकी मारे गए।
- रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रही अभिनेत्री पोलिना मेक्सिख की यूक्रेन हमले में मौत हो गई।

## म्यांमार सैन्य शासकों के खिलाफ लड़ाई तेज होने से चीन और भारत पर असर

■ गिरीश लिंगन्ना

जब शनिवार को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़भाड़ वाले संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थलों पर इजरायली हवाई हमले में 80 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, तो दुनिया असमंजस में दिख रही थी, क्योंकि वह अपने दक्षिण आक्रामक विस्तार की तैयारी कर रहा था, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों हजारों नागरिक शरणार्थियों के लिए भय पैदा हो गया।

हालांकि, यह दुनिया के ध्यान से बच गया, जब पिछले सप्ताह पड़ोसी म्यांमार के चीन राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गांव वुइलू में एक सैन्य जेट द्वारा एक स्कूल के बहुत करीब बमबारी में 11 लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से आठ बच्चे थे- सभी की उम्र सात से 11 साल के बीच थी। इसी तरह दुनिया का ध्यान इस साल अक्टूबर की शुरुआत में चीनी सीमा के पास उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य में लाईज़ा शहर के पास आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बच्चों सहित कम से कम 29 नागरिक एक सैन्य हमले में मारे गए थे, तब भी नहीं गया था।

म्यांमार, 540 लाख लोगों का एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो वर्तमान में कई सशस्त्र जातीय और लोकतंत्र समर्थक गुटों के साथ एक गृह युद्ध में उलझा हुआ है, जो सैन्य शासन से लड़ रहा है, और जिसने 2021 में अचानक तख्तापलट में एक निर्वाचित सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। मिजोरम में ज़ोखथार के सामने भारत की सीमा के करीब, सैन्य शासकों के खिलाफ लगातार प्रतिरोध हो रहा है, जिसे पिछले तीन हफ्तों में देश भर में विपक्षी ताकतों के हमलों में कई झटके लगे हैं। जवाबी कार्रवाई के लिए वह इस पर बहुत अधिक भरोसा वायु शक्ति पर कर रहा है, जबकि जातीय चीन राज्य के विद्रोहियों ने हाल ही में सीमावर्ती शहर रिखावदार पर कब्जा कर लिया है।

**म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना।**

शान राज्य में तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन की जबरदस्त सफलता ने म्यांमार के आसपास अन्य विपक्षी ताकतों को प्रोत्साहित किया है। म्यांमार के सैन्य शासन ने तख्तापलट विरोधी ताकतों द्वारा 'भारी हमलों' का सामना करने की बात स्वीकार की है, जिन्होंने पिछले महीने के अंत में एक समन्वित आक्रमण शुरू किया था, जिसमें कई सीमावर्ती कस्बों और दर्जनों सेना चौकियों पर नियंत्रण करने का दावा किया गया था। सेना ने देश की अधिकांश भारतीय सीमा पर भी नियंत्रण खो दिया है।

सरकार ने स्वीकार किया है कि उसके सैनिकों को पूर्व में काया राज्य, पश्चिम में राखीन राज्य और विशेष रूप से उत्तर में शान राज्य में सशस्त्र विद्रोही बलों से भारी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों ने गिराने के लिए 'सैकड़ों ड्रोन' तैनात किये हैं और सैन्य चौकियों पर बम मार रहे हैं। म्यांमार के सैन्य समर्थित राष्ट्रपति विनम्यिंट ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार शान राज्य में संघर्ष पर लगाम नहीं कस सकती तो देश को टूटने का वास्तविक और प्रबल खतरा है।

फिर से, इजराइल-हमास संघर्ष के समान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जहां हाल की लड़ाई से करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और कम से कम 75 नागरिक मारे गये हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। गुटेरस ने सभी पक्षों से गैर-लड़ाकों और नागरिकों की रक्षा करने और मानवीय सहायता को प्रवेश की अनुमति देने की अपील की है।

म्यांमार तब से अराजकता और हिंसा में डूब गया है, जब सेना, जिसे तातमाडॉ के नाम से जाना जाता है, ने 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट किया और नागरिक नेता आंग सान सूकी और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली।

तख्तापलट ने सेना और नागरिक सरकार के बीच एक दशक से चले आ रहे सत्ता संघर्ष के चरमोत्कर्ष को चिह्नित किया, जो 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गये संविधान के तहत सत्ता साझा कर रही थी। इस संविधान ने सेना को एक चौथाई संसदीय सीटें, तथा प्रमुख मंत्रालयों पर नियंत्रण प्रदान किया है। संवैधानिक संशोधनों पर सेना ने वीटो लगा दिया और सू की को उनके विदेशी पारिवारिक संबंधों के कारण राष्ट्रपति बनने से रोक दिया।

सैन्य जुंटा ने तख्तापलट को सही ठहराने के लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके दावों का खंडन किया, जिन्होंने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तख्तापलट की निंदा की, सेना पर प्रतिबंध लगाये और चीन और रूस जैसे प्रमुख सहयोगियों से संकट को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

तख्तापलट के जवाब में, म्यांमार के लोगों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह की और मांग की उनकी चुनी हुई सरकार की वापसी और उनके मानवाधिकारों का सम्मान किया जाये। जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं और सिविल सेवकों सहित समाज के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और शांतिपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया। हालांकि, सेना ने क्रूर बल के साथ जवाब दिया, अशांति को तीव्र कुचला और मानवाधिकारों का उल्लंघन किया।

सैन्य जुंटा ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए घातक और गैर-घातक बल का इस्तेमाल किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गई। बच्चों, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों और राजनेताओं सहित हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। सेना ने जातीय सशस्त्र संगठनों को भी निशाना बनाया, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया। क्रूरता के बावजूद, प्रतिरोध आंदोलन जारी है। अपदस्थ सांसदों और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) नामक एक समानांतर सरकार बनाई है। जुंटा को उखाड़ फेंकने और संघीय लोकतंत्र स्थापित करने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं, और उन्होंने सेना के दमन का मुकाबला करने के लिए एक गुरिल्ला सेना, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना की है। एनयूजीम्यांमार के लोगों की सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहता है।

जहां एक ओर म्यांमार उथल-पुथल का अनुभव कर रहा है, रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक, मुख्य रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। मुख्य रूप से राखीन राज्य में रहने वाले रोहिंग्याओं को भेदभाव, नागरिकता से इनकार और उनके बुनियादी अधिकारों पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है। हिंसा और सैन्य कार्रवाई ने कई रोहिंग्याओं को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर किया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या बांग्लादेश और भारत में सुरक्षा की तलाश में है – मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल में।

चीन म्यांमार के मुख्य सहयोगियों में से एक है। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि चीन की मंशा म्यांमार में उसके आर्थिक और रणनीतिक हितों में निहित है, जिसमें संसाधनों तक पहुंच, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और प्रमुख व्यापार मार्गों पर नियंत्रण शामिल है। तख्तापलट के लिए चीन के समर्थन ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जो उसके रुख को सेना के दमन को सक्षम करने वाला मानते हैं।

पिछले सप्ताह भारत को म्यांमार की सेना की अप्रत्याशित सहायता मिली जब उसने अपने 46 सैनिकों को मिजोरम में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। सैनिक चीन राज्य में लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों से बचने की कोशिश कर रहे थे जिन्होंने मिजोरम सीमा से परे उनके शिविरों पर कब्ज़ा कर लिया था। यह, शायद, पहली बार था कि भारत ने अपनी धरती पर लड़ाई से भाग रहे किसी अन्य देश की सेना के सैनिकों को बचाया है, जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में सैन्य शासन के साथ सहयोग करने की नई दिल्ली की बढ़ती इच्छा को दर्शाता है।

म्यांमार के पड़ोसी के रूप में, भारत ने संकट और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। भारत के पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में शरणार्थियों की आमद ने स्थानीय संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डाला है, जिससे मानवीय सहायता की आवश्यकता हुई है। म्यांमार तख्तापलट का कड़वा प्रभाव भारत में महसूस किया गया है क्योंकि फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 40,000 से अधिक चीन राज्य के शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना और उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुरक्षित करना है। इन मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करके ही, म्यांमार और क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण और स्थिर भविष्य की आशा की जा सकती है।

## पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य

■ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं?

इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?

जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में खुद शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो 'उनकी' खुशी और 'हमारी' खुशी में अंतर करते हैं। 'उनका' त्यौहार हम क्यों मनाएं और 'हमारे' त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।

**त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।**

यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीज़ें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।

यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें – त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।

मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।

ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।

इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हर्ज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।

इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?

इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है। हम अपने धर्म, अपनी परम्पराओं को छोड़कर दूसरों के धर्म, उनकी परम्पराओं पर प्रतिकूल, बल्कि कटु टिप्पणियां करने में खुशी का अनुभव करने लगे हैं। 'वे' ऐसा क्यों करते हैं? आप अपनी बात नहीं करेंगे, नहीं करने देंगे, लेकिन दूसरों की बात बहुत बढ़-चढ़कर करेंगे। यह प्रवृति निंदनीय और घातक है। इससे बचा जाना चाहिए।

*(वरिष्ठ लेखक और स्तंभकार हैं।)*

CMYK

देशबन्धु
# संस्कारधानी
5 बिलासपुर

शनिवार 25 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है?
पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला
जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला-
जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं
रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था

## किसानों को नई सरकार बनने का इंतजार

# धान खरीदी केंद्रों में पसरा सन्नाटा, धान बेचने धान खरीदी केंद्रों में नहीं पहुंच रहे किसान

### घोषणापत्र में कांग्रेस-बीजेपी ने किए हैं अलग-अलग वादे

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। जिले की 6 विधानसभा सीटों पर चुनाव के नतीजे का बेसब्री से इंतजार अगर राजनीतिक पार्टियां कर रही हैं, तो किसानों की उत्सुकता भी कम नहीं है। यही वजह है कि किसानों ने धान बेचना कम कर दिया है। 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के आज तक के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल धान खरीदी पिछड़ी हुई है।

खमतराई और बहतराई के धान खरीदी केंद्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। शुक्रवार को सुबह सरकंडा के धान खरीदी केंद्र पर मंगला के एकमात्र किसान राजकुमार पटेल मिले। उन्होंने भी यही कहा कि धान खरीदी की धीमी गति के पीछे राजनीतिक पार्टियों की घोषणा है, जिसके कारण किसान नई सरकार बनने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बारिश में देरी से धान कटाई में देरी की वजह भी बताई है।

दूसरी तरफ सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने को राजनीतिक पार्टी के नेता अपनी पार्टी की जीत के लिए शुभ संकेत के रूप में देख रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का कहना है कि भाजपा ने किसानों के लिए लाभदायक योजना की घोषणा की है, जो प्रदेश को खुशहाली और तरक्की की ओर ले जाएगी। किसान इसीलिए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि नई सरकार आए और वह अपना धान सोसायटी तक लेकर जाएं। यह स्पष्ट रूप से संकेत है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है।

### धान खरीदी बंद, क्योंकि कांग्रेस सरकार का इंतजार-कांग्रेस

वहीं शहर कांग्रेस का कहना है कि धान खरीदी केंद्रों में खरीदी बंद हो चुकी है। ऐसा 2018 के चुनाव में भी हुआ था। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तखतपुर की चुनावी सभा में 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदी की घोषणा की थी।

उस दौरान किसानों ने इस पर भरोसा किया और नई सरकार आने तक धान बेचना बंद कर दिया। कांग्रेस ने इस बार 3200 रुपए क्विंटल की दर निर्धारित करते प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की है। यही वजह है कि सोसायटी में खरीदी बंद है।





### लक्ष्य बढ़ा, खरीदी घटी

जिले में धान खरीदी के नोडल अधिकारी आशीष दुबे का कहना है कि पिछले वर्ष आज की अवधि में जिले के 140 धान खरीदी केंद्रों में 25,475 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी थी। इस बार यह आंकड़ा 22,766 मीट्रिक टन तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश भर में 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया। इस वर्ष इसे बढ़ाकर 125 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है।

### नए रेट पर संशय

धान खरीदी की धीमी गति की दो वजहें हैं। पहली ये कि इस बार सावन में बारिश नहीं हुई। भादो में बारिश हुई, इसलिए बारिश के भरोसे खेती करने वालों के गरहुन धान लेट हो गए। वहीं दूसरी वजह राजनीतिक पार्टियों द्वारा धान खरीदी की दरों को लेकर की गई घोषणा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान 2800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की बात कही थी, लेकिन बाद में 3200 रुपए प्रति क्विंटल की घोषणा कर दी।

भाजपा ने अपनी सरकार बनने पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर किसानों को पिछले 2 वर्षों का बकाया बोनस एकमुश्त भुगतान करने का एलान किया है।

वहीं धान खरीदी का 3100 रुपए क्विंटल का पूरा पैसा एक साथ देने की घोषणा की है, इसलिए इन घोषणाओं के सफल होने का इंतजार किसान बेसब्री से कर रहे हैं, पर यह तय नहीं है कि नई दरें कब से प्रभावशील होंगी। केवल भाजपा ने बकाया बोनस 25 दिसंबर को देने की बात कही है।

# स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया




### महाप्रबंधक सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में आज भगवान बिरसा मुंडा जयंती, तृतीय जनजातीय गौरव दिवस-2023 एवं संविधान दिवस मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हेंल श्रद्धांजलि देने के लिए देश भर में 15 नवंबर 2023 को जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया था। यह दिन बहादुर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को भी समर्पित है, ताकि भावी पीढ़ियां स्वतंत्रता आंदोलन में उनके बलिदान के बारे में जान सकें। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देश भर में जनजातीय अनुसंधान संस्थानों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, उत्कृष्टता केंद्रों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य जनजातीय कल्याण विभागों और अन्य भागीदार संगठनों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए।

26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है।

इसी कड़ी में आज मुख्यालय में महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन में पराधीनता के विरुद्ध आहूत की गई, लड़ाइयो के बारे में भी सभी को जानकारी दी गई। एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही साथ महाप्रबंधक ने सविधान दिवस की प्रस्तावना को पढ़ा जिसे सभी उपस्थित विभागाध्यक्ष सहित समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संविधान दिवस की प्रस्तावना को आत्मसात किया।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्ष सहित समस्त विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल में मंडल रेल प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी सहित सभी कर्मचारियो द्वारा प्रस्तावना का पाठ किया गया।

## सार-संक्षेप



### श्री सत्य सांई बाबा जी की 98 वीं जन्मदिन उत्साह के साथ अनुवाईयों ने मनाया

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। तोरवा धानमंडी स्थित सत्य सांई बाबा मंदिर परिसर में श्री सत्य साई बाबा जी की 98 वीं जन्मदिन उनके 500 अनुवाइयों की उपस्थिति में उद्योगपति श्री एस एन स्वामी की मुख्य आतिथ्य में बहुत ही गर्मजोशी से मनाया गया ,इस अवसर पर इनके हाथों से केक भी काटा गया।

इसके पूर्व तोरवा, खमतराई हेमू नगर के बाल विकास के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें छत्तीसगढी सुवा नृत्य और देवी भजन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों ने खूब तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया।

श्री सत्य सांई बाबा जी की 98 वीं जन्मदिन पर विशेष तौर पर रेलवे अधिकारी श्री ए वी एस नेहरू, शिक्षाविद डा. अरूण पटनायक, जोनल हेड श्री रामाराव, श्री बी के राजू, डिस्ट्रिक प्रेसिडेंट श्री बलराम देवांगन, , कन्वेयर श्रीमती हेमलता, वरिष्ठ पत्रकार श्री अमित मिश्रा, ईआईसीएस ग्रुप आफ कपनीस श्रीमती दीपमाला, श्रीमती विजया लक्ष्मी, सेवा प्रभारी श्रीमती यशोदा, श्रीमती पदमा, श्रीमती जया , श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती चटर्जी, श्रीमती जीतपुरे,श्रीमती अंशिका, श्रीमती शर्मिला मिश्रा, हाईकोर्ट पैनल लायर श्रीमती अक्षरा अमित, श्रीमती अंशिका, श्रीमती माधवी, श्रीमती कल्याण, एम आरपी राव, , पुर्व पार्षद श्री नरेश नायडू, और बाल विकास के विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में सांई श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

### रद्द की गई गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस अब परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर- बालाघाट होकर चलेगी

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु मंडल के चंदिया रोड स्टेशन में तीसरीकरण लाइन कमीशनिंग हेतु प्री एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरुप दिनांक 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2023 तक गाड़ी संख्या 15231/15232 गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को रद्द किए जाने की सूचना प्रसारित की गई थी।




यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इस गाड़ी को उपरोक्त अवधि में रिस्टोर करते हुये इसका परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर चलने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त अवधि में ये गाड़ी कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

# दूसरी पत्नी ने पहली पत्नी की कर दी पिटाई,जुर्म दर्ज

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम भिलौनी में रहने वाला युवक दूसरी युवती को पत्नी बनाकर घर ले आया। इससे नाराज पहली पत्नी मायके चली गई। मायके से लौटकर आने पर दूसरी युवती ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट से घायल महिला ने घटना की शिकायत पचपेड़ी थाने में की है।

इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम भिलौनी में रहने वाली सुषमा ने बताया कि 2019 में उसकी शादी हुई। उनके दो बच्चे हैं। 15 दिन पहले उसके पति सुरेश तुरकाने दूसरी युवती को पत्नी बनाकर घर ले आया। सुषमा ने इसका विरोध किया। विवाद के बाद वह अपने मायके रायपुर जिले के सिलयारी चली गई।

पति के माफी मांगने और बार-बार बुलाने पर महिला अपने बच्चों को लेकर घर आई। उसे देखते ही दूसरी युवती गालियां देने लगी। इसका विरोध करने पर युवती ने महिला की पिटाई कर दी। मारपीट के बीच महिला की मां सुकवंतीन ने बीच-बचाव किया तो उनकी भी पिटाई कर दी।

मारपीट से महिला की डेढ़ साल की बेटी के सिर में चोट आई है। घायल महिला ने घटना की शिकायत पचपेड़ी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## दो और पोषण पुनर्वास केंद्र खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजने दिए निर्देश

### ननकी बाई का तत्काल बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज फिर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर मिल रहे इलाज एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों के साथ संवेदनशील एवं मानवतापूर्ण बरताव करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को सभी ब्लॉकों में शिविर के माध्यम से दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी करने कहा। कलेक्टर ने अस्थिरोग विभाग के ओपीडी में मस्तूरी ब्लॉक के सोनलोहर्सी से आई दिव्यांग ननकी बाई का दिव्यांग प्रमाण पत्र तत्काल बनवाकर प्रदान किया। अस्पताल की साफ-सफाई एवं उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। सिविल सर्जन कार्यालय में मेडिकल बोर्ड संचालन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के संबंध में भी जानकारी ली। कुपोषित बच्चों को कार्ययोजना बनाकर योजना का लाभ दिलाने कहा। कलेक्टर ने मस्तुरी एवं रतनपुर में भी पोषण पुनर्वास केंद्र खोलने के संबंध में जल्द प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। अस्पताल परिसर में 100 बिस्तर युक्त मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी सघन निरीक्षण किया। अस्पताल में मिल रहे भोजन एवं इलाज के बारे में मरीजों से पूछताछ की। कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध दवाईयों एवं उसके वितरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता मौजूद थे।

# जानलेवा तक साबित हो सकता है सेप्सिस

### डॉ श्रीवास ने बताया इसके लक्षण, कारण और बचाव के तरीके

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। सेप्सिस ये शब्द आपने भी कई बार सुना होगा, आखिर क्या होता हैं सेप्सिस? जो कई बार जानलेवा तक साबित हो सकता है। यही वजह है कि इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी हैं। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन एवम अपोलो हॉस्पिटल्स बिलापुर के संयुक्त तत्वधान मैं आज अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर के ऑडिटोरियम मैं आईसीयू एवम वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए सेप्सिस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉक्टर विजय ने बताया सेप्सिस के बारे में जनसामान्य को जागरूक करना इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्यूंकि अस्पताल से छुट्टी होने के पश्चात परिजनों को ही मरीज की देखभाल करना होता ऐसी स्तिथि में जानकारी न होने पर संक्रमण होने के ज्यादा चांसेस होते हैं। इसके अलावा इन दिनों लोग आए दिन कई तरह की बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। तेजी से बदलती लाइफस्टाइल और कामकाज के बढ़ते बोझ की वजह से लोग अक्सर कई समस्याओं की चपेट में आ जाते हैं। सेप्सिस इन्हीं में से एक है, जो एक गंभीर जानलेवा बीमारी है।



उन्होंने उपलब्ध वैक्सीनेशन पर भी काफी जोर दिया।

अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर की चीफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ एकता अग्रवाल ने हैंड हाइजीन के बारे में बताया और सेप्सिस के रोकधाम में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अपोलो हॉस्पिटल्स के यूनिट हेड अरनब एस राहा ने बताया कि केवल जागरूकता ही एक ऐसा हथियार हैं जिससे इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता हैं। उन्होंने विशेष रूप से लोगों को समय समय पर हेल्थ चेकअप कराने की सलाह दी।

### क्या है सेप्सिस?

आईएससीसीएम बिलासपुर चेप्टर के अध्यक्ष एवम् अपोलो हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर विजय श्रीवास ने सेप्सिस को एक जानलेवा मेडिकल इमरजेंसी बताया। सामान्य भाषा में जब शरीर के किसी एक जगह पर हुआ इन्फेक्शन फैल कर शरीर के दूसरे अंगो को प्रभावित करने लगता हैं या शरीर में जल्दी-जल्दी इन्फेक्शन होने लगता है तब यह बीमारी विकसित होती है। इसमें शरीर में मौजूद इन्फेक्शन प्रतिरक्षा प्रणाली को काफी ज्यादा सक्रिय कर देता है। तुरंत इलाज न मिलने पर इसकी वजह से टिशू डैमेज, ऑर्गन फेल और मौत तक हो सकती है।

### सेप्सिस के लक्षण

सेप्सिस पीड़ित व्यक्ति के शरीर के कई अलग-अलग क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए इसके विभिन्न संभावित लक्षण हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में निम्न शामिल हैं-

लो ब्लड प्रेशर, तेज हृदय गति, सांस की तकलीफ, भ्रम या व्याकुलता बुखार या हाइपोथर्मिया कांपना या ठंड लगना

यूरिन संबंधी समस्याएं (पेशाब कम होना) एनर्जी की कमी/ बहुत कमजोरी, तेज दर्द या परेशानी चिपचिपी,पसीने से भरी त्वचा हाइपरवेंटिलेशन (तेजी से सांस लेना)।

### सेप्सिस का कारण

डॉक्टर विजय ने बताया आमतौर पर सेप्सिस बैक्टीरिया की वजह से होता है। हालांकि, यह फंगल, पैरासाइट और वायरल संक्रमण के कारण भी हो सकता है। इसकी वजह से बुखार, दिल की धड़कन तेज होना, सांस लेने में परेशानी आदि हो सकते हैं। हालांकि, ज्यादा गंभीर मामलों में पीड़ित को सेप्टिक शॉक भी हो जाता है।

### सेप्सिस से बचाव के लिए अपनाए

सेप्सिस को रोकने या इससे बचाव के लिए आप कुछ बातों का ध्यान रख सकते हैं। इस बीमारी से बचने के लिए आप, जो कदम उठा सकते हैं उनमें निम्न शामिल हैं-

बार-बार साबुन और पानी से अपने हाथों को धोते रहें। किसी भी तरह की चोट और अन्य घावों को साफ रखें। घाव या चोट को ठीक होने तक ढककर रखें। किसी पुरानी बीमारी पर नजर रखने के लिए नियमित रूप से चेकअप कराते रहें। संक्रमण का संदेह हो तो तुरंत डॉक्टर या किसी विशेषज्ञ की मदद लें।

CMYK

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना

**1000 पुलिस जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स की रहेगी तैनाती**




कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के चौथे आम चुनाव दो चरणों में संपन्न होने के बाद आगामी 3 दिसंबर को बहुप्रतिक्षित मतगणना की जानी है। इस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आईटी कॉलेज में कराये जाने की तैयारी शुरू कर दी है। कड़े पहरे में भारी पुलिस बल व सशस्त्र जवानों की तैनाती में सारी कार्रवाई उस दिन संपन्न कराई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरव कुमार तथा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला मतगणना स्थल आईटी कॉलेज का मुआयना करने के बाद वहां के स्ट्रॉंग रूम में रखी गई ईवीएम मतपेटियों की सुरक्षा के लिए मतदान के बाद से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करा दी है। अब आने वाले 3 दिसंबर को मतगणना की जाएगी। मतगणना स्थल पर जिला बल के एवं राज्य के अन्य पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों से मंगाए गए 1000 के लगभग पुलिस जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के कड़े पहरे के मध्य मतगणना की प्रक्रिया सुबह से शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात पुलिस भी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पुलिस अधीक्षक के द्वारा चार्ट में जारी किये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप निभाएंगे। मतगणना के दिन किन-किन लोगों को कहां और किस प्वाइंट पर लगाया जाना है उसकी भी चार्ट लिस्ट तैयार की जा रही है। पूरी तैयारी होने के बाद इसका रिहर्सल भी किया जाएगा।

# दर्जन भर मवेशियों को हाथियों ने उतारा मौत के घाट

### विभाग जुटा रहा जानकारी

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। वन मंडल कटघोरा में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के झुंड ने एक बार फिर दर्जन भर मवेशियों की जान ले ली। मवेशियों को गांव के बाहर खूंटे में बांधा गया था। घटना में मवेशी मालिकों को भारी क्षति हुई है। वन विभाग की टीम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

घटना गुरूवार की रात वन मंडल कटघोरा के केंदई वन परिक्षेत्र के सिरमिना सर्किल अंतर्गत ग्राम बगाही पारा में घटित हुई। ग्रामीणों ने प्रतिदिन की तरह गांव के बाहर खूंटे में मवेशियों को बांधा हुआ था। देर रात ग्रामीणों को हाथियों की चिंघाड़ के साथ मवेशियों के रंभाने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों को हाथी के हमले का आभास तो हो गया, लेकिन ग्रामीण हाथियों को खदेडने् हिम्मत नहीं जुटा सके। वे अपने घरों में ही पूरी रात दुबके रहे। जब सुबह होने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। मौके पर मृत और घायल मवेशी इधर उधर पड़े हुए थे। हाथियों ने गाय बैल और बछड़े सहित करीब एक दर्जन मवेशियों की जान ले ली थी। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। वन हमले ने हाथी से हमले में मवेशियों की मौत का प्रकरण तैयार करना शुरू कर दिया है। इस घटना के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी के साथ खदेड़ने का प्रयास कर रही है।



### 95 हाथी कर रहे विचरण

कटघोरा वन मंडल में 58 हाथियों का दल पसान रेंज से केंदई रेंज के कोरबी सर्किल पहुंचा था और यहां के खुरूपारा जंगल में विश्राम करने के बाद दल जंगल से निकला और खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान फसल को तहस-नहस कर दिया। खेतों में देर तक उत्पात मचाने के बाद सुबह होने से पहले हाथियों ने बगबुड़ी, झिनपुरी के रास्ते सिरमिना सर्किल में पहुंचकर जंगल में डेरा डाल दिया। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गुरमा में 26 व सिमकेदा में 11 हाथी मौजूद है। हाथियों के इस दोनों झुंड ने फसल रौंदने के बाद जंगल के कक्ष क्रमांक 185 व 1365 में विचरण करना शुरू कर दिया।

## केवी-4 में मनाया गया ग्रैण्ड पैरेंट डे

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में दादा- दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया, जिसका शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी और तीसरी के छात्र-छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व विद्यार्थियों को अपने दादा-दादी, नाना-नानी के साथ समय व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में-एक हमारे दादा जी कविता ने हँसाया, ये तो सच है की भगवान है जैसे गीत ने भाव विभोर किया। वहीं तुझमें रब दिखता है जैसे गानों में नृत्य की प्रस्तुति ने सबके मन को मोहित किया। कक्षा पांचवीं की छात्रा ने ग्रैंडपैरेंट्स के प्रति अपने भाव भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया और यह संदेश इस पंक्ति के माध्यम से दिया कि जितना किया है उन्होंने, उसका एक अंश तुम भी करना और कुछ नहीं तो एक कप चाय बना कर पिलाना। विजेता दादा-दादी ,नाना-नानी के जोड़े को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# बिजली व्यवस्था सुधारने वितरण कंपनी खर्च करेगी 8 करोड़

### 11केवी की 37 किमी लंबी नई लाइन बिछेगी

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को सुधारने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए 11 केवी की 37 किमी लंबी लाइन बिछाई जाएगी जिसमें साढ़े आठ करोड़ खर्च होंगे। इसमें अलग-अलग क्षमता के ट्रांसफार्मर के साथ 3 नए सब स्टेशन का काम चल रहा है। सीएसईबी विद्युत वितरण कंपनी कोरबा शहर की बिजली व्यवस्था को और भी बेहतर करने के लिए 37 किमी लंबी 11 केवी लाइन बिछाने की तैयारी कर रही है। वितरण विभाग में शहर के अलग-अलग जोन सें जिस तरह की समस्या सामने आ रही है उससे स्पष्ट है कि अभी 11 केवी की लाइन में लोड फैक्टर काफी अधिक है। इसी लोड फैक्टर की वजह से बिजली की लाइन के अलावा ट्रांसफार्मर में दबाव बढ़ रहा है। विशेषकर फरवरी से लेकर जून तक पावर कट की समस्या सबसे अधिक बढ़ जाती है। अभी स्थिति ये है कि एक जगह समस्या आने पर आधे शहर की आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। लंबे समय से एक अतिरिक्त लाइन बिछाने की मांग की जाती रही है, ताकि लोड फैक्टर कम हो और मेंटनेंस के नाम पर सभी क्षेत्र में आपूर्ति बाधित न करना पड़े। इसके लिए कोरबा शहर में 37 किमी लंबी लाइन बिछाने के लिए अनुमति कंपनी ने दे दी है।

### तीन महीने बाद समस्या

सीएसईबी द्वारा जितने भी नए प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं उनमें अभी देरी है। काम शुरु हो भी जाए तो पूरे होने में कम से कम 6 से 8 माह का समय लगना है। चुनाव के बाद काम चालू होगा। तीन महीने बाद बिजली की परेशानी शुरु हो जाएगी। तब तक वैकिल्पक व्यवस्था पर ध्यान देने की जरुरत है। ताकि लोगों को परेशानी का सामना कम से कम करना पड़े। वितरण कंपनी इसके लिए प्रयास कर रही है कि लोगों को कम से कम समस्या का सामना करना पड़े।

# कुसमुंडा मार्ग पर फिर लगने लगा जाम

### आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान निपटने के बाद एक बार फिर कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर जाम लोगों को परेशान करने लगी है। लगभग महीने भर सुगमता और शांति के बाद एक बार फिर मार्ग पर भारी जाम देखने को मिल रहा है, निश्चित रूप से कारण वही है भारी वाहन चालकों की मनमर्जी। आचार संहिता लगने के बाद से कोरबा कुसमुंडा मार्ग में जाम से पूर्ण रूप से निजात मिल चुका था। लगभग एक महीने तक इस मार्ग में भारीवाहन चालक व्यवस्थित ढंग से चल रहे थे, परंतु बीते 24 घंटे से ट्रेलर चालकों की मनमानी एक बार फिर से शुरू हो गई है। परिणाम स्वरूप बीते 24 घंटे से इमली छापर चौक में भारी जाम देखने को मिल रहा है। कोरबा की ओर से आने के दौरान भारी वाहन शिव मंदिर चौक से लेकर इमली छप्पर चौक पर फिर से एक ही दिशा में लगभग चार से पांच लाइन लगा रहे हैं।

वहीं इमली छापर से कोरबा की ओर आने वाले मार्ग पर भी भारी वाहन विपरित दिशा से घुस रहे हैं जिस वजह से सामने से आ रही वाहनों को रास्ता नहीं मिल रहा है और जाम लग रहा है। रात में तो आम लोगों का आना-जाना कम ही रहता है, परंतु सुबह आम लोग इस जाम में फंस रहे हैं।



## सीपेट में राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान का आयोजन किया जाता है। 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जेपी भारद्वाज के नेतृत्व में सीपेट स्याहीमुड़ी में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन में जिला समन्वयक डॉ फरहाना अली ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों को एक अवसर प्रदान करती है कि वे नई खोज कर सकें। अपनी वैज्ञानिक चेतना को समझें एवं ज्ञान का इस्तेमाल कर अपने विचारों की सत्यता को परख सकें। विशिष्ट अतिथि छविलाल राठौर जिला समन्वयक जिला सक्ति ने बाल वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों को बाल वैज्ञानिक के रूप में तैयार कर विश्व के मानव कल्याण हेतु उन्हें प्रेरित करना तथा उनमें वैज्ञानिक चेतना जागृत कर वैज्ञानिक खोज की दिशा में आगे बढ़ाना ही कार्यक्रम का एकमात्र उद्देश्य है। ब्लॉक प्रभारी शैलेष उपाध्याय, तनिया रॉय घोष, सीमा पटेल, पुष्पा बघेल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अकादमिक समन्वयक कामता जायसवाल ने किया। प्रतियोगिता में 44 प्रतिभागियों एवं 22 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। वरिष्ठ वर्ग में नैंसी केवट व वर्षा पटेल, शेरी शिबू सेजस पाली, निकिता व ख्याति, सीमा पटेल सेजस गोपालपुर व रोहित चंद्रा व संतोषी साहू, माधुरी अग्रवाल चयनित हुए।

## आचार संहिता के बीच जनप्रतिनिधि बने अतिथि

कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवम्बर को मितानिन दिवस पर पकरिया में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एक कांग्रेस के पदाधिकारी जो कि क्षेत्र का जनपद सदस्य भी है उसको मुख्य अतिथि बनाया गया।

आचार संहिता के बीच किसी भी तरह का शासकीय आयोजन/मंचीय कार्यक्रम पर शासन द्वारा रोक लगाई गई है। किंतु आज 23 नवम्बर को मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पकरिया में मितानिन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बरपाली के जनपद सदस्य राजकुमार खत्री उर्फ राजू खत्री को मुख्य अतिथि बनाया गया। राजू खत्री जनपद सदस्य होने के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में सचिव भी है। इस कार्यक्रम के संबंध में करतला बीएमओ से जानकारी लेने पर उनके द्वारा मितानिन दिवस मनाने के संबंध में किसी भी तरह का आदेश जारी न करने की बात कही गई और न ही पंचायत या मितानिनों द्वारा कार्यक्रम आयोजन करने हेतु किसी प्रकार से कोई अनुमति ली गई है।



## सार-संक्षेप

### मातृछाया के शिशु को मिला अपना घर




कोरबा, 24 नवंबर (देशबन्धु)। कुआँभट्टा स्थित विवेकानंद सेवा सदन में मातृछाया के एक शिशु को अपना घर मिला। दत्तक ग्रहण कार्यक्रम कर नि:संतान दंपति ने विधिक प्रक्रिया पुरी कर उसे गोद लिया।

खुशी के इस क्षण में वहां मौजूद हर किसी ने अब तक बेसहारा रहे शिशु को माता-पिता व परिवार का आश्रय मिलने पर संतोष जाहिर किया और शिशु के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखी जीवन की कामना की गई। सेवा भारती, कोरबा द्वारा संचालित मातृछाया (विशेषीकृत दत्तक ग्रहण) में गुरुवार को कुआँ भट्टा स्थित विवेकानंद सेवासदन परिसर में एक शिशु दत्तक ग्रहण अधिनियम के तहत पश्चिम बंगाल राज्य के दंपति को गोद दिया गया। कार्यक्रम में दंपति की विधिवत गोदभराई की रस्म कर शिशु प्रदान किया गया। मातृछाया में सामाजिक एवं अन्य कारणों से त्यागे गए नवजात शिशुओं का पालन-पोषण किया जाता है। इस दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाज सेवी रमेश पाठक, अनुराग जीएचआर एस.बी.आई बैंक रिजनल ऑफिस कोरबा, बालकल्याण के अधिकारी दीपमाला, संस्था के सचिव सुनील जैन उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल में मनाया गया स्काउट गाइड दिवस



**कोरबा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय हाईस्कूल दादरखुर्द में वैज्ञानिक सीवी रमन का जन्मदिवस एवं स्काउट गाइड का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्काउट गाइड दल द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर फ्लैग होस्टिंग एवं भाषण, गीत एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। वहीं विज्ञान क्लब द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा गणित के मॉडल एवं विज्ञान में सोलर कुकर, चंद्रयान मॉडल, थ्रीडी थियेटर, कृषि सिंचाई यंत्र, अग्नि सुरक्षा सायरन, वेक्यूम क्लीनर इत्यादि शिक्षाप्रद एवं कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाए गए। जेपी कॉलोनी हाईस्कूल की व्याख्याता श्रीमती मनीषा जैन एवं नीलमणि कुजूर निर्णायक रहे। प्रांजल प्रफुल्ल थवाईत का माडल वैक्यूम क्लीनर प्रथम, सुमन और दिव्या का गणित प्रमेय द्वितीय, सोलर कुकर और चंद्रयान माडल तृतीय रहे। विनय देवांगन, आदित्य यादव के थ्रीडी मॉडल को सांत्वना स्थान मिला। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजू तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे एवं उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### सिंधी समाज 27 को मनाएगा प्रकाश पर्व

**कोरबा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। श्री गुरूनानक देव का 554वां प्रकाश पर्व 27 नवंबर को पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के द्वारा सभी सहयोगी संगठनों के सहयोग से श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रकाश पर्व के 2 दिवसीय कार्यक्रम में 26 नवंबर रविवार को सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी स्वामी भाई बाजाराम दरबार रानी रोड, कोरबा से प्रारंभ होकर एवं नगर भ्रमण में कीर्तन-भजन एवं गुरूवाणी का जाप करते हुए वापस स्वामी भाई बाजाराम दरबार में विश्राम होगी। 27 नवंबर सोमवार को सुबह 11 बजे श्री पाठ साहब का समापन अर्थात भोग साहब स्वामीभाई बाजाराम दरबार में, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आम लंगर सिंधु भवन रानी रोड में किया जाएगा। रात्रि 11 बजे से शब्द कीर्तन एवं रात्रि 1:20 बजे गुरूनानक जी का प्रकाश पर्व स्वामी भाई बाजाराम दरबार में मनाया जाएगा। सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष कंवर लाल मनवानी ने कोरबा नगर एवं उप नगरों के समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे सहपरिवार प्रकाशपर्व के समस्त कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान कर गुरू का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### न्यू ऐरा में आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी आज

**कोरबा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल, रामपुर में आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर शनिवार को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे होगा। विद्यालय के प्राचार्य डीएस राव ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी की जाएगी। इस दौरान मनोरंजक खेलों के भी आयोजन विद्यालय परिसर में किए जाएंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए आधार से लिंक होंगे नंबर

**कोरबा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। वर्ष 2023-24 सत्र के महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन उनके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल में विद्यार्थियों द्वारा स्वयं के आधार नंबर से पंजीकृत (लिंक) मोबाइल नंबर की प्रविष्टि करने के पश्चात् उन्हें पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होंगे। ओटीपी दर्ज करने के उपरांत आवेदन लॉक हो सकेगा तथा विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे।

# सारथी रथ देगा आमजनों को परिवार नियोजन की जानकारी : डॉ. केसरी

### जिले में 4 दिसम्बर तक मनाया जाएगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**कोरबा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी के नेतृत्व में जिले में प्रतिवर्ष की भाँति परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को सीएमएचओ डॉ.केसरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीएचओ डॉ.सीके सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, डीपीएम डॉ.अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सीएमएचओ ने बताया कि परिवार नियोजन भारत सरकार की नितिगत अनिवार्यता है। जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने और निरोध के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस संबंध में समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को इस पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा दो भागों में बाँटा गया है। जिसके अंतर्गत 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक मोबिलाईजेशन फेस (दंपति संपर्क पखवाड़ा) आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों के द्वारा पुरूष गर्भनिरोधक (निरोध, पुरूष नसबंदी) के लिए इच्छुक जोड़ों की पहचान, संवेदीकरण और पंजीकरण किया जाएगा। ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में भी पुरूष नसबंदी के संबंध में जानकारी दी जा रही है तथा तथा जिले में सारथी रथ के द्वारा पुरूष नसबंदी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सर्विस डिलवरी फेस आयोजित किया जाएगा।




### हितग्राहियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

इसमें जिले के मेडिकल कॉलेज, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली तथा पोंड़ी-उपरोड़ा में प्रमुखता से पुरूष तथा महिला नसबंदी शिविर रविवार को छोड़कर आयोजित किए जाएंगे। पोंड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के पुरूष नसबदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी उपरोड़ा में तथा महिलाओं की नसबंदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में कराया जा सकता है। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को अंतराल महिला नसबंदी हेतु 2000 रुपए, प्रसवोत्तर महिला नसबंदी हेतु 3000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

### कोई शारीरिक कमजोरी नहीं : सीएमएचओ

*सीएमएचओ ने कहा कि पुरूषों की नसबंदी में मात्र 1 मिनट का समय लगता है। साथ ही ऑपरेशन के समय कोई दर्द नहीं होता है, नसबंदी के बाद तुरंत घर जा सकते हैं एवं कोई शारिरिक कमजोरी नहीं आती। पुरुष नसबंदी उपरांत पहले की तरह शारीरिक श्रम कर सकते हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार तथा सीएमएचओ डॉ.केसरी ने जिले के परिवार नियोजन के पात्र इच्छुक पुरुष हितग्राहियों तथा दंपतियों से अपने परिवार को सीमित रखने हेतु शिविर का लाभ ले सकते हैं।*

## सार-संक्षेप

### 26 नवम्बर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

**अम्बिकापुर** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस मनाया जाना है। इस संबंध में राज्य द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया है।

इस संबंध में राज्य द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप वर्तमान में 9 अक्टूबर 2023 से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। 26 नवंबर, 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों, सार्वजनिक उपकमों के अधिकारियों कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) के ऑनलाइन पाठन हेतु निर्मित वेब पोर्टल को ओपन कर भारतीय संविधान के प्रस्तावना' को पढ़ा जाए, आमजन की सहभागिता हेतु इसका प्रचार-प्रसार किया जावे तथा ऑनलाईन क्वीज हेतु ीजजचे://बवदेजपजनजपवदुनप्र.दपब.पद वेब पोर्टल का उपयोग किया जावे। जहां कम्प्यूटर तथा मोबाईल में इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध ना हो वहां पूर्व की भांति ऑफलाइन मोड में संविधान के प्रस्तावना का पाठन किया जावे। उक्त अवसर पर किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता हेतु जारी निर्देशों का उल्लंघन ना होने पर भी ध्यान देने निर्देशित किया गया है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था।

### मतगणना प्रेक्षकों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**कोरिया** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 का मतदान 3 दिसम्बर को होना है।

आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, रायपुर से पहुंचे मतगणना प्रेक्षक श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं विपिन पटेल ने स्ट्रांग रूम बनाए गए बैकुंठपुर के रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री टोप्पो ने मतगणना तिथि के पहले समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। ईवीएम मशीन को कड़ी सुरक्षा व चाक चौबंद के बीच कमरे को ताला-सील से बंद किया गया है सीसी कैमरे भी लगाया गया है और 24 घण्टे सुरक्षा जवान भी तैनात किया गया हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू, रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम उपस्थित रहे। बता दें 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के तहत 228 मतदान केंद्र बनाए गए थे। 14 मतगणना टेबल लगेंगे और 17 राउंड में मतगणना होगी।

### पैसे चोरी के संदेह में पत्नी की हत्या

**रायगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ पुलिस ने पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को कल सुबह भोर में ग्राम नकना के जंगल में घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक बीते 15 नवंबर की शाम ग्राम नकना (डुमरपारा) में महिला की हत्या की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए अपने स्टाफ के साथ ग्राम नकना पहुंचे, जहां रहने वाली गीता बिरहोर (उम्र 19 वर्ष) की उसके पति राकेश बिरहोर (19 साल) द्वारा हत्या कर फरार हो जाने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भिजवाया गया तथा फरार आरोपी राकेश बिरहोर के संबंध में सूचना देने मुखबीर लगा रखे थे।

घटना के संबंध में 16 नवंबर को ग्राम नकना (डुमरपारा) में रहने वाली श्रीमती ललिता बिरहोर (30 साल) द्वारा थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 15 नवंबर की शाम अपनी भतीजा बहू गीता बिरहोर के साथ घर के बरामदा में बातचीत कर रही थी। उसी समय गीता का पति राकेश बिरहोर बस्ती तरफ से आया और दोनों को उसके मोबाइल और रुपए चोरी किये हो कहकर गाली गलौच करते हुए बरामदे से धकेलते हुए कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और डंडा लाकर कमरे में दोनों से मारपीट करने लगा।

गीता उसके पति राकेश को मारपीट करने से मना करने लगी तो राकेश गुस्से से गीता को मारते-पीटते कमरे से बाहर निकाला और वहीं पडे करच्छूल से गीता के सिर पर मारा। घर परिवारवाले बीच बचाव किये उन्हें भी गाली गलौच मारपीट किया। राकेश के बेतहाशा मारपीट से गीता की मौत हो गई जिसके बाद राकेश घर से निकलकर जंगल की ओर भाग गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि घटना के दिन राकेश बिरहोर सुबह से उसके मोबाइल के कवर में रखे करीब 400-500 को घरवाले चुराए है कि शंका कर सभी से झगड़ा विवाद कर रहा था।

### ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर टिपलाइन व सड़क दुर्घटना पर आधारित कार्यशाला में शामिल हुए थाना प्रभारी व सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स

**रायगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर आज पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में साइबर पोर्टल, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर टिपलाइन, जेसीसीटीएस तथा सड़क दुर्घटना संबंधी ष्मक त्ष् पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षणार्थी थाना प्रभारी एवं सीसीटीएनएस कंप्यूटर ऑपरेटरों को साइबर पोर्टल, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर टिपलाइन, जेसीसीटीएस के संबंध में ऑनलाइन ऑनलाइन प्राप्त होने वाले शिकायतों का निराकरण के संबंध में जानकारी दिया गया। विवेचकों को ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में पीड़ित के ठगी के रुपयों को जल्द से जल्द होल्ड करने पीड़ित की शिकायत व दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करने कहा गया जिससे बैंक ठगी रूपयों को होल्ड कर सकें। कार्यशाला में एसडीओपी दीपक मिश्रा ने बताया कि साइबर सेल के आरक्षक रविंद्र गुप्ता द्वारा गूगल से क्यू.आर. कोड तैयार किया गया है जिसे सभी थानों के बाहर चस्पा किए गए हैं। गुम मोबाइल के संबंध में प्राप्त होने वाले आवेदन के प्राप्ति उपरांत गुम मोबाइल स्वामी से उस क्यू.आर. कोड स्कैन करावें, स्कैन पश्चात एक गूगल फॉर्म को फिलअप करावें जिससे गुम मोबाइल के संबंध में संपूर्ण जानकारी साइबर सेल रायगढ़ को सीधे प्राप्त होगी जिससे गुम मोबाइल को शीघ्र ट्रेस करने में आसानी होगी।

# गंभीरता से नियमों का पालन कर मतगणना का कार्य सुनिश्चित करें

### मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण



**अम्बिकापुर** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। 03 दिसंबर को जिले में मतगणना होगी जिसके संबंध में जिले में मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में संलग्न कर्मचारियों को मतगणना की प्रक्रिया और मतगणना के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई हैं जिससे मतगणना का कार्य बेहतर तरीके से संपन्न कराया जा सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने प्रशिक्षण में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मतदान में संलग्न सभी अधिकारियों कर्मचारियों की धैर्य के साथ निष्पक्ष होकर काम करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस जज्बे को बनाए रखे। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों की भी अच्छे से प्रशिक्षण देने पर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसी तरह सचेत होकर कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हर स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और किसी भी तरह की समस्या या शंका होने पर तुरंत उसे स्पष्ट करें। निर्वाचन अवधि के दौरान जिस लगन और निष्पक्षता से काम किया है, उसी लगन से मतगणना के कार्य को करना सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि कुल 144 मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया है। 25 नवंबर को 65 माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाना है। जिले में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर में 3 दिसंबर को मतगणना की जानी है। जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम और पोस्टल बैलेट से किए मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 254 मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 में 282 मतदान केंद्र, और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में 245 मतदान केंद्र आते हैं। ईवीएम से मतों की गणना में प्रत्येक विधानसभा हेतु 14-14 टेबल लगाए जायेंगे। इसी तरह पोस्टल बैलेट के जरिए किए मतों की गणना के लिए भी अलग व्यवस्था की जाएगी।

प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, डीआईओ एनआईसी श्री जिया उर रहमान सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मतगणना स्थल पर मोबाइल प्रतिबंधित



विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। इसी कड़ी में मतगणना कार्य के लिए संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का की उपस्थिति में मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं निर्धारित प्रारूपों में आवश्यक प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी के मतगणना कार्य के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएगें। उन्होंने मतगणना हेतु लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना प्रक्रिया सही एवं निष्पक्ष तरीके से हो इसका विशेष ध्यान रखें। तथा मतगणना दिवस को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रात: 6:00 बजे तक मतगणना स्थल में पहुंचने को निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रात: 8.00 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की गणना करने के पश्चात ई.व्ही.एम मशीन के मतों की गणना की जायेगी।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव ने मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, गणना हेतु मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ई.व्ही.एम. में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लिप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट में मतगणना हेतु सील तोड़ने की विधि से लेकर सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया की जानकारी लाइव डेमो के माध्यम से प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने तथा मतगणना स्थल पर प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ मोबाइल नहीं ले जाने के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पत्रकारों हेतु मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर बनाया जाएगा जहां प्रत्येक राउंड की मतगणना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने वीडियोग्राफी, रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने प्रक्रिया, मतगणना हॉल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थी या अभ्यर्थी के अभिकर्ताओं की उपस्थिति तथा परिणाम घोषणा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### बाप-बेटी ने मिलकर युवक की कर दी हत्या

**सारंगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जवान बेटी को घर में घुसकर बलात्कार करने की धमकी देने वाले से परेशान एक युवती ने अपने पिता के साथ मिलकर आरोपी की जघन्य हत्या करके उसकी लाश खेत में फेंक दी। लाश मिलने के बाद पुलिस ने जांच के बाद हत्यारी बेटी व पिता को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिला मुख्यालय का है, जहां ये वारदात घटी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कनकबीरा चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामटेक निवासी बासुदेव खड़िया 21 नवंबर की शाम तकरीबन 6 बजे कुलदीप पटेल मुर्गाफार्म टिकाराम खडिया के पास जा रहा हूं बोलकर घर से निकला था। जो कि दो घंटे बाद रात 8 बजे तक वापस घर नही लौटा। परिजन जब उसकी खोजबीन शुरू की तो मुर्गा फार्म से कुछ दूर एक खेत के पास खून के धब्बे तथा घसीटने के निशान दिखे।

अनहोनी घटना के संदेह में परिजन जैसे ही आगे बढ़े तब उन्होंने देखा कि बासुदेव का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। मृतक के चेहरे में गहरे चोट के निशान थे साथ ही गले में एक गमछा भी लिपटा हुआ था। घटना की सूचना के बाद कनकबीरा चैकी पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में लेते हुए जांच शुरू की तब पता चला कि घटना दिनांक के दिन बासुदेव अपने कथित मौसा और उसकी बेटी के साथ देखा गया था।

### निर्वाचन का सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य है मतगणना -सीईओ

#### मतगणना कार्य में नियोजित अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न



**कोरिया** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन में गत 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति के बाद आगामी 3 दिसम्बर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मतगणना होगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के लिए मतगणना का कार्य रामानुज विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। इस कार्य में नियोजित होने वाले अधिकारियों का आज प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला पंचायत कोरिया के सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आप सभी को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप मतगणना की कार्यवाही के लिए नियोजित किया गया है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें आपको धैर्य से सजग रहकर कार्य करना होगा। मशीनों से परिणाम प्राप्त करते समय पूरी सजगता रखें और प्रत्येक परिणाम स्थल पर उपस्थित अभिकर्ता से जरूर साझा करेंगे ताकि निष्पक्ष तरीके से जानकारी प्राप्त करने में प्रत्याशी को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सभी नियोजित अधिकारियों को समय से पूर्व पूरी तैयारी के साथ मतगणना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि कोरिया जिले में 14 टेबल पर 17 राउंड में मतगणना कार्य पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू ने भी अधिकारियों को मतगणना कार्य की सावधानियों से अवगत कराया। मन्थन कक्ष में सभी मास्टर ट्रेनर व सम्बंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त चंद्रवंशी ने संजय काम्प्लेक्स का लिया जायजा

### व्यवसायियों से सड़क पर सामान नहीं निकालने की दी समझाईश



**रायगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बुधवार को निगम अमले के साथ संजय काम्प्लेक्स व श्याम बगीची का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्याम बगीची व आसपास की साफ-सफाई करवाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया। उन्होंने आसपास के व्यवसायियों से भी चर्चा की और दुकान का सामान सड़क पर नहीं निकालने की समझाईश दी।

संजय काम्प्लेक्स स्थित श्याम बगीची में इन दिनों श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्याम भक्त पहुंच रहे हैं। बाहर से भजन गायक भी आए हुए हैं, जिन्हें सुनने भारी भीड़ रहती है। त्यौहारी सीजन के कारण भी संजय काम्प्लेक्स में भीड़ बढ़ गई है। इन सबके मद्देजनर बुधवार को निगम आयुक्त श्री चंद्रवंशी अपने पूरे अमले के साथ संजय काम्प्लेक्स पहुंचे और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निगम के सफाई कामगारों से यहां की साफ-सफाई करवाने के साथ ही नाले-नालियों व सड़क किराने ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव करवाया। उन्होंने आसपास के व्यवसायियों से भी चर्चा की। इस दौरान कई दुकानों का सामान सड़क पर ही पसरा हुआ था। त्यौहारी सीजन व भीड़ के मद्देनजर व्यवसायियों को दुकान का सामान सड़क पर नहीं फैलाने की समझाइश दी गई। उन्होंने निगम अमले को सड़क पर सामान रखने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इस दौरान श्री श्याम मंडल के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल सहित निगम के रमेश तांती सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### फरार स्थायी वारंटी बिलासपुर में पकड़ाया

**रायगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। फरार वारंटी के विरुद्ध जारी विशेष अभियान में भूपदेवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में भूदेवपुर पुलिस द्वारा पिछले 2 साल से लुक छिपकर रह रहे मारपीट के मामले के स्थायी वारंटी रवि शंकर चैहान पिता उदल प्रसाद निवासी ग्राम तुर्रीपारा थाना भूपदेवपुर को आज सुबह भूपदेवपुर थाने के प्रधान आरक्षक शंभू प्रसाद पांडे एवं महिला आरक्षक गौरी सिदार द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम बिलासपुर (थाना भूपदेवपुर) में वारंटी के नाम बदलकर, लुक छिपकर रहने की सूचना पर दबिश देकर वारंटी को हिरासत में लिया गया है। वारंटी को उसके उपनाम भोलू से गांव वाले परिचित थे। आरोपी के वास्तविक नाम रवि शंकर से गांव वाले अनभिज्ञ थे। वारंटी पिछले दो साल से ग्राम बिलासपुर में रह रहा था जिसे भूपदेवपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर वारंट के परिपालन में जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय में पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है।

### मितानिन दिवस पर नगरनिगम सभापति जयंत ठेठवार ने किया मितानिनों का सम्मान



**रायगढ़** 24 नवंबर (देशबन्धु)। मितानिन दिवस पर नगरनिगम सभापति जयंत ठेठवार ने पार्षदों के साथ मिल कर वार्ड में सेवारत 24 मितानिनों का साल व श्रीफल देकर सम्मान किया।कार्यक्रम के संबंध में जयंत ठेठवार ने बताया कि मितानिन बहनें समाज व स्वास्थ्य को लेकर हमेशा सजग व तत्पर रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत रहती हैं।

मितानिन बहनों का यह योगदान समाज व प्रदेश के लिए अमूल्य है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। मितानिनों का यह योगदान समाज को एक दिशा देती है। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन में काफी मददगार है। हमे प्रसन्नता होती है जब साल में एक बार मितानिन दिवस के रूप में हमे उनका सम्मान करने का सुअवसर प्राप्त होता है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं, आज मितानिन सम्मान समारोह में शामिल वार्ड नम्बर 06,07,11,12,13,20 के मितानिन और पार्षद जयंत ठेठवार,संजय देवांगन,लक्ष्मी साहू,आरिफ हुसैन, लकेश्वर मिरी,प्रभात साहू शामिल हुए।

## 4 दिसम्बर तक जिले में मनाया जाएगा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा

### लोगों में जागरूकता लाने सारथी रथ को किया गया रवाना



**कोरिया** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर के मार्गदर्शन में 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत पखवाड़ा दो भागों में आयोजित होगा प्रथम चरण में 21 से 27 नवम्बर तक संपर्क पखवाड़ा एवं 28 से 04 दिसम्बर तक सेवा प्रदाता पखवाड़ा का आयोजन होगा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन माह नवम्बर में किया जा रहा है। इसके तहत प्रारंभिक गतिविधियां शुरू की गई है। इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ्य मां स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' थीम पर मनाया जाएगा। इस अभियान में जिले के समस्त विकासखण्ड में मोर मितान संगवारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुरूषों को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे नागरिक जो नसबंदी के पश्चात सफलतापूर्वक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन निर्वाह कर रहे है उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत मानते हुए विभाग की ओर से मोर मितान मोर संगवारी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सारथी रथ को रवाना किया गया। इस दौरान राकेश सिंह जिला प्रबंधक-प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन, भूपेन्द्र पाटनवार जिला डाटा प्रबंधक, शिशिर जायसवाल, रंजीत कुमार, बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखंड के विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं बी.ई.ई. एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 11 वाहन जब्त

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी खनिज निरीक्षक व तहसीलदार जांजगीर द्वारा जिला जांजगीर चांपा के पीथमपुर एवं पामगढ़ क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 10 प्रकरण (08 ट्रैक्टर, 02 हाईवा), खनिज पत्थर के 01 प्रकरण (01 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 11 वाहनो को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की जावेगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पेपर्स के जरिये अब तक कुल 177 डाक मतपत्र प्राप्त

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन में जिले में सेवा मतदाताओं इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पेपर्स के माध्यम से मतदान किया गया। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी श्रीमती पायल पांडेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ई.टी.पी.बी.एस. की सुविधा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मतदाता सेवा के तहत डाक से प्राप्त मतपत्र प्रतिदिन जिला कोषालय में दोपहर 3 बजे तक जमा किया जा रहा है। 24 दिसम्बर को अकलतरा विधानसभा से 10, जांजगीर-चांपा विधानसभा से 5 एवं पामगढ़ विधानसभा से 6 कुल 21 सेवा मतदाताओं ने डाक से ई.टी.पी.बी.एस. प्रेषित किया है। जिले के तीनो विधानसभा में 991 सेवा मतदाता पंजीकृत हैं। जिनमें से अब तक 177 डाक मतपत्र ई.टी.पी.बी.एस. के माध्यम से प्राप्त हो चुके हैं।

### नौकरी के नाम पर 20 लाख की ठगी पिता गिरफ्तार , पुत्र फरार

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। एसईसीएल बिलासपुर में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं उसका पुत्र फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। आरोपियों ने किस्तों में नकदी और फोन पे के माध्यम से 20 लाख रूपये की ठगी की थी। मामला नवागढ़ थाना का है।

पुलिस केअनुसार ग्राम गिद्धा निवासी गौतम रत्नाकर से सितंबर महीने में पोड़ी राछा निवासी राजकुमार दिवाकर और उसकेपुत्र अमन दिवाकर ने एसईसीएल बिलासपुर में कंप्यूटर आपरेटर केपद पर नौकरी लगवा देनेका झांसा देकर किस्त किस्त में नकदी और फोन पे के माध्यम से कुल 20 लाख रूपये ले लिये। मगर गौतम रत्नाकर की नौकरी नहीं लगी तब उसने इसकी शिकायत एसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की। जिस पर नवागढ़ पुलिस ने शिकायत की जांच करने पर मामले को सही पाया। जिस पर पुलिस ने पोड़ी राछा निवासी राजकुमार दिवाकर और उसके पुत्र अमन दिवाकर के विरूद्ध भादवि की धारा 420, 467, 468, 471,34 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने राजकुमार दिवाकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर उसने अपने पुत्र अमन दिवाकर के साथ मिलकर एसईसीएल बिलासपुर में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर गौतम से धोखाधड़ी कर ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी राजकुमार दिवाकर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं उसका पुत्र अमन दिवाकर फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश सेंडे, सउनि बाबूलाल दिवाकर,आरक्षक सोमनाथ कैवर्त्य, भुनेश्वर पटेल और थाना स्टाफ शामिल थे।

### 11वीं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एवं मुखबधिर जूडो प्रतियोगिता कल से पंजाब में

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा 11वीं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एवं मुख बधिर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर से 30 नवंबर तक अमृतसर पंजाब में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जांजगीर जिले के नगर पंचायत बलौदा निवासी सावंत कुमार सेन ऊर्फ बाबा मुखबधिर वर्ग से पार्टिसिपेट करेंगे। श्री सेन राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न जूडो प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से इस प्रतियोगिता के लिए कुल 29 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें 10 महिला खिलाड़ी भी शामिल है। मुख बधिर प्रतियोगिता के 14 एवं दृष्टिबाधित वर्ग से 19 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

### मतगणना के दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में मतगणना कार्य के सफल संपादन के लिए आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतगणना के लिए अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं अतिरिक्त गणना सहायक को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सकुशल निष्पक्ष व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। इस दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षणार्थियों को दायित्वों के साथ ही मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन-से प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी है, इसकी जानकारी से अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं अतिरिक्त गणना सहायक को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आरके खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन प्रयोजनार्थ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी की अध्यक्षता में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर-चांपा एवं 38 पामगढ़ के मतगणना कार्य हेतु मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना सहायक का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। जिसके तहत मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना सहायक का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर-एसपी ने मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों



की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत, उप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर डॉ आराध्या राहुल कुमार, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर एवं संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को आजीवन कारावास

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। पत्नी के ऊपर मिट्टी तेल डालकर उसे जिंदा जलाने वाले पति को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार संजय नगर गौशाला पारा में रोशन बंसोड़ अपनी पत्नी मधु बंसोड़ तथा बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती थी। 1 फरवरी 2022 की शाम घरेलू विवाद पर रोशन बंसोड़ ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और उसके ऊपर मिट्टी तेल डालकर माचिस से आग लगा दी। इससे वह बुरी तरह से जल गई। जलते समय उसने आवाज लगाई इसे सुनकर उसकी मां कुमारी बाई बाल्टी लेकर आग को बुझाई। पड़ोसी महिलाए भी मौके पर पहुंच गई थी। वारदात के बाद रोशन बंसोड़ घर छोड़कर चला गया। रोशन



की सास कुमारी बाई ने अपनी बेटी को इलाज के लिए ट्रेन से सक्ती लेकर गई और वहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया। यहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बिलासपुर सिम्स भेजा गया। वहां उपचार के दौरान मधु बंसोड़ का मृत्यु पूर्णकथन लिया गया। इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सिम्स चौकी में मर्ग कायम कर डायरी अकलतरा थाना भेजी गई। पुलिस ने विवेचना के बाद रोशन बंसोड़ के विरूद्ध पत्नी के हत्या का अपराध दर्ज किया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी ने रोशन बंसोड़ को पत्नी की हत्या दोषी करार देते हुए भादवि की धारा 302 के लिए आजीवन कारावास और 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं पटाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह ने पैरवी की।

## तलवार लेकर मारने के लिए दौड़ने वाला दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। पुरानी रंजिश पर धारदार तलवार लेकर मारने के लिए दौड़ने वाला दो आरोपियों को नैला चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से धारदार तलवार बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27, आर्म्स एक्ट, 120 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

नैला पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नैला का (1) कोमल चंदेल (2) अविनाश कर्ष दोनों व्यक्ति मिलकर धारदार हथियार लेकर ग्राम नैला का लता कश्यप तथा परमेश्वर कश्यप को पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार लेकर मारने के लिए दौड़ा रहा है। सूचना पर चौकी नैला पुलिस द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही किया गया। आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा



गया, जिसके कब्जे से धारदार हथियार तलवार जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध चौकी नैला में धारा 25,27, आर्म्स एक्ट कायम किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 120 बी भादवि जोड़ी गई है। आरोपी कोमल चंदेल एवं अविनाश दोनो को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सत्यम चौहान चौकी प्रभारी नैला एवं स.उ.नि. जयनंदन मार्बल, प्र.आर. रूद्रनारायण कश्यप आर. महेश राठौर का योगदान रहा।

## मतगणना के संबंध में राजनीतिक दल, अभ्यर्थी की बैठक 28 को

जांजगीर, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के लिए 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की प्रक्रिया के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में 28 नवम्बर 223 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है। जिसमें सर्व राजनीतिक दल, सर्व अभ्यर्थी की उपस्थिति अपेक्षित है। बैठक में प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित प्रशिक्षकों को भी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। दिन-दहाड़े टंगिया से मारकर निर्मम हत्या कर फरार आरोपी को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा घटना घटित कर बलौदा, पाली जिला कोरबा, रतनपुर जिला बिलासपुर तरफ फरार हो गया था जिसकी पतासाजी पुलिस द्वारा की जा रही थी जिसको ग्राम बनाहिल में मुखबीर सूचना पर पकड़ा गया।

इस प्रकरण के पूर्व में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 34, 212 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 10 नवम्बर को सूचक श्रीमती दीप्ती राठौर उम्र 38 साल निवासी नरियरा थाना मुलमुला ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सूचना पर थाना मुलमुला में धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था। मर्ग जांच दौरान मृतक धरम लाल राठौर निवासी नरियरा के शव का पीएम कराया



गया पीएम कर्ता डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया जो गंभीर चोट लगने से मृत्यु होना पीएम रिपोर्ट में लेख किये जाने तथा मर्ग जांच दौरान गवाहो के कथन शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सदर धारा का कारित करना सबूत पाये जाने से धारा 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी तिरीथराम पटेल एवं उसके पुत्र रामकुमार पटेल एवं आरोपी लक्ष्मीराम पटेल मुख्य आरोपी को भगाने वाले के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण के मुख्य आरोपी संतराम पटेल उम्र 42 साल निवासी नरियरा थाना मुलमुला जो घटना घटित कर फरार था जिसकी पतासाजी लगातार की जा रही थी, जिसको मुखबीर सूचना से ग्राम बनाहिल खेत तरफ पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ कर घटना के संबंध में मेमोरण्डम कथन लिया गया जो डण्डा एवं टंगिया से मृतक धरम लाल राठौर को खेत जमीन विवाद से मारकर हत्या करना स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरी. प्रवीण कुमार द्विवेदी, एवं थाना मुलमुला से उपनिरी सागर पटेल थाना प्रभारी मुलमुला, सउनि प्रमोद महार प्रमोद महार, आरक्षक राजा जय प्रकाश रात्रे, नफीस तथा सायबर सेल से आरक्षक गिरीश कश्यप का योगदान रहा।

## उपसरपंच का बेटा 120 लीटर शराब और एयर गन के साथ गिरफ्तार

**जांजगीर**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम बिलारी के उपसरपंच के बेटे के पास से पुलिस ने 120 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। आरोपी युवक के पास से पुलिस ने एक एयरगन, 20 क्विंटल महुआ लहान और एक ट्रैक्टर व ट्राली भी जब्त किया है। आरोपी युवक बिलारी और सलखन के बीच में स्थित नाला के पास महुआ शराब बनाने और बेचने का काम करता है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने के साथ ही जुआ, सट्टा का कारोबार खूब फल फूल रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी इन कार्यों पर अंकुश नहीं लग पा रही है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पंचायत बिलारी के उपसरपंच छोटेलाल खुंटे का पुत्र सत्येन्द्र खुंटे अवैध शराब बनाकर बिक्री करता है। सूचन मिलने पर पुलिस की टीम ने दबिश दी तो वहां का दृश्य देखकर पुलिस के होश उड़ गये। आरोपित युवक सत्येंद्र खुंटे बिलारी और सलखन के बीच में स्थित नाला के पास शराब बनाने का काम कर रहा था। मौके पर युवक के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक के सफेद जरिकेन में 120 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला जिसकी कीमत 12 हजार रूपये के अलावा ट्रेक्टर व ट्राली किमती कीमती 3 लाख रूपये और एक एयर गन बंदूक बरामद किया। साथ ही मौके पर 20 क्विंटल महुआ लहान और शराब बनाने में उपयोग होने वाला केमिकल व अन्य समाग्री मिला जिसको वहीं नष्टीकरण किया गया। आरोपित के विरूद्ध शिवरीनारायण थाना में धारा 34 (2), 59 क आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया और गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया ।

## मितानिन दिवस पर मितानिनों का किया गया सम्मान

**डभरा**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सकराली के पंचायत भवन में गांव के मितानिनों को मितानिन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर समाज सेवी संस्था सृजन केंद्र के अध्यक्ष मुरलीधर चंद्रम एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य भानुमति टांडे के द्वारा मितानिनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी मुरलीधर चंद्रमा ने कहा कि मितानीन गांव की प्रथम डॉक्टर होती है, जो घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों के बारे में जागरूक करते हैं। साथ ही गावों में कोरोनाकाल में भी ये अहम भूमिका निभाई थी, आज भी मितानीननो द्वारा गांव में शासन की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी घर-घर पहुंचते हैं एवं प्राथमिक उपचार भी करते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य भानुमति टांडे ने कहा कि गांव की मितानीन गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल करती हैं एवं शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में घर-घर जाकर पहुंचाती है एवं लोगों को जागरुक करती हैं। उन्होंने गांव की मितानिनों को निष्ठा पूर्वक हर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एमएल टांडे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकराली, हेमलाल खांडे,देवकुमारी पटेल एएन एएम उपस्वास्थ केन्द्र सकराली, मोनिका यादव एमटी एवं मितानिन लक्ष्मीन खांडे, सावित्री खांडे, धनेश्वरी माली, दमयांतीन मैत्री, सविता मैत्री, सावित्री निषाद, कुमुदानी सिदार, सीता सारथी, पद्मावती खांडे सहित अन्य मितानिन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेयजल की आड़ में शासकीय राशि का बंदरबांट

## सरपंच-सचिव ने लगाया शासन को लाखों का चूना

**कोरबा-पाली**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज का गठन किया गया है। सरकार द्वारा जिसके मद में प्रतिवर्ष लाखों रुपए दिए जाते है ताकि गांव की बुनियादी समस्या को प्रभाव से दूर कर ग्राम का अच्छे से विकास हो सके और ग्रामीण जनता को शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। लेकिन कुछ सरपंच-सचिव पंचायती राज व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए पंचायत मद में जारी राशि का उपयोग निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु करते है और विकास कार्यों व मूलभूत जरूरतों की राशि को अपना समझकर फर्जी बिल और कार्य की आड़ में बंदरबांट करने से नहीं डरते।

जानकारी के अनुसार पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सगुना




में सरपंच-सचिव की मिलीभगत से पुलिया मरम्मत, पंचायत भवन साफ-सफाई व वायरिंग कार्य, नाली निर्माण, अतिरिक्त कक्ष मरम्मत के कार्य कागजों तक सीमित होकर रह गए जबकि लाखों की राशि शत प्रतिशत निकाल लिये गए। इस पंचायत के आश्रित ग्राम ठाड़पखना में स्थित प्राथमिक शाला भवन में रनिंग वाटर सिस्टम स्थापना के लिये वाउचर की तिथि 9 फरवरी 2022 को 80 हजार व आंगनबाड़ी भवन में रनिंग वाटर के लिये उक्त बाउचर तिथि में 90 हजार की राशि 15वें वित्त मद से रिचार्ज हुई है, जबकि सच्चाई यह है प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी भवन अगल-बगल संचालित है और इस प्राथमिक शाला परिसर में स्थित पुराने हेंडपम्प में सबमर्सिबल पंप डाल शाला भवन सिंटेक्स तक पानी पहुँचाने की प्रक्रिया अपनाई गई है तथा शाला भवन के सिंटेक्स से पाइप लाइन के जरिये आंगनबाड़ी भवन में स्थापित सिंटेक्स तक पानी पहुँचाकर एक सिस्टम की आड़ में 1 लाख 70 हजार की राशि दो रनिंग वाटर सिस्टम स्थापना के नाम पर निकाली गई।

### अधिकतर कार्य कागजों में पूरा

वहीं लक्ष्मण घर के पास पेयजल हेतु सबमर्सिबल पंप व सिंटेक्स कार्य के लिये 12 मार्च 223 की बाउचर तिथि में 49 हजार आहरण है, किन्तु यहां न तो सबमर्सिबल पंप दिखा और न सिन्टेक्स स्थापना। सरपंच-सचिव ने मिलकर यहां जो भी कार्य कराया उस कार्य की आड़ में अत्यधिक राशि निकाली। जबकि अधिकतर कार्यों को धरातल के बजाय कागजों में पूरा कर लिया गया। यहां के कुछ पंचों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत में जितने भी कार्य कराया गया है, एक भी कार्य की जानकारी उन्हें नहीं है जिससे पंचगण नाराज है।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

- आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- मतगणना के लिए बेरीकेटिंग का कार्य शुरू

**सक्ती** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत नंदेलीभांठा में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में



नंदेलीभाठा कृषि उपज मण्डी परिसर में सुव्यस्थित मतगणना कार्य के लिए बेरीकेटिंग का कार्य शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं मतगणना स्थल पर उचित बैठक व टेबल व्यवस्था, राउंड वाइस डिक्लेरेशन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। साथ ही गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र सक्ती पंकज डाहिरे , रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर सुश्री दिव्या अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर अरूण सोम, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, राकेश द्विवेदी एसडीओ (पीडब्लूडी), डीआईओ एनआईसी ऋषि राय एवं तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य सम्बधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रीना बाबा ने देखी स्ट्रांग रूम की व्यवस्था

**सारंगढ़** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने 21 नवम्बर को सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के स्ट्रांग रूम और मतगणना व्यवस्था के प्रभावी निरीक्षण के लिए राकेश ध्रुव डिप्टी कलेक्टर और शिवेंद्र सिन्हा नायब तहसीलदार को नामांकित अधिकारी नियुक्त किया है और इन अधिकारियो से 27 नवम्बर 2023 तक रिपोर्ट मांगा है। नामांकित अधिकारियो ने 24 नवम्बर को सुबह मंडी परिसर सारंगढ़ के स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना व्यवस्था का प्रभावी निरीक्षण किया।

# देश विदेश

## हिन्दू जीवन मूल्यों से ही विश्व में शांति में स्थापित होगीः थाई प्रधानमंत्री

बैंकॉक, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शेत्ता थाविसिन ने आशा व्यक्त की है कि उथल-पुथल से जूझ रही दुनिया सत्य, सहिष्णुता और सौहार्द्र के हिंदू जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेगी और विश्व में शांति स्थापित हो सकेगी। विश्व में हिन्दुओं की एक प्रगतिशील और प्रतिभासंपन्न समाज के रूप में पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से तीसरे वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आज यहां भव्य शुभारंभ हुआ। 'धर्म की विजय' के उद्घोष के साथ प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी, भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी पूर्णात्मानंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, विश्व हिन्दू परिषद के महामंत्री मिलिंद परांडे तथा कार्यक्रम के संस्थापक-सूत्रधार स्वामी विज्ञानानंद ने दीप प्रज्वलन से सत्रारंभ हुआ।

# हमास-इज़राइल के बीच 4 दिवसीय युद्ध विराम से लागू

**गाजा,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइल और हमास के बीच चार दिवसीय मानवीय विराम समझौता शुक्रवार को गाजा में लागू हो गया। अस्थायी युद्धविराम की अवधि में कम से कम 50 बंधकों को रिहा किया जाएगा। युद्ध विराम सुबह 7 बजे (स्थानीय समय) से शुरू हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता में बुधवार को हुए समझौते के तहत पहले चरण में हमास ने कहा है कि वह शुक्रवार शाम चार बजे करीब 13 बंधकों को रिहा कर देगा। 2007 से गाजा पर शासन कर रहा हमास बंधकों को मिस्र को सौंप देगा। बदले में, इज़राइल महिलाओं और बच्चों सहित 150 फ़िलिस्तीनियों को इज़राइली जेलों से रिहा करेगा। चार दिनों के विराम के तहत इजराइल गाजा पट्टी में अपने सभी सैन्य अभियानों को रोक देगा। इस दौरान चार ईंधन ट्रकों सहित मानवीय सहायता और चिकित्सा आपूर्ति से भरे कम से कम 200 ट्रकों को गाजा पट्टी में जाने की अनुमति दी जाएगी। काहिरा में फिलिस्तीनी दूतावास के अनुसार, युद्धविराम से गाजा और मिस्र के बीच रफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने में भी सुविधा होगी। बंधकों और लापता व्यक्तियों के लिए देश के समन्वयक गैल हिर्श ने एक बयान में कहा कि इज़राइल ने उन बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया है जिन्हें शुक्रवार को रिहा किया जाना है। हिर्श ने कहा, 'संपर्क अधिकारियों ने उन सभी परिवारों को सूचित कर दिया है जिनके प्रियजन सूची में शामिल हैं, साथ ही बंधकों के सभी परिवारों को भी सूचित कर दिया है'। इज़राइल ने एक्सचेंज में रिहाई के लिए 300 लोगों के नामों की एक सूची प्रकाशित की है। इसमें बड़ी संख्या में



- अस्थायी युद्धविराम की अवधि में कम से कम 50 बंधकों को रिहा किया जाएगा
- इज़राइल महिलाओं और बच्चों सहित 150 फ़िलिस्तीनियों को इज़राइली जेलों से रिहा करेगा

16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर हैं, हालांकि कुछ 14 वर्ष के युवा भी हैं कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले बंधकों की रिहाई की उम्मीद में एक ही परिवार के सदस्य शामिल होंगे। सीएनएन ने अल-अंसारी के हवाले से कहा, 'उनकी संख्या 13 होगी, सभी महिलाएं और बच्चे, और वे बंधक जो एक ही परिवार से हैं, उन्हें एक ही बैच में रखा जाएगा।' इज़रायली सेना ने कहा कि वह युद्धविराम लागू करने के लिए तैयार है, लेकिन हमास को चेतावनी दी कि थोड़ा सा भी उल्लंघन हुआ, तो गंभीर प्रतिक्रिया होगी'।

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने चार दिवसीय इज़राइल-हमास युद्धविराम का किया स्वागत



भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसियों ने इजरायल-हमास युद्ध में चार दिवसीय संघर्ष विराम का स्वागत किया है, जो लगभग सात सप्ताह की लड़ाई के बाद शुक्रवार को लागू हुआ। हमास शुक्रवार को शाम 4 बजे करीब 13 बंधकों को रिहा करेगा। कतर, मिस्र और अमेरिका के बीच हुए समझौते के अनुसार चार दिनों में यह संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। कांग्रेसी अमी बेरा ने एक बयान में कहा, 'मैं एक अस्थायी बातचीत वाले युद्धविराम की संभावनाओं से प्रोत्साहित हूं और (इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन) नेतन्याहू प्रशासन से बंधकों की रिहाई और आवश्यक मानवीय सहायता के बदले में प्रस्तावित शर्तों को स्वीकार करने का आग्रह करता हूं।' कैलिफोर्निया के छठे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले बेरा ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए अधिक आशाजनक भविष्य की दिशा में बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए क्षणिक विराम का लाभ उठाने में सक्षम होगा। बेरा ने कहा, 'दो-राज्य समाधान की वकालत करने की मेरी प्रतिबद्धता अटल है, जहां इजरायली और फिलिस्तीनी शांति से एक साथ रह सकते हैं। यह एक असंभव सपना जैसा लग सकता है, लेकिन विकल्प बिल्कुल अस्थिर हैं।'

## गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14,800 से अधिक

गाजा। सरकारी मीडिया कार्यालय (जीएमओ) के अनुसार, इजराइल और हमास के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय मानवीय विराम के साथ, गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 14,800 से अधिक हो गई है। अपने नवीनतम अपडेट में, हमास-नियंत्रित जीएमओ ने कहा कि मृतकों में लगभग 6,000 बच्चे और 4,000 महिलाएं शामिल हैं। उत्तरी गाजा के अस्पतालों में सेवाओं और संचार के पतन के बाद इस कार्यालय ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय की भूमिका निभाई है। सोमवार को, रामल्लाह में मंत्रालय, जो गाजा पट्टी के अस्पतालों और अन्य स्रोतों से अपना डेटा लेता है, ने मारे गए लोगों की संख्या 12,700 बताई है। इस बीच, घायलों की संख्या भी बढ़कर 35,000 से अधिक हो गई है।

## सुडोकू 6386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 25 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ किसी खास कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उत्साह के साथ नए कार्य की शुरूआत करेंगे। इस दौरान अति उत्साह से हानि न हो इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज किसी भी प्रकार के निर्णय लेने से पहले सोच-विचारकर आगे बढ़ें। किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। खराब तबीयत के कारण आप उदास हो सकते हैं।

मिथुन - सामाजिक, आर्थिक तथा पारिवारिक क्षेत्र में लाभ होने की संभावना है। समाजिक मान- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे पैसे भी खर्च करेंगे।

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपका मन कहीं नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहं के कारण किसी की नाराज़गी झेलनी पड़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या - मन के संयम को आज के दिन का मंत्र बना लें, क्योंकि स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। गुप्त शत्रु बाधा उत्पन्न करेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नए काम की शुरुआत स्थगित रखें।

तुला - दैनिक कामकाज से राहत तथा मनोरंजन प्राप्त करने के लिए आप पार्टी, नाटक या फिल्म देखेंगे। घूमने-फिरने जा सकते हैं, मित्रों से मिलने की संभावना है। प्रिय व्यक्ति के साथ निकटता आपको खुशी देगी।

वृश्चिक - पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी। नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी।

धनु - आज आपको संतान की पढ़ाई तथा स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पेट सम्बंधी तकलीफ आपको हो सकती है। काम सफल नहीं होने पर निराशा का अनुभव होगा। आपको अपने गुस्से पर अंकुश रखना चाहिए।

मकर - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। सार्वजनिक जीवन में मानहानि होने की संभावना रहेगी। छाती में दर्द रहने की संभावना है।

कुंभ - आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन को हाथ में लेंगे। उनके साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

मीन - आज जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की आशंका बनी रहेगी। खर्च पर भी नियंत्रण रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में भी सावधानी की आवश्यकता है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिनलैंड द्वारा लगभग सभी सीमा चौकियों को बंद करने के बाद रूसी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

**मॉस्को,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। फिनलैंड द्वारा अपनी लगभग सभी सीमा चौकियों को बंद करने के बाद स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस के मरमंस्क क्षेत्र में हाई-अलर्ट घोषित कर दिया गया है और कई अतिरिक्त उपाय किए गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को फिनलैंड की सरकार ने रूस के साथ अपनी सीमा पर रूस के मरमंस्क क्षेत्र से सटे सुदूर उत्तर में स्थित एक को छोड़कर लगभग सभी चौकियों को बंद करने की घोषणा की। यह फैसला 23 दिसंबर तक लागू रहेगा। क्षेत्र के गवर्नर एंड्री चिबिस ने गुरुवार को टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि मरमंस्क के माध्यम से फिनलैंड में प्रवेश करने के इच्छुक विदेशी नागरिकों की संख्या बंद होने के चलते कई गुना बढ़ सकती है। गवर्नर ने कहा कि बुधवार को लगभग 400 विदेशी मरमंस्क से फिनलैंड में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे थे, और उनमें से केवल 50 को ही जाने दिया गया। संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते रूस के साथ सीमा पर चार चौकियों को बंद करने के बाद, फिनिश अधिकारियों ने बिगड़ती प्रवासन स्थिति का हवाला देते हुए, रूस के साथ सीमा पर तीन और चौकियों को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया था, केवल सबसे उत्तरी चौकी राजा-जोसेप्पी को चालू रखा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को कहा कि फिनलैंड को पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए अपनी चिंताओं को उठाना चाहिए था।

## न्यूजीलैंड ने की नई गठबंधन सरकार की घोषणा

**वेलिंगटन,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तीन राजनीतिक दलों ने हफ्तों की बातचीत के बाद शुक्रवार को नई गठबंधन सरकार के लिए लाइनअप की घोषणा की। नेशनल के नेता और आने वाले प्रधान मंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने संसद में हस्ताक्षर समारोह के दौरान कहा,नेशनल पार्टी, एसीटी न्यूजीलैंड पार्टी और न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी की नई गठबंधन सरकार स्थिर, प्रभावी होगी और सभी न्यूजीलैंडवासियों के लिए काम करेगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनजेड फर्स्ट के नेता विंस्टन पीटर्स तीन साल के संसदीय कार्यकाल की पहली छमाही के लिए उप प्रधान मंत्री होंगे, और एसीटी के नेता डेविड सेमोर कार्यकाल की दूसरी छमाही के लिए पद संभालेंगे। पीटर्स विदेश मंत्री होंगे और सेमुर नए और मौजूदा नियमों की गुणवत्ता का आकलन करने वाले विनियमन मंत्री होंगे। 20-मजबूत कैबिनेट में 14 राष्ट्रीय मंत्री, तीन एसीटी मंत्री और तीन एनजेड फर्स्ट मंत्री होंगे। नेशनल की निकोला विलिस वित्त मंत्री होंगी। नई सरकार 27 नवम्बर को शपथ लेगी। नए गठबंधन के गठन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर



करने के बाद लक्सन ने कहा, 'चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल के बावजूद, नई सरकार द्वारा किए जाने वाले बदलावों के कारण न्यूजीलैंडवासी बेहतर भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।' आने वाले प्रधान मंत्री ने कहा कि नई सरकार जीवन यापन की लागत को कम करेगी और कर राहत देगी, कानून और व्यवस्था बहाल करेगी और बेहतर सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करेगी। नेशनल पार्टी ने 14 अक्टूबर को आम चुनाव जीता, इसमें लेबर पार्टी को छह साल के कार्यकाल के बाद पद छोड़ना पड़ा। हालांकि, किसी भी पार्टी के बहुमत सीटें नहीं जीतने के कारण, नई सरकार का गठन गठबंधन सरकार बनाने के लिए अंतरदलीय वार्ता के नतीजे पर निर्भर था।

## वर्ग पहेली 6386

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.चरम सीमा, आखिरी हद

३. अनियंत्रित

५. निवेदक (उर्दू)

६. झण्डा, ध्वज

७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)

९. दुर्गा

१०. 'हाईकमिश्नर'

१२. पक्का, मजबूत जो कभी न टूटे

१३. विस्मय

१४. अयोग्य, नाकाबिल (उर्दू)

१६. अन्यथा (उर्दू)

१८. पीड़ित, उत्सुक

२०. महत्ता

२१. अज्ञानता

२३. सेंध मारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ

२. सुनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)

३. अविश्सनीयता, लेन-देन में खोटापन(उर्दू)

४. गीत गाने वाली

५. अविभाजित, अखंड

८. तर्राना, बहुत ज्यादा बातें करना

१०. प्रकाश, रोशनी

११. लड़ाकू

१२. कमी, कसर

१३. बल्कि, किंतु

१४. मूर्ख, अविवेकी

१५. पूजा करने या कराने वाला

१७. रसदार आम, गन्ना, गेहूं

१८. सहारा, भरोसा, टेक

१९. रात्रि, रात

२२. अंधकार

### वर्ग पहेली-6385

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | धु | २ सू | द | ३ न | ■ | ४ अ | नि | ५ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ६ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ७ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ द |
| द | ■ | न | ■ | १० तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | ११ नि | या | १२ म | क | ■ | ■ | १३ हा | शि | या |
| ■ | ष्फ | ■ | नो | ■ | १४ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | णा | ■ | १७ त | १८ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १९ क | ल | २० प | ■ | क्त | ■ |
| २१ दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २२ द | ल | प | २३ ति |
| व | ■ | २४ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## पाकिस्तान ने ब्रिक्स में शामिल होने के लिए औपचारिक अनुरोध की पुष्टि की



**इस्लामाबाद,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसने ब्रिक्स - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका ब्लॉक में शामिल होने के लिए औपचारिक अनुरोध किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच के मीडिया ब्रीफिंग के हवाले से कहा, 'ब्रिक्स द्वारा समावेशी बहुपक्षवाद के प्रति घोषित खुलेपन को देखने के बाद हमने यह निर्णय लिया है।' उन्होंने कहा कि समूह में शामिल होकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने और समावेशी बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के ब्रिक्स के अधिकांश सदस्यों के साथ-साथ देशों के नए आमंत्रित समूह के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। उन्होंने कहा, 'हमें यह भी उम्मीद है कि ब्रिक्स समावेशी बहुपक्षवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पाकिस्तान के अनुरोध पर आगे बढ़ेगा।' अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, ईरान, अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इस समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, और उनकी सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।

## यूक्रेन के पीएम, यूरोपीय संघ के अधिकारी ने सीमा नाकेबंदी पर की चर्चा

कीव, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्मीहल ने कहा है कि उन्होंने कुछ यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों के साथ यूक्रेनी सीमा की नाकेबंदी पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय आयोग के उपाध्यक्ष वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की के साथ एक ऑनलाइन बैठक की। श्मीहल ने फेसबुक पर लिखा, यूक्रेन ने इस मुद्दे पर यूरोपीय संघ को अपने प्रस्ताव की रूपरेखा दी है और समस्या के समाधान में यूरोपीय आयोग की मदद पर भरोसा कर रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि यूक्रेन अपने निर्यात और आयात के लिए वैकल्पिक लॉजिस्टिक मार्ग भी तेजी से विकसित कर रहा है। पोलैंड के मालवाहक यूक्रेनी सीमा पर कई चौकियों पर 6 नवम्बर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले यूक्रेनी मालवाहकों के लिए परमिट की व्यवस्था की जाय।



प्रदर्शनकारियों ने क्रॉसिंग पॉइंट के पास सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिसके चलते लंबी कतारें लग गईं और हजारों ट्रक सीमा पर रुके रहे। गुरुवार को, यूक्रेन ने पोलैंड के विदेश मंत्रालय को एक आधिकारिक नोट भेजा, जिसमें दो यूक्रेनी ट्रक ड्राइवरों की कतार में मौत के बाद सीमा को तत्काल हटाने की मांग की गई। मंगलवार को यूक्रेनी ड्राइवरों के लिए परमिट वापस करने की मांग करने वाले स्लोवाकिया के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, जिससे स्लोवाकिया और यूक्रेन के बीच एक प्रमुख सीमा अवरुद्ध हो गई।

### सुडोकू 6386 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## आज का इतिहास

1538 - तुर्की का नौसैन्य अभियान जो भारत पहुंचा था, पुर्तगाल का बेड़ा पहुंचने के बाद वापस लौट गया।
1716- अमेरिका में पहली बार किसी शेर को प्रदर्शनी में रखा गया।
1741 - रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस की मदद से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया।
1866- इलाहाबाद हाईकोर्ट का उद्घाटन।
1867 - अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
1890- प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार एवं विद्याशास्त्री सुनीति कुमार चटर्जी का जन्म।
1930- जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकॉर्ड किए गए।
1936- जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
1941- लेबनान को फ्रांस से आजादी मिली।
1945- अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आए बर्फीले तूफान के कारण हुई स्कूल बस दुर्घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई।
1949- स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किए और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।
1960- टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया।
1965- फ्रांस ने अपना पहला सैटेलाइट लॉन्च किया।
1973- ग्रीस में हफ्तों से फैली अशांति के बीच आज ही के दिन वहां की सेना ने तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज पापाडोपोलस का तख्ता पलट दिया था।
1974- नेपाल में एक पुल के ढहने से लगभग 140 लोग मरे।
1974- संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का निधन।
1975 - सूरीनाम को हालैंड से आजादी मिली।
1982 प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का जन्म।
1998 - पाकिस्तान ने अंधेरे में मार करने में सक्षम टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।

**संकट** सांस की बीमारियों से जूझ रहा है चीन

# अब तक 13 हजार से अधिक बच्चे बीमार

**बीजिंग,** 24 नवम्बर (एजेंसियां) चीन में कोविड के बाद सांस की एक नयी बीमारी से देशवासी हलकान हैं और इस बीमारी से ज्यादातर छोटे बच्चें प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 13, से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। मरीजों को अस्पतालों में जगह नहीं मिल रही है जबकि कुछ स्कूलों को बंद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), जिसने सरकार से रोग डेटा मांगा है, ने कहा कि कोई असामान्य या नए रोगजनकों का पता नहीं चला है।

इससे पूर्व की रिपोर्ट में कहा गया था, चीन एक बार फिर रहस्यमी फ्लू कारण सुर्खियों में है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 13,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। अस्पतालों में भर्ती होने के लिए लंबी वेटिंग है जबकि कुछ स्कूलों को बंद भी किया गया है। दिसंबर में सख्त कोविड-19 प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से चीन अपने पहले पूर्ण सर्दियों के मौसम में प्रवेश करते हुए श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि से जूझ रहा है। बच्चों में मामले विशेष रूप से बीजिंग और लियाओनिंग प्रांत जैसे उत्तरी क्षेत्रों में अधिक दिखाई दे रहे हैं जहां अस्पताल लंबे इंतजार की चेतावनी दे रहे हैं।

बीजिंग के एविएशन जनरल अस्पताल में रोजाना 550 से 650 मामले आ रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत अधिक है। राजधानी बीजिंग से करीब 100



किलोमीटर दूर स्थित तियानजिन शहर के चिल्ड्रेन अस्पताल के निदेशक लियु वेई ने गुरुवार को कहा, हमारे दो कैंपस में पिछले 24 घंटों के दौरान 13,171 बच्चों को भर्ती कराया गया है। स्टेट काउंसिल ने कहा कि इस सर्दी और वसंत में इन्फ्लूएंजा चरम पर होगा और भविष्य में कुछ क्षेत्रों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया का संक्रमण अधिक रहेगा। इसने कोविड संक्रमण के फिर से बढ़ने के जोखिम के बारे में भी चेतावनी दी। स्टेट काउंसिल ने एक बयान में कहा, 'सभी इलाकों को संक्रामक रोगों पर सूचना रिपोर्टिंग को मजबूत करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जानकारी समय पर और सटीक तरीके से दी जाए।' स्थिति इस सप्ताह तब सुर्खियों में आई जब डब्ल्यूएचओ ने बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों पर प्रोग्राम फॉर मॉनिटरिंग इमर्जिंग डिजीज (प्रोएमईडी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन से अधिक जानकारी मांगी। चीन और डब्ल्यूएचओ दोनों को 2019 के अंत में केंद्रीय शहर वुहान में सामने आए शुरुआती कोविड-19 मामलों पर रिपोर्टिंग की पारदर्शिता के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा था। गुरुवार को डब्ल्यूएचओ ने कहा कि चीन ने उसके अनुरोध का जवाब दिया है और उसके द्वारा प्रदान किए गए डेटा से पता चलता है कि ये मामले माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे ज्ञात रोगजनकों के प्रसार के साथ-साथ कोविड प्रतिबंधों को हटाने से जुड़े थे, जो मई से प्रसारित एक सामान्य जीवाणु संक्रमण है जो आमतौर पर बच्चों को प्रभावित करता है।

## दुनिया को जानें

### प्रवासियों को रोकने के लिए पोलैंड ने स्लोवाकिया के साथ सीमा नियंत्रण बढ़ाया

वारसॉ, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। पोलैंड ने स्लोवाकिया के साथ लगी सीमा पर नियंत्रण 11 दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। देश के गृह मंत्रालय ने ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पर मिनी-वैन, वैन, यात्री वाहन और कोच की जांच की जाएगी। अवैध प्रवासियों को ले जाने के संदेह में इनकी जांच होगी। मूल रूप से शेंगेन बॉर्डर्स कोड के तहत 4 अक्टूबर को लागू किए गए इन नियंत्रणों का मकसद स्लोवाकिया से पोलैंड में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को आने से रोकना है। शुरुआत में इसे 10 दिनों के लिए लागू किया गया था, बाद में चेक को अतिरिक्त 20 दिनों के लिए 2 नवंबर तक बढ़ा दिया गया और बाद में 22 नवंबर तक बढ़ा दिया गया। नए विनियमन के अनुसार, स्लोवाकिया के साथ सीमा विभिन्न सड़क क्रॉसिंग, तीन रेल क्रॉसिंग और दो पैदल यात्री क्रॉसिंग पहुंचने योग्य बनी हुई है। कुछ क्रॉसिंग जो पहले पैदल यात्रियों के लिए आरक्षित थे, अब यात्री वाहनों के लिए खुले हैं। पोलैंड और स्लोवाकिया 541 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं।

# खेल जगत

## जोकोविच का शानदार खेल, सर्बिया अंतिम चार में

**मलागा** 24 नवंबर (एजेंसियां) दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की बदौलत सर्बिया ने गुरुवार को डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-4,6-4 से हराया। सर्बिया ने पिछले तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफानइल में सर्बिया का मुकाबला सोमवार को इटली से होगा। जोकोविच की यह डेविस कप में रिकॉर्ड 44वीं जीत थी। उधर, इटली ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे सत्र में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने कहा, देश के लिए खेलना हमेशा सबसे अधिक दबाव और प्रेरणा भरा होता है। लंबे सत्र के बाद हम पैरों में थकान महसूस कर सकते हैं। अब हमें इटली ने खेलना है। वे काफी मजबूत टीम हैं। हम कड़ी टक्कर देंगे।



# मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था : सूर्यकुमार

- जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं
- हमारे गेंदबाजों ने आखिर में हमारी मैच में वापसी कराई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य कुमार ने विस्फोटक 80 रन की तूफानी खेल कर बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में फिनिशर रिंकू सिंह के मिलकर दो विकेट से जीत दिला बीते रविवार को सम्पन्न आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के औसत से भी कम प्रदर्शन की निराशा को भुला दिया। भारत के कप्तान सूर्य कुमार ने कप्तानी के बोझ की बाबत कहा, % मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था। मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं चाहे मैं 10 गेंदें खेलूं या 40 गेंदे। शुरू के दस ओवर में हमारे लिए स्थिति एक दम बढिया थी हमें अंतिम 60 गेंदों में जीत के लिए मात्र 103 बनाने थे। इस तरह की स्थिति आईपीएल में हर दूसरे मैच में आती है। मेरा मानना था जब हम बाद में बल्लेबाजी करने जाएंगे तो ओस पड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं जानता था कि विशाखापट्टनम का मैदान छोटा है और पिच बाद में बल्लेबाजी के लिए बेहतर होती जाएगी। जिस तरह हमारे लड़कों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखाई उससे बहुत खुश हूं। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने हम पर दबाव बनाया लेकिन जिस तरह हमारी टीम में हर किसी ने मैच में वापसी की वह शानदार थी, जहां तक कप्तानी का की बात तो मेरे लिए भारत को जिताना गौरव का क्षण था। जब भी आप क्रिकेट खेलते हैं तो भारत के लिए खेलने की बाबत सोचते है। हमने एक समय सोचा था कि हमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करना होगा लेकिन आखिर में हमारे गेंदबाजों ने हमारी मैच में वापसी कराई। हम मैच में सकारात्मक रहना चाहते थे। रही बात बल्लेबाजी की तो हम खुलकर कर खेल इसका पूरा लुत्फ उठाना चाहते थे। मैंने इशान किशन से बस यही कहा कि बस अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे, लक्ष्य की बाबत न सोचे। शुरू के दस ओवरों के बाद हालात एकदम हमारे माफिक थे। हम जानते थे कि बाद में क्या हो सकता है। जिस तरह लड़कों ने संयम दिखाया वह शानदार था। रिंकू के लिए यह स्थिति उनके मनमाफिक थी। उनके धैर्य ने मुझे एकदम सहज कर दिया। रही बात मुकेश कुमार के पारी के आखिरी ओवर की तो 16 वें ओवर के बाद हमारे तीनों गेंदबाज ने जिस तरह हमारी वापसी कराई वह शानदार थी।'

ऑस्ट्रेलिया के लिए तूफानी शतक जडने् वाले जोश इंग्लिश ने मैच के बाद सूर्य कुमार यादव की पारी की तारीफ करते हुए कहा, %सूर्य ने वही किया जैसा वह अमूमन करते हैं।

सच तो यह है कि भारत की बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पर पहले टी-20 मैच की जीत ने मेजबान टीम के क्रिकेट प्रेमियों को ऑस्ट्रेलिया के हाथों बीते रविवार को वन डे विश्व कप में फाइनल की इकलौती हार के साथ खिताब चूकने का दर्द जरूर कुछ कम दिया। सूर्य ने वन डे विश्व कप में फाइनल सहित कुल सात मैच खेले और इनमें वह इंग्लैंड को छोड़ कर बाकी छह में 25 रन के पार नहीं पहुंच पाए। >

जोश इंग्लिश (110) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (52) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 130 रन की भागीदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 208 रन बनाए। बृहस्पतिवार को जब सूर्य बल्लेबाजी के लिए उतरे तब भारत ने शुरू के पांच ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (0) और यशस्वी जायसवाल (21 रन) के रूप में दो विकेट 22 रन पर खो दिए थे। सूर्य (80 रन, 42 गेंद, 4 छक्के, 9 चौके) पहले इशान किशन (58 रन, 39 गेंद, पांच छक्के , दो चौके)के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 और फिर पांचवें विकेट के लिए फिनिशिर रिंकू सिंह(अविजित 22 रन, 14 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी करने के बाद जब पारी के 18 वें ओवर में जेसन बेहरनडर्फ की गेंद को उड़ाने के फेर में हार्डी को कैच थमा पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौट तो तब भारत का स्कोर पांच विकेट पर 194 था। भारत ने अंतिम के मैच और स्यां एबट के अंतिम ओवर में उनकी तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल(0) का , चौथी गेंद पर रवि बिश्नोई (0) और पांचवीं पर अर्शदीप के रूप में तीन गेंद पर तीन विकेट खोए अगली गेंद पर हालांकि रिंकू सिंह ने छक्का जड़ा, लेकिन इसे छक्का नहीं माना गया क्योंकि यह नो बॉल थी और भारत ने एक गेंद के बाकी आठ विकेट पर 209 रन बना मैच जीत लिया।

# कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन



> एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके : आर अश्विन

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूट गया है और इसके लिये भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को जिम्मेदार मानते हैं। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो 'विश्व कप 2023: ए रिफ्लेक्शन' में अश्विन ने फाइनल मुकाबले में पैट कमिंस की प्रतिभा का विश्लेषण किया और उनके जादू को 'गेम-ब्रेकिंग' घटना के रूप में संदर्भित किया। टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कमिंस ने अपने कोटे के पूरे 10 ओवर फेंके और सिर्फ 34 रन दिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर (4) और इन-फॉर्म विराट कोहली (54) के दो बड़े विकेट भी लिए।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने 10 ओवर पूरे करने वाले सभी गेंदबाजों में कमिंस ने 3.40 के स्ट्राइक रेट पर सबसे किफायती स्पैल फेंका जिसके बाद एडम ज़म्पा (4.40), मिशेल स्टार्क (5.50) और जोश हेज़लवुड (6.00) थे। अश्विन ने कमिंस के मास्टरमाइंड की गहराई से पड़ताल की और बताया कि क्यों भारतीय बल्लेबाजों को उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण लगता था। अश्विन ने कहा, एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके।

अश्विन ने जोर देकर कहा, ' कमिंस ने पूरे 10 ओवर के स्पैल में स्टंप लाइन की ओर छह मीटर के दायरे में केवल तीन गेंदें फेंकी । उनकी स्टंप लाइन पर पांच क्षेत्ररक्षक स्क्वायर लेग, मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, मिड-ऑन और लॉन्ग लेग पर थे। गौरतलब है कि भारत को 240 रन पर आउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के प्लेयर ऑफ द मैच 137 रन और मार्नस लाबुशेन के नाबाद 58 रन की बदौलत 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# चाइना मास्टर्स में चिराग-सात्विक की जोड़ी सेमीफाइनल में




- इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया
- सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना सेमीफाइलन में चीनी जोड़ी से होगा
- क्वाटर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को हराया था

**शेनझेन (चीन),** 24 नवंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डैनियल मार्थिन पर शुक्रवार को सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 13 इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 के स्कोर के साथ हराया। सात्विक और चिराग का सामना अब दो चीनी जोड़ियों - हे जी टिंग और रेन जियांग यू और आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओउ जुआन यी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले टूर्नामेंट में यह जोड़ी जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को 21-15, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

पूर्व विश्व नंबर 1 भारतीय संयोजन ने नियमित रूप से स्थान बदलकर और अपने तीखे हमले के साथ उत्कृष्ट समन्वय प्रदर्शित किया, जिससे इंडोनेशिया के उनके प्रतिद्वंद्वियों के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जो दबाव में कमजोर हो गए थे।

दोनों साझेदारों ने मैच को बराबरी की शुरुआत दिलाने के लिए जी जान से संघर्ष किया। हालाँकि, आक्रामक शॉट्स की बौछार के साथ खेल पर तुरंत नियंत्रण हासिल करने के बाद भारतीय संयोजन से 14-14 से बराबरी कर ली।

चिराग के कुछ समझदारी भरे फैसलों की बदौलत वे जल्द ही 19-16 से आगे हो गए और मुंबईकर ने फिर तेजी से वापसी के साथ मैच को समाप्त करने की सेवा के बाद फ्रंट कोर्ट में आकर एक बार फिर अपना आक्रामक इरादा दिखाया। आधे समय में, भारतीयों ने जोरदार प्रहारों की बदौलत 11-6 की बढ़त बना ली।

भारतीय शुरू से ही अडिग थे और इंडोनेशियाई उनके आक्रमण का मुकाबला करने में असमर्थ थे। दोनों तेजी से 17-10 तक आगे बढ़े। इसके बाद, मार्थिन ने एक पिनपॉइंट स्मैश बनाया और मैच की सबसे लंबी रैली - 48 शॉट - शुरू की।

भारतीयों ने भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत तीन अंकों की बढ़त ले ली और मार्थिन ने नेट पर जाकर उन्हें सात मैच प्वाइंट हासिल करने में मदद की। एक को बर्बाद करने के बाद, सात्विक और चिराग ने एक वीडियो रेफरल जीता और अपना अंतिम चार में स्थान सुरक्षित कर लिया।

# विश्वकप के दौरान किया गया अभ्यास टी2 मुकाबले में काम आया : इशान

**विशाखापत्तनम,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ शतकीय साझीदारी निभाने वाले इशान किशन ने कहा कि विश्वकप के दौरान नेट पर कड़े अभ्यास का नतीजा है कि वह अपने बल्लेबाजी को निखार सके जो आखिरकार कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ जीत में मददगार साबित हुआ।

भारत ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 श्रखंला के पहले मैच में दो विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इशान ने कहा यह सच है कि मुझे शुरुआती मैचों के बाद विश्व कप में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला मगर इस दौरान मैने नेट में कड़ा अभ्यास किया और बल्लेबाजी में की जा रही गल्तियों में सुधार किया। इसका नतीजा है कि आज मै अपने कप्तान के साथ बड़ी साझीदारी बनाने में सफल रहा।

आस्ट्रेलियाई स्पिनर तनवीर संघा की पिटाई के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि ''लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने मात्र 39 गेंदों में 58 रन बनाये थे। उन्होने सूर्यकुमार (80) के साथ मिल कर शतकीय साझीदारी निभायी जिसकी बदौलत भारत ने 209 रन के लक्ष्य को रोमांचक मुकाबले में हासिल कर श्रृखंला को 1-0 कर दिया। इशान ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला हमेशा से तनाव भरा होता है मगर कल का दिन हमारा था जिसमें हम सफल भी हुये हैं ।

> 'लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया: इशान किशन



## सूर्यकुमार को अगले छह महीने तक बस टी20 खेलना चाहिए : आकाश चोपड़ा

**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये। भारत ने गुरुवार को पहले टी20आई में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20आई में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की ज़रूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फ़ोटकता से वाकिफ़ हैं और उनके लिए अलग तरह की फ़ील्ड लगाते हैं। उन्होने कहा मेरे नजरिए में, यह जरूरी नहीं है कि तीनों ही प्रारूपों में खिलाड़ी हिस्सा हों। सूर्या टी20 क्रिकेटर बन सकते हैं। अगले छह महीनों के लिए उनको टी20 क्रिकेट पर छोड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि तीनों प्रारूपों में उन्हें चाहने की वजह से हम एक टी20 रॉकस्टार खो दें। आकाश ने मुकेश कुमार के अहम 20वें ओवर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुकेश का आख़िरी ओवर शानदार था। उन्होंने इस ओवर में केवल पांच ही रन दिए, जिसमें एक नो बॉल भी थी। लेकिन उनकी सटीक यॉर्कर ने बल्लेबाज़ों को बांधे रखा। अगर वह इस ओवर में 15 रन तक दे देते तो भारत को 220 रन चेज़ करने होते और यह और भी मुश्किल हो जाता।

## सार संक्षेप

### एक दिवसीय विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाए कीर्तिमान

**मुबंई।** आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 223 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,25,37 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 215 विश्व कप के 1`,16,42 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया। डिज़्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्यूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) के आंकड़ों के अनुसार, टीवी पर कुल ख़पत 422 (अरब मिनट थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ विश्व कप फ़ाइनल टीवी पर 3 करोड़ लोगों ने देखा, जो 13 करोड़ अधिक था, जिससे डिज्नी स्टार के मुताबिक यह सबसे अधिक टीवी पर देखा जाने वाला क्रिकेट मैच बना। फ़ाइनल में डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड भी टूटा। डिज़्नी + हॉटस्टार पर 5.9 करोड़ व्यूअरशिप मिली जो सबसे बड़ा लाइव स्पोर्ट्स इवेंट बन गया।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का दल होगा सबसे बड़ा

**नई दिल्ली।** पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 14 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआई की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है। मलिक शॉट पुट में पैरालिंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में 135 से अधिक पैरा एथलीट दिसंबर में राजधानी में उतरेंगे। हरियाणा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 242 पैरा एथलीटों के साथ सबसे बड़ा दल देखेगा, जबकि राजस्थान 14 पैरा एथलीटों का एक मजबूत दल भेजेगा और उत्तर प्रदेश 125 का दल भेजेगा। गुजरात में 1` पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि मेजबान शहर दिल्ली के 97 एथलीट जोर आजमाइश करेंगे। दिलचस्प है कि महिला वर्ग में 442 एथलीट मैदान में उतरेंगे।

# पाकिस्तान की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

**सिडनी,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है।

विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है।

मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।

चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं।



पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी।

> यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं : इयान चैपल

इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं।

चैपल ने कहा, इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं। स्टार्क, कमिंस, हेज़लवुड, ये लोग उस अतिरिक्त उछाल से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## लॉरा वोल्वार्ट सभी प्रारूपों में द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

**जोहान्सबर्ग,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी। जिसमें युवा खिलाड़ी अयंदा ह्लुबी और एलिज़-मारी मार्क्स शामिल हैं, जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित कर रहे हैं। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लॉरा वोल्वार्ट का आधिकारिक कप्तान होना हमारी उत्तराधिकार योजना के लिए अच्छा संकेत है। इससे युवा खिलाड़ियों को मौका देने में टीम में मौजूद उत्साह में भी मदद मिलेगी और इसलिए हम इस आगामी दौरे में उन्हें अपना हाथ बढ़ाते और प्रभावशाली प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, नए सीज़न की शुरुआत में घरेलू और उभरते स्तर पर कुछ ठोस प्रदर्शन करने के बाद, सर्दियों के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद ऑलराउंडर एनेरी डर्कसेन राष्ट्रीय टीम में लौट आईं।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## 'भारत में बढ़ रहे हैं गेमिंग के क्षेत्र में आय और करियर के मौके'

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में ईस्पोर्ट्स इंडस्ट्री में हो रही प्रगति ने देश के गेमर्स को बहुत फायदा पहुंचाया है। अब उनके पास इस इंडस्ट्री में करियर के अवसर बढ़े हैं और उन्हें ज्यादा आय पाने का मौका भी मिल रहा है।

एचपी इंडिया गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2023 में यह बात सामने आई है। इस अध्ययन में 15 शहरों के 3,000 गेमर्स को शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि आनंद और सुकून के साथ-साथ गेमर्स अब गेमिंग की मदद से पैसा और पहचान भी कमा रहे हैं। इस अध्ययन में पहली बार 500 अभिभावकों को भी शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि पिछले कुछ साल में भारत में गेमिंग को लेकर माता-पिता की सोच में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

एचपी इंडिया मार्केट की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा पीसी गेमिंग देश बनकर सामने आया है। इस विकास के साथ कदम मिलाते हुए हम लगातार इनोवेशन एवं अत्याधुनिक टूल्स की मदद से गेमर्स को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अध्ययन से हमें गेमिंग की दुनिया को गहराई से समझने का मौका मिला है और गेमर्स के उत्साह एवं उनकी महत्वाकांक्षा की तस्वीर भी सामने आई है।



रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2022 की तुलना में इस साल गेमिंग से आय बढ़ी है। अध्ययन में हिस्सा लेने वाले करीब आधे सीरियस गेमर्स ने बताया कि गेमिंग से उन्हें सालाना 6 से 12 लाख रुपये तक की कमाई हो रही है। स्पॉन्सरशिप और ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट आय का उल्लेखनीय स्रोत बनकर सामने आए हैं, जिससे गेमिंग कम्युनिटी की बढ़ती महत्ता भी सामने आ रही है।

भारत में गेमिंग इंडस्ट्री गेमर्स को कई करियर विकल्पों में हाथ आजमाने का मौका भी दे रही है। अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि गेमर होने के अलावा भविष्य में वे इन्फ्लूएंसर के रूप में या ईस्पोर्ट्स मैनेजमेंट में करियर पर भी नजर बनाए हुए हैं।

कंपनी के वरिष्ठ निदेशक ( पर्सनल सिस्टम्स) विक्रम बेदी ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि ईस्पोर्ट्स इंडस्ट्री बढ़ रही है और इससे गेमर्स को कई तरह के करियर के विकल्प भी मिल रहे हैं। हमें विश्वास है कि भारतीय युवाओं में न केवल देश को ग्लोबल ईस्पोर्ट्स एरेना बनाने की क्षमता है, बल्कि वे इस इंडस्ट्री में उद्यमिता के अवसर भी सृजित कर सकते हैं। एचपी में हम एचपी गेमिंग गैराज जैसी पहल के माध्यम से उनके विकास में मदद कर रहे हैं और नए गेमर्स को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अध्ययन में सामने आया है कि भारत में गेमिंग को लेकर माता-पिता के नजरिये में भी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अध्ययन में शामिल 42 प्रतिशत अभिभावकों ने गेमिंग को शौक के रूप में स्वीकृति दी। 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि पिछले कुछ साल में गेमिंग को लेकर उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसा विशेष रूप से इस इंडस्ट्री में हो रही प्रगति के कारण हुआ है।

## मेड-इन-इंडिया मदरबोर्ड के साथ सरकारी डेस्कटॉप टेंडरों के लिए मजबूत कदम उठाएगी लेनोवो इंडिया

**पुडुचेरी,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। पर्सनल कंप्यूटर (पीसी), लैपटॉप निर्माता 1.9 बिलियन डॉलर के राजस्व वाले लेनोवो इंडिया ने शुक्रवार को स्थानीय रूप से प्राप्त मदरबोर्ड के साथ अपना डेस्कटॉप लॉन्च किया, जो बदले में सरकारी आपूर्ति के लिए बोली लगाने में एक मजबूत पिच देगा। अधिकारियों ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों द्वारा आयोजित ऑनलाइन क्लास के चलते कोविड-19 अवधि के दौरान उछाल के बाद भारत में लैपटॉप की मांग अब स्थिर हो गई है। लेनोवो इंडिया यहां अपने 14 लाख यूनिट वाले प्लांट में डेस्क टॉप, लैपटॉप बनाती है। मुख्य परिचालन अधिकारी सौरभ अग्रवाल के अनुसार, मेड-इन-इंडिया मदरबोर्ड के साथ डेस्कटॉप का उत्पादन मशीन को भारत सरकार की प्रेफेरेंटीएल मार्केट एक्सेस (पीएमए) पॉलिसी के अनुरूप बनाता है।

कंपनी ने कहा, हाल ही में आईटी हार्डवेयर योजना के लिए पीएलआई 2.0 (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) के तहत 27 कंपनियों को मंजूरी की घोषणा के साथ, लेनोवो इंडिया को पीसी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला है और इससे भारत की मेक इन इंडिया पहल में योगदान मिलेगा।




लेनोवो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वाणिज्यिक खंड का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा डेस्कटॉप का है, जो एक बड़ी संख्या है और लैपटॉप की बढ़ती बिक्री डेस्कटॉप बाजार पर ज्यादा असर नहीं डालेगी। अग्रवाल के अनुसार, यहां लेनोवो इंडिया के प्लांट में 70 प्रतिशत उत्पादन डेस्कटॉप और शेष लैपटॉप और अन्य द्वारा होता है। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी का पुडुचेरी संयंत्र लगभग 45 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रहा है।

पिछले साल प्लांट ने लगभग 7.4 लाख यूनिट का उत्पादन किया था और चालू वर्ष का उत्पादन लक्ष्य दस लाख यूनिट है। हर 24 सेकंड में, एक उत्पाद, डेस्कटॉप या लैपटॉप यहां असेंबली लाइन से बाहर निकलता है। हालांकि, अग्रवाल ने संख्याओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। लेनोवो इंडिया अपने मोबाइल फोन और टैब का निर्माण दो अनुबंध विनिर्माण स्थानों पर करता है।

## स्मार्टफोन पर भोजन और किराने की डिलीवरी, डिजिटल भुगतान भारतीयों की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में एक औसत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अब सात मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहा है, इसमें डिजिटल भुगतान, भोजन और किराने की डिलीवरी पसंदीदा सेवाओं की सूची में सबसे ऊपर है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को सामने आई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, सुविधा भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनकर उभरी है, इससे मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग में वृद्धि हुई है।

सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने कहा, उपभोक्ता हर खरीदारी में तीन चीजों की मांग करते हैं- विश्वसनीयता, भरोसा, सुविधा। अल्फा ब्रांड्स ब्रांड के उपयोगकर्ताओं, प्रमुख निर्णय निर्माताओं, नेट प्रमोटर स्कोर (एनपीएस) स्कोर, संतुष्टि के स्तर और समग्र ब्रांड ट्रस्ट भागफल सहित प्रमुख घटकों में उनके प्रदर्शन के आधार पर आए हैं। सीएमआर में उद्योग परामर्श समूह की वरिष्ठ प्रबंधक सुगंधा श्रीवास्तव ने कहा, विश्वास के साथ जुड़ी सुविधा सिर्फ एक जीत का फॉर्मूला नहीं है; यह आधुनिक व्यवसायों की जीवन रेखा है। श्रीवास्तव ने कहा, मोबाइल ऐप-आधारित ब्रांडों ने कहानी को फिर से लिखा है, उपभोक्ताओं के उत्पादों और सेवाओं को देखने और उनके साथ बातचीत करने के तरीके को नया आकार दिया है।

## पंजाब, अरुणाचल, असम में सड़कों के लिए 27 करोड़ की मंजूरी : गडकरी

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब, अरुणाचल प्रदेश तथा असम में राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने के लिए करीब 2700 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है।

श्री गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-913 के जिदो-सिंघा खंड तक फैली हार्ड शोल्डर वाली करीब 47 किलोमीटर लंबी ग्रीनफील्ड इंटरमीडिएट लेन रोड के निर्माण के लिए 740.11 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गई है और इसका निर्माण इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण-ईपीसी मोड के तहत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसी के तरह से असम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-17 को 4-लेन बनाने के लिए 1338.61 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गई है। यह सड़क चापर बाईपास से पहले



मोवतारी के पास से बिलासीपारा-गुवाहाटी कॉरिडोर के तुलुंगिया खंड तक है। करीब 26 किमी इस सड़क सुधार का उद्देश्य बिलासीपारा और तुलुंगिया के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के जरिए पश्चिमी असम और निचले असम तक बेहतर यातायात सुविधा प्रदान की जा सकेगी और मेघालय तथा पश्चिम बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों के साथ इसके निर्माण से कनेक्टिविटी बेहतर हो सकेगी।

श्री गडकरी ने कहा, अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में स्थित यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्ग भारत-चीन सीमा पर निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा तथा इससे अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी और आर्थिक विकास को गति मिल सकेगी।''

उन्होंने कहा कि पंजाब में राष्ट्रीय राजमार्ग 354 के साथ 4-लेन बाईपास के निर्माण के लिए 539.37 करोड़ के आवंटन को मंजूरी दी गई है। इस लेन पर कुल 17.19 किमी लम्बी सड़क को विकसित किया जाना है और इसका निर्माण भी ईपीसी मोड पर किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण का उद्देश्य फिरोजपुर शहर में भीड़भाड़ को कम करना और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के निर्बाध, सुरक्षित तथा सुविधाजनक बनाना है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.8 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.8 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 59.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 526.4 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### रुपया चार पैसे गिरा

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया चार पैसे गिरकर 83.39 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.35 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया छह पैसे बढ़कर 83.33 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.32 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 83.39 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी तरह पर बंद भी हुआ।

### डेटा टेक फर्म टीमैक्स एडब्ल्यूएस सम्मेलन में नए प्रोडक्ट्स का अनावरण करेगी

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई डेटा प्रौद्योगिकी कंपनी टीमैक्स ग्रुप ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले सप्ताह अमेज़ॅन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) क्लाउड सम्मेलन में अपने नए उत्पादों का अनावरण करेगी। अधिकारियों के अनुसार, कंपनी की डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली से संबद्ध टीमैक्स टीबेरो कंपनी टीमैक्स डीबीएएस का प्रदर्शन करेगी और कंपनी की क्लाउड सेवा शाखा टीमैक्स क्लाउड टीमैक्स सीएलएएस पेश करेगी। इवेंट लास वेगस में पांच दिनों तक चलेगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, डीबीएएस का मतलब डीबी ऑल सर्विसेज है। यह पूरी तरह से प्रबंधित डेटाबेस सेवा प्रदान करेगा, और सीएलएएस का मतलब क्लाउड ऑल सर्विसेज है, जो क्लाउड नेटिव वातावरण के निर्माण और प्रबंधन के लिए क्लाउड सेवा का संदर्भ देता है। अधिकारियों ने बताया कि ये दोनों उत्पाद भविष्य में जारी होने वाले टीएमएक्स के ऑल-इन-वन सुपर एप्लिकेशन की नींव बनेंगे। इवेंट के दौरान टीमैक्स अपने वैश्विक व्यवसाय के विस्तार के प्रयासों के तहत एडब्ल्यूएस के साथ एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने की भी योजना बना रहा है।

## सेंसेक्स निफ्टी फिसले

**मुंबई** 24 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी, तेल एवं गैस और टेक समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गिर गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 47.77 अंक टूटकर 65970.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.30 अंक फिसलकर 19794.70 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत चढ़कर 33,610.39 अंक और स्मॉलकैप 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,807.29 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3814 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में बिकवाली जबकि 1805 में लिवाली हुई वहीं 137 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई के नौ समूह नुकसान में रहे। इस दौरान सीडी 0.05, ऊर्जा 0.22, एफएमसीजी 0.49, आईटी 0.88, दूरसंचार 0.25, ऑटो 0.03, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.36, तेल एवं गैस 0.42 और टेक समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 1.96 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.68 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.10 और जापान का निक्केई 0.52 प्रतिशत मजबूत रहा।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 18 अंक फिसलकर 66,000.29 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,101.64 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,894.05 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 66,017.81 अंक के मुकाबले 0.07 प्रतिशत उतरकर 65970.04 अंक पर रहा।

वहीं, निफ्टी आठ अंक बढ़कर 19,809.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,832.85 अंक के उच्चतम जबकि 19,768.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,802.00 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत फिसलकर 19,794.70 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही प्रमुख कंपनियों में एचसीएल टेक 1.55, विप्रो 1.54, टीसीएस 1.46, टेक महिंद्रा 0.98, टाटा मोटर्स 0.91, इंफोसिस 0.88, भारती एयरटेल 0.74, टाटा स्टील 0.63, आईटीसी 0.57, सन फार्मा 0.45, मारुति 0.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.22, पावर ग्रिड 0.14 और रिलायंस 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 0.91, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.68, आईसीआईसीआई बैंक 0.61, एनटीपीसी 0.47, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.44, कोटक बैंक 0.38, एशियन पेंट 0.25, एलटी 0.21 और एसबीआई ने 0.06 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## न्यू इंडिया एश्योरेंस का स्टॉक 17 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। पीएसयू बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस में शुक्रवार को 17 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई। न्यू इंडिया एश्योरेंस 17 प्रतिशत बढ़कर 24 रुपये पर है। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) बीएसई पर 12 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 297 रुपये पर है। दोनों स्टॉक 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम 7 प्रतिशत बढ़कर 662 रुपये पर है। जीआईसी ने कहा कि रेटिंग एजेंसी ने मौजूदा रेटिंग की फिर से पुष्टि की है और इसके अलावा जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को इंडिया नेशनल स्केल रेटिंग (एनएसआर) दी है। न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की सीएमडी नीरजा कपूर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 224 की दूसरी तिमाही कंपनी के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण तिमाहियों में से एक थी। तिमाही के दौरान बाढ़ के कारण कंपनी को कुल 31 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। लगभग 5 करोड़ के विमानन पोर्टफोलियो में प्रतिकूल विकास हुआ। कपूर ने कहा कि विदेशी परिचालन भी दबाव में आ गया क्योंकि दुबई परिचालन में जोखिम घाटे और यूके परिचालन में सीएटी घाटे के कारण तिमाही के दौरान उन्हें लगभग 71 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कई घटनाओं ने तिमाही के परिणामों को प्रभावित किया, मोटर और स्वास्थ्य पोर्टफोलियो ने वृद्धि दर्ज की। आगे चलकर इन लाइनों की लाभप्रदता में सुधार होना चाहिए। एजेंसी चैनल भी अच्छी गति से बढ़ने लगा है। कपूर ने कहा कि कंपनी को आगामी तिमाहियों में बेहतर नतीजे आने की उम्मीद है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 48 रिंगिट फिसलकर 3780 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-



10800, अरहर दाल 9500-9600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## कैदियों की स्किल ट्रेनिंग के लिए मैक्स हेल्थकेयर की तिहाड़ जेल के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। मैक्स हेल्थकेयर ने आज देश के सबसे बड़े केंद्रीय कारागार तिहाड़ जेल के साथ साझेदारी में सतत आजीविका के लिए मैक्स स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। यह भारत में कॉर्पोरेट क्षेत्र की ओर से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए तिहाड़ जेल के साथ पहली और सबसे बड़ी साझेदारी है, जिसका उद्देश्य 1200 कैदियों के लिए सुधारों के सफर को आगे बढ़ाना है। इसका उद्देश्य तिहाड़ जेल में पुनर्वास कार्यक्रम को और मजबूती देना है, जिसमें शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और थेरेपी पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, ताकि अपराध की पुनरावृत्ति की दर को कम किया जा सके और समाज में कैदियों की सफल पुनर्वापसी को बढ़ावा दिया जा सके। यह कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम का पहला वर्ष है और आगामी वर्षों में उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे विकसित किया जाएगा, जहां इससे



स्थायी प्रभाव पड़ सके। मैक्स स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम मैक्स हेल्थकेयर की सीएसआर पहल का हिस्सा है और सरकार के स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप है। सभी संबंधित पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के तहत स्किल ट्रेनिंग के लिए जॉब रोल को 'फूड एंड बेवरेज स्टेवार्ड' के रूप में चिह्नित किया गया है। इस विकल्प को जॉब मार्केट के अवसर, ट्रेनिंग एडैप्टेशन की सुगमता और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के भीतर फिटमेंट से ताकत मिली है, जो फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल होने को आसान बनाता है। कार्यक्रम में जेल के ऐसे कैदी भाग लेंगे, जो छोटे अपराधों के लिए विचाराधीन कैदी हैं।

राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) लेवल 4 कोर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम की अवधि 340 घंटे होगी। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) इसके लिए सर्टिफाइंग एजेंसी के रूप में काम करेगा। टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल (टीएचएससी) के दिशानिर्देशों के अनुरूप ट्रेनिंग दी जाएगी। टीएचएससी द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ता उम्मीदवारों का मूल्यांकन करेंगे। सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी करने और सर्टिफिकेशन के बाद 1200 ट्रेनी के लिए प्लेसमेंट वर्कशॉप, मॉक इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को कैदियों के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर मिलेगा, जिससे प्रोग्राम के नतीजों को लेकर कैदियों का भरोसा बढ़ेगा। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अभय सोई ने कहा, हमें भारत में जेल के कैदियों के लिए अब तक के सबसे बड़े कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तिहाड़ जेल के साथ साझेदारी करने की खुशी है। हमें उम्मीद है कि इससे वे रिहाई के बाद बेहतर जीवन जीने में सक्षम होंगे और समाज को बेहतर, सुरक्षित बनाने में योगदान देंगे। मैक्स हेल्थकेयर अपने सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में वंचित समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

तिहाड़ जेल के महानिदेशक (जेल) संजय बेनीवाल ने कहा, भारत में अब तक के सबसे अनूठे और सबसे बड़े सुधार कार्यक्रमों में से एक में हमारे भागीदार के रूप में मैक्स हेल्थकेयर के जुड़ने की हमें खुशी है। हमने इस वर्ष फरवरी में इस कार्यक्रम 'प्रारंभ' की शुरुआत की थी और यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कार्यक्रम के लिए मूल्यांकन किए गए 94 प्रतिशत कैदियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# 70 किलो से अधिक प्लॉस्टिक जब्त, 57 हजार जुर्माना

## प्रतिबंधित प्लॉस्टिक रखने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई





### कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

**बिलासपुर**, 24 नवंबर ( देशबन्धु)। सिंगल यूज प्लॉस्टिक के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ दिया है। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आज निगम की टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक रखने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 70 किलो प्लॉस्टिक जब्त किया और जुर्माने के तौर पर 57800 हजार रूपये वसूल किए। आज सभी जोन में 81 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

प्रतिबंधित होने के बावजूद स्वच्छता तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लॉस्टिक का उपयोग अभी भी कुछ लोगों द्वारा छुपकर किया जा रहा है जिसके ख़िलाफ कार्रवाई करने के निर्देश निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत द्वारा निगम अधिकारियों को दिया गया । जिसके परिपालन में उपायुक्त राजेन्द्र पात्रे के नेतृत्व में बाजार विभाग, अतिक्रमण विभाग और जोन द्वारा शहर के अलग-अलग इलाकों में सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक रखने वाले दुकानों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई । कार्रवाई के दौरान निगम की टीम द्वारा व्यापारियों और आमजनों को प्लॉस्टिक के उपयोग की जगह कपड़े का थैला या जूट से बने थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। निगम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### कपड़े या जूट से बने थैला अपनाएं-कमिश्नर

निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत ने शहर के व्यापारियों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा की सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है,इसलिए प्लॉस्टिक की जगह कपड़े से निर्मित या जूट के थैले का प्रयोग करें और पर्यावरण को बचाएं तथा आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ्य भविष्य दें।

# पश्चिमी विक्षोभ से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। न्यायधानी का मौसम इन दिनों बार-बार बदल रहा है। गुरुवार को भी हल्की धुंध छाई रही, जिससे सुबह-सवेरे लोगों को ठिठुरने पर मजबूर होना पड़ा। दोपहर बाद मौसम के तेवर फिर गर्म हो गए, जिससे लोगों के पसीने छूटने लगे। तापमान में कोई खास परिवर्तन की संभावना अभी नहीं है।



मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा ने बताया कि मौसम अभी कुछ दिनों तक ऐसा ही बना रहेगा। इसके बाद तापमान में कमी आएगी और सर्दी का दायरा बढ़ेगा। दरअसल एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 65 डिग्री पूर्व तथा 30 डिग्री उत्तर में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है। परिणाम स्वरूप न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के चरम दक्षिण (बस्तर संभाग के) एक दो जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क करने की संभावना है। बिलासपुर में मौसम शुष्क बना रह सकता है।

मौसम के बदलने से मौसमी बीमारियां भी बढ़ने की संभावनाएं हैं. हालांकि देखा गया है कि अब मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है. चाहे वह गर्मी का मौसम हो या बरसात या ठंड. जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरी तरीके से मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है.

### ठंड से दिनचर्या प्रभावित

शहर की तुलना में ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्र में पेंड्रारोड में सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है, जिसने लोगों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया है। यहां लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। वहीं शहर में भी सुबह और शाम के वक्त ठंडी का असर महसूस होने लगता है। लेकिन मौसम के मिजाज कई बार गर्म भी हो रहे हैं, जो लोगों की सेहत को भी प्रभावित कर रहे हैं। यही वजह है कि अस्पताल में मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

### 25 को पश्चिमी विक्षोभ की एंट्री

मौसम विज्ञानी सिराज खान का कहना है कि 25 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में प्रवेश करेगा। जिसके कारण 27 और 28 को इसका छत्तीसगढ़ में प्रभाव नजर आ सकता है। इसी समय दक्षिण भारत में पूर्वी लहर का प्रभाव रहेगा। इसलिए दक्षिणी छत्तीसगढ तथा दक्षिणी विदर्भ में नमी के बने रहने से न्यूनतम तापमान में कुछ खास गिरावट दर्ज नहीं हो पाएगी। फिर एक दिसंबर से नमी में कमी आने के बाद न्यूनतम तापमान में कुछ गिरावट की संभावना है।

# हार्वेस्टर की चपेट में आने से धान कटाई करवा रहा किसान की मौके पर हुई मौत



**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मस्तूरी में एक किसान हार्वेस्टर से अपने खेत के धान की कटाई करवाते वक्त हार्वेस्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वही सूचना के बाद मौके पर मस्तूरी पुलिस पहुंच आगे की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मस्तूरी निवासी वीरेंद्र यादव पिता संतराम यादव उम्र 45 वर्ष दोपहर 2 बजे के आसपास नहर पार किनारे अपने खेत में धान की कटाई के लिए गए थे जो अपने पिता और अन्य परिजनों के साथ हार्वेस्टर आर. पीबी 57 ए 2810 से धान कटाई करवा रहे थे।

तभी धान कटाई करते हुए मोड़ने के लिए ड्राइवर हार्वेस्टर को पीछे कर रहा था जहाँ हार्वेस्टर के पिछले हिस्से से वह टकरा गए जिससे सर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई।

वही धान के कटे हुए पराली से मृतक पूरी तरह ढक गया था जिसको मृतक के पिता ने जानकारी होने पर पराली से ढूंढ कर निकाला और तत्काल उठाकर मस्तूरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ परीक्षण उपरांत डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद परिजनों ने मस्तूरी पुलिस को इसकी सूचना दी मस्तूरी पुलिस ने घटनाकारित हार्वेस्टर को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# छात्रवृत्ति के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर का सत्यापन जरूरी

**बिलासपुर**, 24 नवंबर ( देशबन्धु)। राज्य की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु संचालित ऑनलाईन पोर्टल में जरूरी बदलाव करते हुए आधार से लिंक मोबाईल नंबर की प्रविष्टि को अनिवार्य किया गया है। वर्तमान सत्र 223-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा।

इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित सभी शासकीय एव अशासकीय संस्थाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को ये सूचना दी गई है कि वे आधार नम्बर पर रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर आवेदन करते समय पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी पोर्टल पर दर्ज करने के बाद ही विद्यार्थियों का आवेदन लॉक होगा। जिसके बाद विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाईन स्वीकार किये जायेंगे।

# सड़क फूटपाथ पर कार बेचने वाले आटो डीलरों के खिलाफ कार्रवाई





### तीन कार जब्त,नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। सड़क और फूटपाथ पर कार पार्क कर अतिक्रमण करने वाले आटो डीलरों के खिलाफ आज नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई किया। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर व्यापार विहार में पांच आटोडीलरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क पर पार्क तीन कारों को जब्त किया और भविष्य में चारपहिया वाहनों को सड़क पर नहीं रखने की चेतावनी दी गई है।

शहर में पुराने कार की खरीदी बिक्री करने वाले आटो डीलर अक्सर बेचने के लिए रखें चारपहिया वाहनों को अवैध रूप से सड़क और फूटपाथ पर डिस्प्ले के तौर पर रखे रहते है। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। सड़क पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने आज निगम की टीम को ट्रैफिक पुलिस की मदद से कार्रवाई करने भेजा। जिससे व्यापार विहार के पांच डीलरों की गाड़ियों को हटाया गया है और चेतावनी दी गई है।

# पुरानी पेंशन योजना बहाल करो का आह्वान

### आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए किया गुप्त मतदान

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन व संयुक्त मोर्चा के पुरानी पेंशन योजना बहाल करो के आह्वान पर बिलासपुर जोन के तीनों मंडल बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए गुप्त मतदान किया गया। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा के नेतृत्व में 21 व 22 नवंबर को चलाए गए इस अभियान में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना मत अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में किया।

कर्मचारियों में नई पेंशन स्कीम के खिलाफ आक्रोश दिख रहा है। मतदान हड़ताल के पक्ष में शत-प्रतिशत कर्मचारियों ने मतपत्र पर हड़ताल के पक्ष में वोट किया। मालूम हो कि एक जनवरी 2004 से नियुक्ति पाने वाले सभी कर्मचारियों पर नई पेंशन स्कीम लागू की गई है। इसका कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। बिलासपुर मंडल के सभी कार्यालय के सामने यूनियन के पदाधिकारी की उपस्थिति में मतदान हुआ।

श्रमिक यूनियन के सभी शाखा अध्यक्ष, सचिव एवं केंद्रीय पदाधिकारी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के कार्य स्थल पर रेल कर्मचारी के बीच पहुंचकर गुप्त मतदान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम लागू नहीं करने की स्थिति में स्वेच्छा से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के निर्णय के पक्ष में मतदान किया। बिलासपुर मंडल शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रायगढ़ खरसिया, रनिंग शाखा, इंजीनियरिंग शाखा कार्मिक शाखा मैकेनिकल शाखा, विद्युत शाखा, लेखा विभाग, वाणिज्य, परिचालन शाखा रेल कर्मचारियों में बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हुए। यह जानकारी श्रमिक यूनियन के मंडल संयोजक सी नवीन कुमार ने दी।

# रेल्वे ने किया बुनियादी संरचना के विकास के नये क्षितिज का निर्माण

### आधारभूत संरचना के विकास के लिए अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-कलमना तीसरी लाइन एवं बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन जैसी महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर किए जा रहे है तेजी से कार्य





**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विगत वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी संरचना के विकास के क्षेत्र मे नये क्षितिज का निर्माण किया है । यात्री सुविधाओं की दृष्टि से स्टेशनों में फूट ओवर ब्रिज के निर्माण, रेल लाइनों को क्रास करने वाली सड़क मार्ग के यात्रियों के लिए रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज/ सब-वे आदि के निर्माण हो या अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नई रेल लाईन, दोहरीकरण, तीसरी लाईन एवं चौथी लाईन के निर्माण एवं आमान परिवर्तन जैसी अनेक महत्वपूर्ण बड़ी परियोजनाओं को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पूर्ण किया गया है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के अंतर्गत नई रेल लाईन, दोहरीकरण, तीसरी लाईन एवं चौथी लाईन के निर्माण परियोजना पर तेजी से कार्य किए जा रहे है । आधारभूत संरचनाओं के विकास से संबन्धित अनुपपुरङ्कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांवङ्ककलमना तीसरी लाइन एवं बिलासपुरङ्कझारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।

बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन परियोजना - इस परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के मध्य 206 कि.मी. चौथी लाइन का निर्माण लगभग 2100 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है । इस परियोजना के अंतर्गत अब तक ब्रजराजनगर-लजकुरा, चांपा-सारागांव, लजकुरा-बेलपहाड़, झाराडीह-खरसियां-राबर्ट्सन, हिमगीर-बेलपहाड़, ब्रजराजनगर-झारसुगुड़ा, गतौरा-जयरामनगर-लटिया एवं जामगा-हिमगिर स्टेशनों के मध्य लगभग 100 किलोमीटर से अधिक चौथी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है ।

राजनांदगांव - कलमना तीसरी लाइन परियोजना- इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव से कलमना, नागपुर के मध्य 228 कि.मी. तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 3544 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है । इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव-पनियाजोब, बोरतलाव-दारेकसा एवं गंगझरी-सालवा स्टेशनों के मध्य 140 कि.मी. तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है ।

अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना- इस परियोजना के अंतर्गत अनुपपुर से कटनी, के मध्य 165.52 कि.मी. तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है । इस परियोजना के अंतर्गत अमलाई-सिंघपुर एवं रुपौंद-न्यू कटनी के मध्य 45 कि.मी. तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है ।

इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षमता आवर्धन में वृद्धि होगी जिससे भविष्य में नई गाड़ियों का परिचालन किया जा सकेगा, इन खंडो में गतिशीलता में वृद्धि होगी, जिससे ट्रेनों की गति में वृद्धि के साथ साथ यात्री गाड़ियों का समयबद्ध परिचालन सुनिश्चित होगा ।

### रद्द की गई चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल को रिस्टोर कर चिरमिरी-अनूपपुर के मध्य चलाया जाएगा

**बिलासपुर,** 24 नवंबर ( देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु मंडल के चंदिया रोड स्टेशन में तीसरीकरण लाइन कमीशनिंग हेतु प्री एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरुप 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08269/08270 चिरमिरी-चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल को रद्द किए जाने की सूचना प्रसारित की गई थी।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इस गाड़ी को उपरोक्त अवधि में रिस्टोर करते हुये इसका परिचालन चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी स्टेशनों के मध्य करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त अवधि में ये गाड़ी चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी स्टेशनों के मध्य अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

### NECC

| 25.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188